खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, रविवार 25 मई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 133 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

तापमान
अधिकतम : $38^0$ C
न्यूनतम : $27^0$ C

सेंसेक्स 81,721.08
निफ्टी 24,853.15

सोना 98,900
चांदी 99,900






hello Summer

STAY COOL WITH LINEN

THE Raymond SHOP

92 B, Gaushala Road, New Mandi, Muzaffarnagar ✆9997365500




82B - Vakil Road, New Mandi, Muzaffarnagar - 251001
9311881390, 01313501425

7 Days Open

Shop online at www.manyavar.com • Call : 1800 120 000 500 (Toll Free) • Email : care@vedantfashions.com

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली कटौती पर झांसी के चीफ इंजीनियर को हटाया

**लखनऊ।** यूपी में बिजली कटौती और कर्मचारियों के आंदोलन को देखते हुए ऊर्जा मंत्री एके शर्मा शनिवार को शक्ति भवन में समीक्षा बैठक के दौरान बुंदेलखंड में बिजली कटौती पर भड़क गए और तत्काल झांसी के चीफ इंजीनियर को हटाने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बीते 21 व 22 मई को प्रदेश के विभिन्न जिलों में आंधी-तूफान के कारण बाधित हुई बिजली आपूर्ति को दुरुस्त करने के लिए सभी डिस्कॉम के एमडी और डायरेक्टर टेक्निकल को प्रभावित क्षेत्रों में खुद जाकर निरीक्षण करें और आपूर्ति को सही कराएं। सभी कांटिजेंसी प्लान बनाकर बिजली आपूर्ति में आ रही समस्या को दूर करें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बिजली से संबंधित शिकायतों को जल्द से जल्द दूर करने के लिए सभी डिस्कॉम, जोन और जिले स्तर पर 24 घंटे संचालित होने वाले कंट्रोल रूम को स्थापित करें।

### सपा सांसद बर्क को देना होगा 1.91 करोड़ जुर्माना

**संभल।** समाजवादी पार्टी के संभल से सांसद जिया उर रहमान बर्क पर बिजली विभाग ने 1.91 करोड़ का जुर्माना लगाया है और अब उन पर कोई विकल्प नहीं बचा है। ये जुर्माना सांसद के घर बिजली चोरी की जांच के बाद लगाया गया था। सांसद पर जुर्माने को लेकर संभल चर्चाएं जोरों पर हैं। बिजली विभाग संभल के अधिशासी अभियंता नवीन गौतम ने बताया कि संभल के सांसद जिया उर रहमान बर्क को अंतिम नोटिस भेजा गया है। अब उनके पास इसे भरने या अदालत का दरवाजा खटखटाने का विकल्प है। सांसद जिया उर रहमान को ये बिजली विभाग का नोटिस तब भेजा है, जब वो पहले से कई मामलों में फंसे हुए हैं। बिजली विभाग के मुताबिक पिछले साल 19 दिसम्बर को सांसद बर्क के आवास पर छापा मारा गया था। इस दौरान बिजली टीम को सांसद के आवास पर दो किलोवाट के दो कनेक्शन मिले, एक जिया उर रहमान के नाम और दूसरा उनके दादा पूर्व सांसद डा. शाफिकुर्रहमान बर्क के नाम, जबकि दोनों मीटर में खपत शून्य थी, जिसके बाद बिजली चोरी के शक में जांच हुई, तो उसमें चोरी पकड़ी गई।

### पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा, पहुंचे जेल

**बरेली।** यूपी के बरेली जिले में सोशल मीडिया पर देश विरोधी पोस्ट शेयर करने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इन युवकों ने इंस्टाग्राम पर पाकिस्तान जिंदाबाद और भड़काऊ पोस्ट और धमकी भरे वीडियो अपलोड किए थे। ये मामला तब सामने आया, जब इंस्टाग्राम पर वायरल हुए दो पोस्ट से पूरे इलाके में तनाव का माहौल बना दिया। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के सामने दोनों हाथ जोड़ते और मांफी मांगते दिखे। पहले युवक ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पाकिस्तान जिंदाबाद जैसी देश विरोधी टिप्पणी पोस्ट की थी। दूसरे युवक ने एक वीडियो अपलोड किया, जिसमें वह धारदार हथियार लहराते हुए नजर आ रहा है और जुबान काटने की धमकी दी थी।

## युवाओं का भविष्य हो रहा बर्बाद, यूपी सरकार बनाए नया कानून

# ऑनलाइन सट्टेबाजी, गेमिंग पर हाईकोर्ट नाराज

प्रयागराज, वार्ता



- अब सार्वजनिक जुआ अधिनियम 1867 प्रासंगिक नहीं
- उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन करें

**ऑनलाइन** गेमिंग, सट्टेबाजी जैसे वर्चुअली अपराधों पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चिंता जताई है। हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि ऑनलाइन गेमिंग, सट्टेबाजी जैसे वर्चुअली अपराधों को रोकने के लिए तत्काल प्रभावी कानून बनाए जाने की आवश्यकता है, क्योंकि, अब सार्वजनिक जुआ अधिनियम 1867 प्रासंगिक नहीं है।

यह आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने आगरा के इमरान खान व अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। कोर्ट ने इसकी विधायी व्यवस्था के लिए राज्य सरकार को आर्थिक सलाहकार प्रो. केवी राजू की अध्यक्षता में उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन करने और उस समिति में प्रमुख सचिव, राज्य कर के साथ विशेषज्ञों को भी शामिल करने का निर्देश दिया है। यह समिति वर्तमान स्थिति का आकलन करते हुए एक विधायी व्यवस्था बनाएगी। कोर्ट ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग, सट्टेबाजी जैसे वर्चुअली अपराधों पर लगाम के लिए फिलहाल कोई प्रभावी कानून नहीं है। सार्वजनिक जुआ अधिनियम 1867 औपनिवेशिक युग का कानून था, जो आज के दौर में प्रासंगिक नहीं रह गया है। वर्चुअली सट्टेबाजी या जुआ अब राज्य और राष्ट्र की सीमा से परे जा चुका है। सर्वर सिस्टम दुनिया की दूसरी सीमाओं में हैं, जिस पर कोई नियंत्रण नहीं है।

देश के किशोर और युवा आसानी से पैसे कमाने के चक्कर में इसकी चपेट में आ रहे हैं। इससे उनमें अवसाद, चिंता, अनिंद्रा के साथ सामाजिक विघटन की स्थिति बढ़ रही है। निम्न और मध्यम वर्ग ऑनलाइन गेम उपलब्ध कराने वाले प्लेटफार्म के झांसे में आकर आर्थिक नुकसान उठा रहे हैं। कोर्ट ने इन चुनौतियों से निपटने के लिए रजिस्ट्रार को आदेश की प्रति प्रदेश शासन के मुख्य सचिव को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है, ताकि कि इसका अनुपालन हो सके। बता दें कि याचियों के खिलाफ आगरा के मंटोला थाने में सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत तीन साल पहले प्राथमिकी दर्ज हुई थी। 27 दिसंबर 2022 को आरोप पत्र दाखिल होने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट ने याचियों को नोटिस जारी किया था। याचियों की ओर से याचिका दाखिल कर आपराधिक कार्रवाई को रद करने की मांग की गई थी। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ खेलने वालों के खिलाफ कोई प्रभावी कानून नहीं है। सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत अधिकतम दो हजार जुर्माना और 12 महीने तक की कैद का प्रावधान है. लेकिन, फैंटेसी स्पोर्ट्स, पोकर और ई-स्पोर्ट्स जैसे ऑनलाइन गेम्स को लेकर कानून अस्पष्ट है। बड़ी संख्या में युवा इसकी जद में आकर नुकसान उठा रहे हैं। भारत में ब्रिटिश सरकार द्वारा जुआ गतिविधियों को विनियमित करने और सार्वजनिक जुआ घरों को दबाने के लिए लागू किया गया औपनिवेशिक युग का कानून है। वर्ष 1867 में यह पर्याप्त था, लेकिन आज नगण्य है। यूके, अमेरिका सहित दुनिया के कई विकसित देशों ने प्रावधान बनाए हैं।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में अगली सुनवाई चार जुलाई को

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में दोनो पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद सुनवाई की अगली तारीख चार जुलाई निर्धारित की है। श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर का केस लड़ रहे दिनेश फलाहारी ने बताया कि मुगल शासक औरंगजेब द्वारा श्री कृष्ण जन्मस्थान पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की एकल बेंच ने दोनो पक्षों को सुनने के बाद सुनवाई की अगली तिथि चार जुलाई निश्चित की है।

### बिना दिमाग लगाए आदेश देने वाले अफसर को ट्रेनिंग कराए वित्त मंत्रालयः उच्च न्यायालय

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने ऋण वसूली अधिकरण(डीआरटी) लखनऊ से मामलों में बिना दिमाग लगाए समान आदेश पारित किए जाने का सख्त संज्ञान लिया है। न्यायालय ने केंद्रीय वित्त मंत्रालय को निर्देश दिया कि डीआरटी के ऐसे अफसर की ट्रेनिग कराने पर गौर करे जिससे डीआरटी का कार्य सुचारू रूप से चल सके। इसके लिए कोर्ट ने केंद्रीय वित्त मंत्रालय को इस आदेश की कॉपी भेजने का भी निर्देश दिया है। न्यायाधीश पंकज भाटिया की एकल पीठ ने यह आदेश विमला कश्यप समेत तीन याचियों की याचिका पर दिया। इसमें डीआरटी के इसी दो मई उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत याचियों को अंतरिम राहत देने की अर्जी खारिज कर दी गई थी। याचियों के अधिवक्ता का कहना था कि यद्यपि, अर्जी में अंतरिम राहत देने की वजहें बताई गाएं थी, इसके बावजूद इन्हें गलत तरीके से दर्ज करके डीआरटी ने अर्जी खारिज करने का अप्रत्याशित आदेश पारित कर दिया।

## भ्रष्टाचार के आरोपी दरोगा की बर्खास्तगी रद्द

प्रयागराज, वार्ता

- नोएडा में तैनात थे दरोगा प्रदीप कुमार गौतम हाईकोर्ट ने दी राहत

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दण्ड एवं अपील) नियमावली 1991 के नियम- 8 (2) (बी) के प्राविधानों के अन्तर्गत पर्याप्त साक्ष्य होने पर भी बगैर विभागीय कार्यवाही के बर्खास्तगी करना अवैध है।

कोर्ट ने कहा कि ऐसा करना नियम तथा कानून के विरुद्ध है। यह आदेश न्यायमूर्ति अजित कुमार ने वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम एवं अतिप्रिया गौतम की बहस सुनकर पारित किया है। मामले के अनुसार दरोगा प्रदीप कुमार गौतम, चौकी इंचार्ज, गोलचक्कर, थाना फेस-1, नोएडा, गौतमबुद्धनगर में उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत था। याची पर यह आरोप है कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था, जिसके अवलोकन से पाया गया कि वायरल वीडियो में एक व्यक्ति अपनी जेब में हाथ डालता है और पास में खड़े उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार गौतम चौकी प्रभारी गोलचक्कर, थाना फेस-1, नोएडा को कुछ रुपये पकड़ाता है। आरोप लगाया गया है कि उक्त व्यक्ति के द्वारा चौकी प्रभारी को रिश्वत दी जा रही है। दरोगा का यह कृत्य उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक आचरण नियमावली के प्रतिकूल है, जिससे पुलिस विभाग की छवि धूमिल हुई है। वीडियो के अवलोकन से प्रथम दृष्टया अपराध कारित होना पाए जाने के फलस्वरूप उक्त प्रकरण में दिनांक 05 अप्रैल 2005 को दरोगा के विरुद्ध थाना फेस-1, नोएडा में धारा 7/13 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कराया गया। याची के ऊपर यह भी आरोप था कि वायरल वीडियो के अवलोकन से याची द्वारा घूस लेना स्वतः स्पष्ट हो रहा है एवं दरोगा के विरुद्ध पंजीकृत आपराधिक अभियोग गम्भीर अपराध की श्रेणी में आता है। अभियोग की विवेचना प्रचलित है तथा दरोगा प्रदीप कुमार गौतम द्वारा कर्तव्य पालन में घोर लापरवाही बरतते हुए गैर जिम्मेदारीपूर्ण, स्वेच्छाचारिता एवं अनुशासनहीनता के साथ-साथ पुलिस जैसे अनुशासित विभाग की छवि को धूमिल की गई है। पुलिस कर्मी की बर्खास्तगी बगैर विभागीय कार्यवाही के अवैध है। पर्याप्त साक्ष्य के आधार होंने पर भी बगैर स्पष्ट कारण बताए कि क्यों विभागीय कार्रवाई नहीं की जा सकती, बर्खास्त करना नियम एवं कानून के विरुद्ध है।

## नीति आयोग की बैठक ध्यान भटकाने का प्रयास

### सामाजिक ताना-बाना टूट रहा हो, तो विकसित भारत कैसे बनेगा

नई दिल्ली, वार्ता



- कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने लगाया आरोप संपत्ति गिने चुने लोगों के हाथ में सिमट रही

कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को नीति आयोग की शासी परिषद की विकसित भारत लक्ष्य प्रगति को लेकर हो रही बैठक तब औचित्यहीन हो जाती है, जब खुद सरकार सामाजिक ताना-बाना तोड़ने और संवैधानिक संस्थाओं को बर्बाद करने में लगी हो।

पार्टी ने बैठक को ध्यान भटकाने का एक और प्रयास बताया है। कांग्रेस ने नीति आयोग को अब तक की सबसे अयोग्य बॉडी बताया और कहा कि आज हो रही विकसित भारत लक्ष्य समीक्षा प्रगति बैठक भी एक बार फिर सरकार की पाखंड करने और ध्यान भटकाने की कोशिश ही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने यहां जारी एक बयान में कहा शासी परिषद की बैठक हो रही है। कहा गया है कि इसमें तथाकथित 'विकसित भारत' लक्ष्य की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। जब सत्ता में बैठे लोग अपने ही शब्दों और कर्मों से सामाजिक सौहार्द के ताने-बाने को तोड़ने में लगे हों तो कैसा विकसित भारत होगा। उन्होंने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जब संसद, न्यायपालिका, विश्वविद्यालयों, मीडिया और संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता को सत्ता की सुविधा के अनुसार कुचला जा रहा हो तो कैसा विकसित भारत होगा। भारत जिन मूल्यों और आदर्शों के लिए जाना जाता रहा है, उन पर अंतर्राष्ट्रीय मंचों के सामने ही योजनाबद्ध हमला किया जा रहा हो तो कैसा विकसित भारत होगा। जब देश की आर्थिक विषमता लगातार बढ़ रही हो और संपत्ति कुछ गिने-चुने लोगों के हाथों में सिमटती जा रही हो तो यह कैसा विकसित भारत होगा। श्री रमेश ने कहा कि अगर भारत की शानदार विविधताओं का जानबूझकर अपमान किया जाए और उन्हें मिटाया जाए तो कैसा विकसित भारत होगा। ए कैसा विकसित भारत हैं जहां केवल अभिव्यक्ति की आजादी ही नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति के बाद की स्वतंत्रता भी खतरे में है।

### सपा समाप्त, राहुल बने पाक के प्रवक्ता

**वाराणसी।** यूपी में विधानसभा चुनाव 2027 में हैं, लेकिन राजनेताओं की बयानबाजी अभी से ही तेज हो गई है। पिछले दिनों डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और सपा के सोशल मीडिया पर उपजा विवाद थमा भी नहीं कि शनिवार को सरकार में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी को फिर से समाप्तवादी पार्टी कहा और कहा कि 2027 का चुनाव अखिलेश यादव के लिए मुंगेरी लाल के हसीन सपने की तरह है। वे वाराणसी में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे, उन्होंने राहुल गांधी को पाक का प्रवक्ता बता दिया। वाराणसी पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने राहुल गांधी के विदेश नीति पर सवाल उठाने पर कहा कि राहुल गांधी पाकिस्तान के प्रवक्ता से भी ज्यादा बोलते हैं। कांग्रेस भारत की सेना को कमजोर साबित करना चाह रही है।

## योगी की सौगात, यूनिफॉर्म को 487 करोड़

शाह टाइम्स ब्यूरो



- अभिभावकों के खाते में 26 मई को पहुंच जाएगी धनराशि

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार ने प्रदेश के करोड़ों बच्चों के लिए एक और राहत भरी घोषणा की है। राज्य सरकार ने कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को यूनिफॉर्म के लिए 487 करोड़ रुपये की बड़ी राशि जारी करने की मंजूरी दे दी है। सूत्रों के अनुसार सीएम योगी आदित्यनाथ 26 मई को लोक भवन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में इस योजना के तहत बच्चों के अभिभावकों के बैंक खातों में सीधे पैसे भेजेंगे।

इस योजना का लाभ प्रदेश के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को मिलेगा। यूनिफॉर्म के लिए यह धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे छात्रों या उनके अभिभावकों के खातों में भेजी जाएगी, ताकि कोई बिचौलिया न हो और पैसा सीधे जरूरतमंद तक पहुंचे। सरकार की इस योजना के अंतर्गत सिर्फ यूनिफॉर्म ही नहीं, बल्कि स्कूल बैग, जूते-मोजे और स्वेटर आदि की भी व्यवस्था की जाती है। हर साल शिक्षा विभाग छात्रों को इन वस्तुओं की खरीद के लिए राशि उनके बैंक खातों में भेजता है।

पिछले वर्षों में भी इसी तरह डीबीटी के माध्यम से करोड़ों बच्चों को लाभ दिया जा चुका है। यह पूरी प्रक्रिया बेसिक शिक्षा विभाग की निगरानी में होगी। विभाग ने पहले ही सभी जिलों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं कि पात्र छात्रों की सूची तैयार की जाए और उनके बैंक खातों को आधार से जोड़ा जाए, ताकि ट्रांसफर में कोई दिक्कत न आए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि उनकी सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी बच्चा स्कूल से वंचित न रह जाए। इसके लिए सरकार बच्चों की पढ़ाई से जुड़ी हर बुनियादी जरूरत को पूरा करने के लिए कृतसंकल्प है। यही कारण है कि यूनिफॉर्म, बैग और मिड-डे मील जैसी योजनाओं को और बेहतर बनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार हर साल छात्रों को यूनिफॉर्म के लिए 1200 रुपये की राशि देती है, जिसमें दो यूनिफॉर्म, एक बैग, एक जोड़ी जूते, दो जोड़ी मोजे और एक स्वेटर शामिल होता है। इससे पहले वर्ष 2023 में भी लगभग इसी तर्ज पर 1.91 करोड़ बच्चों को लाभ पहुंचाया गया था। योगी सरकार की यह पहल गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## भाजपा का गुजरात मॉडल-भ्रष्टाचार का साबितः सिसोदिया

नई दिल्ली, वार्ता



- आप की सरकार ने अपने ही विधायक के खिलाफ कार्रवाई में कोताही नहीं बरती

आम आदमी पार्टी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी जिस गुजरात मॉडल का देश भर में ढोल पीटती है, दरअसल वह भ्रष्टाचार का मॉडल है, जिसमें भाजपा के नेता और मंत्री करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार कर लेते हैं, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती है।

ऐसे ही गुजरात में हुए एक कथित महाघोटाले पर आप के वरिष्ठ नेता और पंजाब के प्रभारी मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर तीखा हमला बोला और कहा कि भाजपा सरकार के पंचायती राज मंत्री के पुत्रों ने कंपनियां बना कर दाहोद में मनरेगा का काम लिया, लेकिन काम नहीं किया और 71 करोड़ रुपये हड़प लिए। अब वे पुलिस की गिरफ्त में हैं, लेकिन भाजपा ने अपने मंत्री का न इस्तीफा लिया और न कोई कार्रवाई की। आप संयोजक अरविद केजरीवाल के मार्गदर्शन में पंजाब की 'आप' सरकार ने भ्रष्टाचार की जानकारी होते ही अपने विधायक को गिरफ्तार करा दिया। आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने शनिवार को कहा कि पंजाब में शुक्रवार को जब 'आप' के एक विधायक ने भ्रष्टाचार किया, तो भगवंत मान की सरकार ने तत्काल कार्रवाई की। आप की सरकार ने अपने ही विधायक के खिलाफ कार्रवाई में कोई कोताही नहीं बरती। यही केजरीवाल की राजनीति है और यही भगवंत मान सरकार का मंत्र रहा है। सिसोदिया ने कहा कि भाजपा वाले अपने गुजरात मॉडल की बहुत बात करते हैं, लेकिन सच तो यह है कि गुजरात मॉडल भ्रष्टाचार का मॉडल है। यह खुलासा हो रहा है कि गुजरात के दाहोद में मनरेगा में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। मीडिया में भी यह थोड़ा-बहुत चर्चा में आया कि गुजरात के पंचायती राज मंत्री बच्चूभाई खाबड़ के पुत्रों ने अपने ही पिता के विभाग के पैसे उड़ा दिए। दाहोद में 71 करोड़ रुपये का मनरेगा घोटाला हुआ है। भाजपा की सरकार इसमें मंत्री के खिलाफ कोई कार्रवाई ही नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि पूरे गुजरात के सभी तालुकाओं में इसकी जांच करा ली जाए, तो यह घोटाला कितने हजार करोड़ रुपये का होगा, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है।

आप नेता ने कहा कि जब मंत्री खुद अपनी कुर्सी पर बने हुए हैं और उनके पुत्र उनके ही विभाग में भ्रष्टाचार के आरोप में गुजरात पुलिस की गिरफ्त में हैं, तो मंत्री का इस्तीफा क्यों नहीं लिया जा रहा? भाजपा अपने मंत्री से इस्तीफा क्यों नहीं ले रही? इसके पीछे क्या वजह है? सिसोदिया ने कहा कि एक तरफ पंजाब का मॉडल है, जहां अपनी ही पार्टी के विधायक तक को नहीं छोड़ा जाता और दूसरी तरफ गुजरात का मॉडल है, जहां अपनी पार्टी के मंत्री के पुत्रों ने खुल्लम-खुल्ला भ्रष्टाचार किया। उन्हें गिरफ्तार भी किया जा रहा है, लेकिन मंत्री पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। कौन उन्हें बचा रहा है? यह गुजरात भी जानना चाहता है और देश भी जानना चाहता है।

## मांग कमजोर रहने से जिंसों में रहा टिकाव

नई दिल्ली, वार्ता



- चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ

स्थानीय स्तर पर मांग कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और पिछले स्तर पर पड़े रहे। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही।

इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3600-3700 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15385 रुपये, मूंगफली तेल 17802 रुपये, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये, सोया रिफाइंड 14652 रुपये, पाम ऑयल 14066 रुपये और वनस्पति तेल 15677 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## कांग्रेस बोलती है पाकिस्तान की भाषाः पूनावाला

**नई दिल्ली।** बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला का कहना है कि कांग्रेस नेता राहुल गाधी ने पहलगाम में हुई आतंकी घटना को एक त्रासदी यानी ट्रेजेडी बता रहे हैं, उन्होंने कहा कि राहुल का इस तरह की बातें करना कोई हैरानी की बात नहीं है। कांग्रेस ने हमेशा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की लीपापोती की है और पाक को क्लीन चिट दी है। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान सेना की ओर से सीमा पार से की गई गोलीबारी के पीड़ितों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। इस बीच बीजेपी ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए दोनों पर पाकिस्तान की भाषा बोलने का आरोप लगाया है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**हमें टीम...** काम करना चाहिए कि लागू की गई नीतियां आम नागरिकों के जीवन में बदलाव लाएं। जब लोग बदलाव महसूस करते हैं, तभी यह बदलाव को मजबूत करता है और बदलाव को एक आंदोलन में बदल देता है। उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में हमारे पास 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने का एक शानदार अवसर है। हमें इस लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए कि 2047 तक भारत को विकसित बनाना। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हर राज्य विकसित हो, हर शहर विकसित हो, हर नगर पालिका विकसित हो और हर गांव विकसित हो। उन्होंने कहा कि अगर हम इन सभी दिशाओं में मिल कर काम करेंगे, तो हमें विकसित भारत बनने के लिए 2047 तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने पर्यटन क्षेत्र के विकास के लाभ को भी रेखांकित किया और एक राज्यः एक वैश्विक गंतव्य का नारा दिया। उन्होंने कहा कि राज्यों को वैश्विक मानकों के अनुरूप और सभी सुविधाएं और बुनियादी ढांचा प्रदान करके हर राज्य में कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस रणनीति से पर्यटन स्थल के आस पास के शहरों का पर्यटन स्थल के रूप में विकास भी होगा। उन्होंने कहा कि भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है। हमें भविष्य के लिए तैयार शहरों की दिशा में काम करना चाहिए। विकास, नवाचार और स्थिरता हमारे शहरों के विकास का इंजन होना चाहिए। नीति आयोग के अनुसार आज की बैठक का मुख्य विषय है- 'विकसित भारत के लिए विकसित राज्य एट2047।' राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित इस बैठक में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए राज्यों के विकास पर विशेष चर्चा हो रही है। आयोग का मानना है कि राज्यों को मानव विकास, आर्थिक विकास, स्थिरता, प्रौद्योगिकी और शासन सुधारों पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने अद्वितीय भौगोलिक और जनसांख्यिकीय लाभों का लाभ उठाना चाहिए। बैठक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उप राज्यपाल, केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और मुख्य अधिशासी अधिकारी (सीईओ) शामिल रहे।

## गंगा दशहरा उत्सव पर होगी रामलला मंदिर परिसर के मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा

- तीन जून से पांच जून तक तीन दिवसीय उत्सव मनाया जाएगा

**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में भव्य और दिव्य रामलला के मंदिर परिसर में स्थित मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा आगामी पांच जून को गंगा दशहरा उत्सव के अवसर पर की जाएगी।

इस अवसर पर तीन जून से पांच जून तक तीन दिवसीय उत्सव मनाया जाएगा जबकि पूजन के कार्यक्रम तीस मई से शुरू हो जाएंगे और उनकी शुरुआत परिसर में स्थित मंदिर में शिवलिग की स्थापना से होगी। काशी और अयोध्या के कुल वैदिक विद्वान अनुष्ठान की देखरेख करेंगे। देवताओं के लिए दो-दो फिट लंबे संगमरमर के सिंहासन विशेष रूप से तैयार किए गए हैं। श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट क्षेत्र के अधिकारियों ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान मूर्तियों को एक सिंहासन पर रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा सप्त मण्डप क्षेत्र में स्थित मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी जिसमें श्री वाल्मीकि, अग्गाय, विश्वामित्र, अहिल्या, शबरी और निषादराज प्रतिष्ठित होंगे।मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में शामिल होने अयोध्या पहुंचे मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा के धार्मिक कार्यक्रम तीन जून से शुरू होंगे और पांच जून को समापन होगा। इसके पहले मुख्य मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि बाकी मंदिर में जो निर्माण कार्य हो रहे हैं, विशेषकर परकोटा निर्माण, शेषावतार मंदिर का निर्माण अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पूरे होंगे। राम मंदिर सहित परकोटा के छह मंदिरों के शिखर को भी स्वर्णजटित बनाए जाने का काम अगले दो दिनों में पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सप्त मंदिर का निर्माण पूर्ण हो गया है। वहां पर ऋषियों, मुनियों की मूर्ति भी पहुंच गई है। पुष्करिणी जो बीच में जलसंचय है वह भी पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में चार द्वारों के निर्माण कार्य आडोटोरियम व अतिथिगृह के निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि द्वार के निर्माण में सबसे पहला जो उत्तरीय दिशा में द्वार है वह चार जून तक पूर्ण हो जाएगा। परिसर में हो रहे अन्य काम अक्टूबर तक पूरे कर लिए जाएंगे। ज्एष्ठ कृष्ण एकादशी के पर्व पर राम मंदिर के प्रथम तल पर रामदरबार की मूर्ति को यथास्थान स्थापित कर दिया गया है। हालांकि यहां अवशेष कार्य अभी चल रहे हैं। राम दरबार की इस मूर्ति को जयपुर से लाया गया है जो कि सुबह छह बजे क्रासिग ध्से रामजन्मभूमि परिसर में दाखिल किया गया। इसी तरह से परकोटा के दक्षिण-पश्चिम में निर्मित शिवालय में भगवान नर्मदेश्वर को भी यथास्थान स्थापित कर दिया गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

तापमान: अधिकतम :32°C न्यूनतम: 24°C
सेंसेक्स: 81,721.08 निफ्टी: 24,853.15
सोना: 98,900 चांदी: 99,900

मुजफ्फरनगर, रविवार 25 मई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 133 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 26 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## इमरान खान ने कसा पाक आर्मी चीफ पर तंज

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## गिल बने टेस्ट टीम के कप्तान, इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम घोषित

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# देश में लौटा कोरोना, ठाणे व बेंगलूरू में एक-एक संक्रमित की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। शनिवार को ठाणे और बंगलूरू में एक-एक कोरोना मरीज की मौत हो गई। ठाणे में 21 वर्षीय युवक और बंगलूरू में 84 वर्षीय बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। केरल -तमिलनाडु और कर्नाटक में नए मामले सामने आए।

शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे में 8, उत्तराखंड-हरियाणा में 3-3 और यूपी के नोएडा में एक मामला सामने आया है। ठाणे में शुक्रवार को 10 मामले सामने आए थे। 23 मई को अहमदाबाद में 20, यूपी में 4, हरियाणा में 5 और बेंगलुरु में 9 महीने का एक बच्चा कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। इस तरह देश में अब तक कोरोना के 351 एक्टिव केस हैं। 2 मौतें हो चुकी हैं। टीएमसी की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि गंभीर मधुमेह से पीड़ित 21 वर्षीय एक युवक की सुबह कलवा स्थित टीएमसी के छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल अधीक्षक डा. अनिरुद्ध मालगांवकर ने बताया कि उसे मधुमेह संबंधी दिक्कत के कारण गुरुवार को भर्ती कराया गया था और शुक्रवार रात को उसकी कोविड-19 जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई। वहीं बंगलूरू में पहले से कई गंभीर बीमारियों से पीड़ित एक 84 वर्षीय व्यक्ति की कोविड-19 से मौत हो गई। उसकी टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि मरीज को 13 मई को व्हाइटफील्ड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था और 17 मई को उसकी मृत्यु हो गई। उनका कोविड टेस्ट का नतीजा शनिवार को पॉजिटिव आया। उधर, दिल्ली सरकार ने कोविड-19 को लेकर एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने सभी अस्पतालों को कहा है कि वे बेड, ऑक्सीजन, दवाइयों और वैक्सीन की पूरी व्यवस्था रखें। दिल्ली के सभी अस्पतालों को निर्देश दिया गया है कि हर पॉजिटिव कोविड सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए लोकनायक अस्पताल भेजा जाए। सभी संस्थानों को रिपोर्ट दिल्ली हेल्थ पोर्टल पर रोज अपलोड करनी है।




फाइल फोटो

■ देश में अब तक 351 एक्टिव केस महाराष्ट्र के ठाणे में 8, उत्तराखंड-हरियाणा में 3-3 व यूपी में शनिवार को एक केस मिला

# अभिनेता मुकुल देव का निधन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता मुकुल देव का निधन हो गया। वह 54 वर्ष के थे। मुकुल देव का शुक्रवार की रात नई दिल्ली में निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे।

मुकुल देव के बड़े भाई राहुल देव ने इंस्टाग्राम पर मुकुल देव की तस्वीर शेयर कर लिखा, हमें आपको यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि हमारे भाई मुकुल देव का शुक्रवार रात नई दिल्ली में निधन हो गया। उनके परिवार में उनकी बेटी सिया देव हैं। उनके भाई-बहन रश्मि कौशल, राहुल देव और उनके भतीजे सिद्धांत देव उन्हें बहुत याद करेंगे। उनका अंतिम संस्कार शनिवार शाम 5 बजे हो गया।



■ 54 वर्ष की आयु में बीमारी के चलते ली अंतिम सांस

## 'कर्मचारी भविष्य निधि के अंशदाताओं को मिलेगा 8.25 % की दर से ब्याज'

**नई दिल्ली।** सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि योजना के अंतर्गत अंशदाताओं की संचित राशि पर वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8.25 प्रतिशत की दर से ब्याज दिए जाने को मंजूरी दे दी है। यह जानकारी शनिवार को यहां आधिकारिक सूत्रों ने दी। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भी अंशदाताओं को 8.25 प्रतिशत की दर से ही ब्याज दिया था। कर्मचारी भविष्य निधि योजना में अंशदाताओं की संख्या इस समय सात करोड़ से अधिक है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि ईपीएफ पर वर्ष 2024-25 के लिए ब्याज दर इससे पिछले वर्ष के स्तर पर ही रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। श्रम मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ने इसी वर्ष फरवरी में हुई बैठक में 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अंशदाताओं के खातों में ईपीएफ की संचित राशि पर 8.25 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज देने की सिफारिश की थी।

## ईडी ने दो लोगों को गिरफ्तार कर संपत्ति जब्त की

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एलएफएस ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड के कथित धन शोधन मामले की जांच में दो आरोपियों दिलीप कुमार मैती और मोहम्मद अनारुल इस्लाम को गिरफ्तार किया है और धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत उनकी चल और अचल संपत्ति को जब्त कर लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है। संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि उसके कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय ने एलएफएस ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े विभिन्न परिसरों पर तलाशी अभियान चलाया और उसके निदेशकों एवं सहयोगियों की तलाशी अभियान के दौरान 118 बैंक खातों और 63 अचल संपत्तियों को फ्रीज कर दिया गया, जिनकी कीमत कई करोड़ रुपये है और अब इनकी बिक्री या हस्तांतरण पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। ईडी ने एक बयान में कहा कि जब्त की गई अचल संपत्तियों में दो होटल, एक रिसॉर्ट, भूखंड, एक आवासीय बंगला, फ्लैट और दुबई के ईगल हाइट्स में एक संपत्ति शामिल है। एजेंसी ने कहा कि इन संपत्तियों का बाजार मूल्य निर्धारित किया जा रहा है।

## बीएसएफ ने पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया

**पालनपुर।** गुजरात के बनासकांठा जिले में पाकिस्तानी घुसपैठिए को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने मार गिराया है। बीएसएफ ने शनिवार को बताया कि सतर्क जवानों ने शुक्रवार की रात बनासकांठा जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार कर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा। जवानों ने उसे चेतावनी दी, लेकिन सेना की चेतावनी का अनसुना कर संदिग्ध लगातार आगे बढ़ता रहा। घुसपैठिए पर बीएसएफ जवानों ने गोली चला दी और वह मारा गया।

# हमें टीम इंडिया की तरह काम करना होगा

## मोदी बोले- राज्य विकसित, तभी भारत विकसित होगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश की आर्थिक वृद्धि और विभिन्न क्षेत्रों में विकास की दर को तेज करने तथा केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया है।

श्री मोदी ने राजधानी में नीति आयोग की संचालन परिषद की 10वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि विकसित भारत अब देश के हर नागरिक की आकांक्षा बन गया है। उन्होंने कहा कि हमें विकास की गति बढ़ानी होगी। अगर केंद्र और सभी राज्य एक साथ आएं और टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत अब हर नागरिक का लक्ष्य बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब प्रत्येक राज्य विकसित होगा, तो ही भारत विकसित होगा। यह देश के 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षा है। श्री मोदी ने अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका बढ़ाए जाने पर बल देते हुए कहा कि हमें कार्यबल में महिलाओं को शामिल करने की दिशा में काम करना चाहिए। हमें ऐसे कानून, नीतियां बनानी चाहिए, जिससे उन्हें कार्यबल में सम्मानपूर्वक शामिल किया जा सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें इस तरह से -शेष पृष्ठ दो पर

■ प्रधानमंत्री ने केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल बढ़ाने की जरूरत पर दिया बल



### ममता, विजयन और सिद्दारमैया बैठक में नहीं हुए शामिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में नीति आयोग की बैठक में माइक्रोफोन विवाद के करीब एक साल बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को नई दिल्ली में होने वाली बैठक में शामिल नहीं हुई, सूत्रों ने बताया कि केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और कर्नाटक के सीएम सिद्दारमैया भी बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला किया। प.बंगाल की मुख्यमंत्री के बैठक में शामिल न होने के फैसले के लिए हालांकि कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है।

### केंद्र सरकार कर रही पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार :मान

**नई दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने केंद्र सरकार पर पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को यहां कहा कि किसी राज्य के साथ इस तरह का पक्षपातपूर्ण तथा भेदभावपूर्ण व्यवहार अनुचित और अवांछनीय है। श्री मान ने यहां नीति आयोग की शासी परिषद की दसवीं बैठक में भाग लेते हुए राज्य से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए और दोहराया कि पंजाब के पास किसी भी राज्य के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है।

## लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी ने साथी सैनिक को बचाने के लिए दिया सर्वोच्च बलिदान

**नई दिल्ली।** सेना के सिक्किम स्काउट्स के युवा अधिकारी लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी ने साहस, नेतृत्व और अधिकारी तथा जवानों के बीच के अटूट बंधन का असाधारण प्रदर्शन करते हुए उत्तरी सिक्किम में एक 'ऑपरेशनल टास्क' के दौरान साथी सैनिक को बचाने के लिए सर्वोच्च बलिदान कर मिसाल पेश की है। तेईस वर्षीय लेफ्टिनेंट तिवारी को छह महीने से भी कम समय पहले पिछले वर्ष 14 दिसम्बर को कमीशन मिला था। वह दो दिन पहले 22 मई को सिक्किम में एक 'टैक्टिकल ऑपरेटिंग बेस' (टीओबी) की ओर महत्वपूर्ण पोस्ट की रूट ओपनिंग पैट्रोल का नेतृत्व कर रहे थे। सुबह लगभग 11 बजे उनके गश्ती दल के एक सदस्य अग्निवीर स्टीफन सुब्बा का 'लॉग ब्रिज' को पार करते समय पैर फिसल गया और वह तेज पहाड़ी धारा में बह गए। लेफ्टिनेंट तिवारी ने असाधारण सूझबूझ, निस्वार्थ नेतृत्व और अपनी टीम के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए बिना किसी हिचकिचाहट के अग्निवीर को बचाने के लिए खतरनाक धारा में छलांग लगा दी। एक अन्य सैनिक नायक पुकार कटेल भी तुरंत उनकी सहायता के लिए उनके पीछे चले गए। उन दोनों ने साथ मिलकर डूबते हुए अग्निवीर को बचा लिया। इसी दौरान दुर्भाग्य से लेफ्टिनेंट तिवारी तेज बहाव में बह गए। उनके गश्ती दल द्वारा अथक प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सकता।

# आज से दो जून तक नौतपा

## राजस्थान में पारा 48 डिग्री, यूपी के 65 जिलों में बारिश का अलर्ट

■ उप्र में 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के आसार

**नई दिल्ली।** देश में 25 मई (आज) से नौतपा शुरू हो रहा है, जो 2 जून तक समाप्त होगा। इस दौरान भयंकर गर्मी पड़ती है। कई राज्यों में तापमान 48 डिग्री तक जाने की संभावना है। 2024 में दिल्ली के मुंगेशपुर में नौतपा के दौरान तापमान 52.3 डिग्री तक पहुंच गया था, जो रिकॉर्ड है। मौसम विभाग ने शनिवार को देश के 28 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है।

इधर, पश्चिमी राजस्थान में गर्मी जारी है। 16 जिलों में 27 मई तक हीटवेव का रेड अलर्ट है। राज्य के जैसलमेर में शुक्रवार को सबसे ज्यादा 48 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा था। मध्य प्रदेश के 4 जिलों में शनिवार सुबह से तेज आंधी चल रही है। 17 जिलों में बारिश की संभावना है। यूपी के 65 जिलों में बारिश और बिजली गिरने का अलर्ट है। इस दौरान 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। छत्तीसगढ़ में प्री-मानसून की एंट्री हो गई है। अगले 7 दिनों तक बारिश का येलो अलर्ट है। रायपुर-दुर्ग में सुबह से ही तेज बारिश हुई। बिहार के सभी 38 जिलों में बारिश की संभावना है। पंजाब के 12 जिलों में बारिश 4 जिलों में लू चल रही है। हरियाणा में 7 जिलों में लू चलने का येलो अलर्ट है।

## मानसून ने आठ दिन पहले ही केरल में दी दस्तक



**पुणे।** दक्षिण-पश्चिम मानसून ने अपने सामान्य आगमन से आठ दिन पहले ही शनिवार को केरल में दस्तक दे दी। इसके अगले दो दिनों में महाराष्ट्र पहुंच जाने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान केन्द्र (आईएमडी) ने कहा है कि इससे पहले 2009 में केरल में 23 मई को मानसून आया था। उसके बाद इतना पहले राज्य में मानसून 15 साल बाद आया है। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल इस दक्षिणी राज्य में 30 मई को, 2023 में आठ जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में तीन जून को, 2020 में एक जून को, 2019 में आठ जून को और 2018 में 29 मई को मानसून आया था। अगले दो-तीन दिनों में मानसून के कोंकण में पहुंचने का अनुमान है। कोंकण में इस समय मानसून आने से पहले होने वाली भारी बारिश हो रही है और मुंबई में मानसून के एक जून तक पहुंचने के आसार हैं। आमतौर पर, मानसून एक जून को केरल पहुंचता है, लेकिन इस साल यह एक सप्ताह पहले ही पहुंच गया है।

# पुंछ में पीड़ितों से मिले राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि सीमा पार की गोलाबारी में जम्मू-कश्मीर में पुंछ क्षेत्र में लोगों को भारी संकट का सामना करना पड़ा है और उनके घरों की बर्बादी अत्यंत पीड़ादायक है इसलिए पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर वह उनकी मांग उठाएंगे।

श्री गांधी ने कहा कि शनिवार को पुंछ में पाकिस्तान की गोलाबारी में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों से मिला। टूटे मकान, बिखरा सामान, नम आंखें और हर कोने में अपनों को खोने की दर्द भरी दास्तान, पुंछ क्षेत्र के ये देशभक्त परिवार हर बार जंग का सबसे बड़ा बोझ साहस और गरिमा के साथ उठाते हैं। उनके हौसले को सलाम है। उन्होंने कहा कि वह पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़े हैं और उनकी मांगें और मुद्दे राष्ट्रीय स्तर पर ज़रूर उठाएंगे। कांग्रेस नेता ने पीड़ित परिवारों के सदस्यों के साथ उनके घरों का भी मुआयना किया, जिन्हें गोलाबारी में भारी नुकसान हुआ है।



■ कहा: पुंछ के लोगों की पीड़ा, न्याय देने की मांग राष्ट्रीय स्तर पर उठाऊंगा

# CJI-प्रोटोकॉल से जुड़ी याचिका खारिज

■ चीफ जस्टिस ने कहा: यह सस्ती पब्लिसिटी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक वकील की जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया, जिसमें महाराष्ट्र के सीनियर अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी।

याचिकाकर्ता का आरोप था कि इन अधिकारियों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई के पहले मुंबई दौरे के दौरान प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया। मुख्य न्यायाधीश गवई और जस्टिस आगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने इस याचिका को पब्लिसिटी इंटरेस्ट लिटिगेशन बताया और 7 साल के अनुभव वाले याचिकाकर्ता वकील शैलेंद्र मणि त्रिपाठी पर 7,000 का जुर्माना लगाया, जो उन्हें लीगल सर्विसेज अथॉरिटी में जमा करना होगा। सीजेआई ने याचिकाकर्ता से कहा कि आप अखबार में अपना नाम छपवाना चाहते हैं। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा कि ये बहुत छोटा मामला है, इसे इतना बड़ा नहीं बनाया जाना चाहिए।

### सुप्रीम कोर्ट में गर्मी की छुट्टियां, 13 जुलाई तक 'आंशिक कार्य दिवस'



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में सोमवार से गर्मी की छुट्टियां शुरू हो रही हैं। इस अवधि को संभवत: पहली बार 'आंशिक कार्य दिवस' नाम दिया गया और इस दौरान भी पहले की ही तरह यहां आंशिक कामकाज होंगे। शीर्ष अदालत की एक अधिसूचना के अनुसार 26 मई से 13 जुलाई 2025 तक 'आंशिक कार्य दिवस' रहेगा और 14 जुलाई 2025 से शीर्ष अदालत में फिर से नियमित कामकाज शुरू हो जाएगा। इस 'आंशिक कार्य दिवस' में 21 पीठ विभिन्न मामलों की सुनवाई करेगी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने मामलों की सुनवाई के लिए उन पीठों को नामित किया है। अधिसूचना में कहा गया है कि 26 मई से एक जून के दौरान पांच पीठ विभिन्न मामलों की सुनवाई करेगी।

# बैंक धोखाधड़ी के मामलों में वांछित चंडोक भारत लाया गया

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को बैंक धोखाधड़ी के मामलों में लंबे समय से वांछित भगोड़े आरोपी अंगद सिंह चंडोक को प्रत्यर्पित कर भारत लाने में बड़ी सफलता मिली है।

सीबीआई की एक टीम चंडोक को अमेरिका से लेकर शनिवार को यहां पहुंची। चंडोक अभी सीबीआई की हिरासत में है और अब उसे अदालत में पेश किया जाएगा। बैंकों में धोखाधड़ी और लोगों के साथ ठगी के आरोपी चंडोक ने यहां से भागकर अमेरिका में शरण ली थी। रिपोर्टों के अनुसार चंडोक ने अमेरिका में भी अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन ठगी गिरोह के साथ मिलकर अमेरिकी नागरिकों के साथ ठगी की। उस पर फर्जी कंपनियों के माध्यम से विदेशों में अवैध तरीके से भेजने के भी आरोप हैं। अमेरिकी जांच एजेंसियों ने उसके खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था और जांच के बाद वहां की अदालत ने उसे छह वर्ष की सजा सुनाई थी। सीबीआई चंडोक को भारत लाने के लिए काफी समय से अमेरिकी एजेन्सियों के साथ तालमेल कर रही थी। आखिरकार सीबीआई को इसमें सफलता मिली है। चंडोक के प्रत्यर्पण से साइबर अपराध के कुछ मामलों में भी सुराग मिलने की संभावना है।

■ सीबीआई को मिली बड़ी सफलता

# परमाणु ब्लैकमेल बर्दाश्त नहीं करेगा भारत

## भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने रूसी नेतृत्व के सामने रखा देश का पक्ष

मास्को, वार्ता

**रूस की यात्रा** पर गए द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने रूसी नेतृत्व के समक्ष आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति दोहराई है और इस बात पर जोर दिया है कि भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा।

मास्को में अपनी बैठकों के दौरान, दोनों पक्षों ने आतंकवाद विरोधी उपायों को मजबूत करने और सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद को खत्म करने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की। मास्को में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने रूसी संसद के दोनों सदनों के अलावा थिंक टैंकों सहित कई बैठकें कीं। भारतीय प्रतिनिधिमंडल की यह यात्रा वैश्विक आतंकवाद विरोधी ढांचे को मजबूत करने और बहुध्रुवीय अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने के भारत के लंबे समय से चले आ रहे प्रयास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से हो रही है। प्रतिनिधिमंडल ने फेडरेशन काउंसिल की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति के प्रथम उपाध्यक्ष एंड्री डेनिसोव और अन्य सीनेटरों के साथ बातचीत की। बातचीत आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में कानूनी स्तर पर एकमत कायम करने पर केंद्रित थी। भारतीय पक्ष ने आतंकवाद के खिलाफ देश की लड़ाई में प्रतिक्रिया के रूप में ऑपरेशन सिंदूर की ओर ध्यान आकर्षित किया। बाद में, भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने स्टेट ड्यूमा की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति के अध्यक्ष लियोनिद स्लटस्की के साथ बैठक की और स्टेट ड्यूमा के सदस्यों के साथ बातचीत की।



### बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल ने अबू धाबी में किए मंदिर में दर्शन

**अबू धाबी/अहमदाबाद।** पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर भारत का पक्ष बताने के लिए यूएई गए प्रतिनिधिमंडल ने अबू धाबी में विश्वप्रसिद्ध स्वामीनारायण मंदिर में दर्शन किए। बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था ने बताया कि मंदिर की अद्वितीय सुंदरता, पवित्रता व आध्यात्मिकता से समूचा प्रतिनिधि मंडल बहुत प्रभावित हुआ और मंदिर के वैश्विक सौहार्द के संदेश ने सभी को छू लिया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व शिवसेना सांसद श्रीकांत एकनाथ शिंदे कर रहे हैं। इसके अन्य सदस्यों में भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज, मनन कुमार मिश्रा और एसएस अहलूवालिया सांसद सस्मित पात्रा, सांसद ईटी मोहम्मद बशीर और राजदूत सुजन चिनॉय शामिल हैं।



# कार सवार बदमाशों ने तीन जगह बाइक सवारों से की लूटपाट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** बरला बसेड़ा मार्ग पर वैगनआर कार सवार बदमाशों ने दिन दहाड़े अलग अलग तीन बाइक सवारों से हजारों की नगदी व मोबाइल व जरूरी कागजात लूट लिये।

विरोध करने पर उनकी पिटाई की ओर कपड़े भी फाड़ डाले।घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बदमाशों ने ट्रको को भी रोकने का प्रयास किया। पुलिस ने बदमाशों को ढुढने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली।पीड़ितों ने थाने पहुंचकर अज्ञात बदमाशो के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। शनिवार को बरला बसेड़ा मार्ग पर सुबह आठ बजे एक वैगनआर कार में तीन दिन बदमाश एक बाग के पास खड़े हों गये। गांव बसेड़ा निवासी पोपीन बाइक से मुजफ्फरनगर जा रहा था जब वह बदमाशों के पास पहुचा तो उन्होंने उसे रोककर कुछ नकदी मोबाइल व कागजात लूट लिए विरा.ेध करने पर मारपीट की व उसके कपड़े फाड़ दिये पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव नगला दुहेल्ली निवासी असलम पुत्र इस्लाम अपनी बाइक से बरला आ रहा था।जब वह बरला बसेड़ा मार्ग पर पहुंचा तो वहां खड़े बदमाशो ने उससे हथियारों के बल पर नगदी व मोबाइल लूट लिया। ताजपुर निवासी किसान से मोबाइल व रुपए लूट लिए। किसान ने डायल 112 को सूचना दी। सूचना पर पुलिस में अफरा तफरी मच गयी। पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन बदमाश बरला की ओर फरार हो गए।

ने घंटों तक बदमाशों की तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ितों ने बरला पुलिस चौकी पहुंचकर घटना की जानकारी दी। और थाने पहुंचकर असलम ने तहरीर दी। पुलिस ने उसकी ओर से मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

उक्त घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। सीओ सदर देवदत्त वाजपेई का कहना है कि सीसी टीवी फुटेज खंगाली जा रही है कार का नम्बर ट्रेस किया गया है टीम बदमाशों के करीब है घटना का जल्द ही खुलासा किया जायेगा।

# काले कानून की प्रतियां जलाकर जताया आक्रोश

## बिजली कर्मचारियों का निजीकरण के खिलाफ आंदोलन तेज

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** राज्य में बिजली विभाग के निजीकरण के विरोध में कर्मचारियों का आंदोलन दूसरे दिन भी जारी रहा। धरना प्रदर्शन ने अब जोर पकड़ लिया है और बिजली कर्मियों ने सरकार के खिलाफ नारों के साथ अपने विरोध को और मुखर कर दिया है।

शनिवार को प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने 'काले कानून' की प्रतियों को जलाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। उनका कहना है कि सरकार द्वारा लाया जा रहा निजीकरण आदेश आम जनता और कर्मचारियों के हितों के खिलाफ है। प्रदर्शनकारियों ने ऊर्जा मंत्री और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उन्हें इस निर्णय के लिए जिम्मेदार ठहराया।

बिजली कर्मचारी यूनियन के नेताओं ने साफ किया है कि आंदोलन 28 तारीख तक जारी रहेगा और यदि तब तक मांगें पूरी नहीं की गईं, तो 29 तारीख से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया जाएगा। टेक्निकल कर्मचारी कमल सिंह ने कहा, ष्हम अपनी सेवाएं जनता के लिए देते हैं, लेकिन सरकार हमें मजबूर कर रही है कि हम अपने हक के लिए सड़क पर उतरें। निजीकरण से न सिर्फ कर्मचारियों की नौकरियां खतरे में पड़ेंगी, बल्कि उपभोक्ताओं पर भी अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

इस आंदोलन से बिजली आपूर्ति प्रभावित न हो, इसके लिए यूनियन ने अभी तक कार्य बहिष्कार का रास्ता नहीं अपनाया है, लेकिन चेतावनी दी है कि सरकार ने यदि जल्द हस्तक्षेप नहीं किया तो हालात बिगड़ सकते हैं। इस मौके पर अवर अभियंता गिरीश कुमार, विनोद कुमार, वैभव रस्तोगी, प्रमोद कुमार, ओमप्रकाश ,चंदन, विनोद , संदीप, आनंद, अरुण बाबू, करण, आशुतोष धामा, विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

### सरकार की चुप्पी बनी चिंता का कारण

अब तक सरकार की ओर से किसी भी प्रकार की बातचीत या समझौते की पहल नहीं की गई है। इससे कर्मचारियों में नाराजगी और बढ़ती जा रही है। यूनियन ने कहा कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन इसके लिए सरकार को भी गंभीरता दिखानी होगी।

## कोल्ड ड्रिंक पर ओवर रेटिंग को लेकर हंगामा

**खतौली।** कस्बे के जीटी रोड स्थित अलमीरा होटल पर शुक्रवार की रात उस समय हंगामा मच गया जब भाजपा नेता का पुत्र माधव ठकराल अपने मित्र के साथ खाना खाने पहुँचा। खाने के दौरान जब उसने कोल्ड ड्रिंक मंगवाई, तो उस पर ओवर रेटिंग का मामला सामने आया। माधव ठकराल ने बताया कि होटल कर्मियों ने 20 की प्रिंट कीमत वाली कोल्ड ड्रिंक के 25 वसूले थे। जब इस पर उसने आपत्ति जताई तो होटल स्टाफ ने उसके साथ बदसलूकी की। घटना से आक्रोशित होकर माधव ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज कराई। इसके बाद ठकराल ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को बुलाया। सूचना पाकर पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची और होटल कर्मी को फटकार लगाते हुए चेतावनी दी। पीड़ित ने कहा, ह्यह सरासर उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन है। होटल और रेस्टोरेंट्स ऐसे मामलों में मनमानी कर रहे हैं, जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्थानीय नागरिकों ने भी इस घटना की निंदा की और प्रशासन से मांग की कि ऐसे प्रतिष्ठानों की नियमित जांच की जाए, ताकि भविष्य में आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## स्टे के बाद भी दबंग कर रहे हैं अवैध निर्माण

**बुढ़ाना।** दबंग पड़ोसी स्टे के बावजूद भी बैखोफ होकर अवैध निर्माण कर रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार इफ्तखार पुत्र अख्तर निवासी रसूलपुर दभेडी ने पुलिस को बताया कि उसकी गांव रसूलपुर दभेडी मे खाता संख्या 142 खसरा संख्या 46 रकबा 1.8880 हैक्टेयर के कुछ हिस्से की मेढ तोडकर पड़ोसी ने अपने खसरा संख्या 47, 48, 49, 50 में जबरदस्ती मुठमदह्ल व दबंगता के बल पर अपने खेत में मिला ली। जब उसने उसे रोकने का प्रयास किया तो आरोपी हत्या की धमकी देने लगे। तब उसने झगडे से बचते हुए माननीय सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायिक मजिस्ट्रेट बुढाना के यहां वाद दायर किया। जिसमें माननीय न्यायालय ने उक्त जमीन मे स्टे कर दिया और उक्त खसरे कि विवादित जमीन पर विक्रय करने और कोई भी निर्माण न करने व उक्त खसरे की प्रख़्रति या दिशा चेंज न किये जाने के आदेश पारित किये मगर तसव्वर, मुस्तफा व जफरयाब पुत्रगण इजाज, गुफरान व अनुल पुत्र अफसर लगातार उक्त जमीन मे मकान निर्माण व क्रय विक्रय का काम रोज कर रहे हैं। जिसमे सिविल जुज जूनियर डिविजन बुढाना के आदेश की अवहेलना हो रही है।।

## जंगल मे लेजाकर युवती के साथ दुष्कर्म को दिया अंजाम

**भोपा।** शादी करने के झांसे मे लेकर युवक युवती को बहका फुसलाकर जंगल में ले गया जहां उसने दुष्कर्म को अंजाम दिया है। घटना के बाद शादी का दबाव देने पर पीड़िता को परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती ने दी तहरीर में बताया कि शनिवार को वह आईटीआई कालेज में गई थी। आरोप है कि रास्ते में ककरौली थाना क्षेत्र के गांव भुवापुर निवासी उसका परिचित अभिषेक अपने दोस्त निखिल के साथ बाइक पर आया तथा उसे टहलाने के बहाने जंगल में ले गया। आरोप है कि वहां पर अभिषेक ने उससे शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म किया। जबकि निखिल वहीं कुछ दूर खड़ा रहा। दुष्कर्म करने के बाद आरोपी उसे वापस छोड़कर चला गया। आरोपी अभिषेक कई दिनों तक शादी करने को कहता रहा लेकिन अब शादी करने से इंकार कर दिया। तथा धमकी दी है कि अगर शादी करने को दबाव डाला तो तुझे और तेरे घर वालो को जान से मार दूंगा। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## बड़कता में 12 घंटे बाद हुए बिजली के दर्शन

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव बडकता में लगातार 12 घंटे तक गांववासियों को बिजली के दर्शन नहीं हुए तो ग्रामीण बिना बिजली भयंकर गरमी में बिलबिला गये और विद्युत विभाग को जमकर कोसा। बताया जाता है कि गांव बड़कता ही नहीं बल्कि बुढ़ाना कस्बा और आसपास के सभी गांवों में कई दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह से अव्यवस्थित हो रही है। जिसके चलते लोग बेहताशा परेशान हैं। एक व्यक्ति के लिए भी मामूली सा फाल्ट होने पर भी शट डाउन लिया जाता है। गांव बड़कता के प्रधान आशीष चौहान ने बताया कि बिजलीघर बुढ़ाना देहात क्षेत्र के गांव बड़कता में पांच बजते ही बिजली आपूर्ति बंद हो गयी थी। इस संबंध में जब बिजलीघर के जेई आशुतोष मौर्य से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि कुछ प्रॉब्लम है। इसलिए अब शाम 5 बजे के बाद ही लाइट आ पाएगी।

# विद्यार्थियों ने सीखा लोकतंत्र का व्यावहारिक पाठ

**मुजफ्फरनगर।** बुधवार द एस डी पब्लिक स्कूल जानसठ रोड द्वारका सिटी में श्स्टूडेंट काउंसिल कमेटीश पदों के चुनाव का सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न कराया गया। इस आयोजन की थीम ह्ल्वनत टवजम डंजजमतेरू स्मज' स्मंतद भ्वूह्न थी। जिसका उद्देश्य बच्चों को उनके मताधिकार का जागरूकता के साथ सर्वहित हेतु प्रयोग करना तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया की व्यावहारिक जानकारी देना था।

चुनाव प्रक्रिया में विद्यार्थियों ने प्रचार, मतदान और मतगणना के सभी चरणों में सक्रिय भागीदारी दिखाई। उम्मीदवारों ने अपने विचारों और योजनाओं को साझा करते हुए विद्यालय समुदाय के समक्ष प्रस्तुतीकरण भी दिए। विद्यार्थियों ने न केवल मतदान का अनुभव प्राप्त किया अपितु लोकतांत्रिक मूल्यों जैसे पारदर्शिता, निष्पक्षता और सहभागिता को भी निकट से समझा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम माहना जी ने कहा ष्ऐसे आयोजनों से बच्चों में नेतृत्व, आत्मबिश्वास और जिम्मेदारी की भावना जागृत होती है। यह केवल एक चुनाव नहीं था बल्कि एक सीखने की प्रक्रिया थी, जो उन्हें एक जागरूक नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सहयोग रहा।



## एसपी ने समाधान दिवस में किया समस्याओं का समाधान

**बुढ़ाना।** एसपी देहात आदित्य बंसल व एसडीएम राजकुमार भारती ने संयुक्त रुप से बुढ़ाना कोतवाली मे समाधान दिवस पर आए 10 फरियादियों की समस्याओं को बड़ी गंभीरता से सुना और मौके पर 6 शिकायतों का निस्तारण कर अन्य 4 समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया। आज उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में एसपी देहात व एसडीएम द्वारा समाधान दिवस आयोजित किया गया। समाधान दिवस में दोनों अधिकारियों द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिक.ारी को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया गया।

**न्यायालय उपजिलाधिकारी तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर।**
वाद संख्या– टी202409550203294 सन् : 2024 1. वीर सिह पुत्र ज्ञान सिंह 2. धीर सिह पुत्र ज्ञान सिह समस्त निवासीगण ग्राम नूनीखेडा परगना भु.स. तहसील जानसठ जिला मु.नगर।
**.....वादीगण**
**बनाम** 1. अजीत सिह पुत्र ज्ञान सिह निवासी ग्राम नूनीखेडा परगना भु.स. तहसील जानसठ जिला मु.नगर। 2. ग्राम पंचायत नूनीखेडी परगना भु.स. तहसील जानसठ जिला मु.नगर द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत मजकूर। **...प्रतिवादीगण**

वाद अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 अधिनियम ग्राम नूनीखेडा परगना भु.स. तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश बाबत के दायरा की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप तारीख 30 माह 05 सन् 2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदका का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाब देही दावा करे ओर उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जवाब देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बस्वत मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज तारीख 16 माह 05 सन् 2025 जारी किया गया। **आज्ञा से**
**उपजिलाधिकारी जानसठ**

## बीटैक के 199 छात्रों को सौंपे गए टेबलेट

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में उत्तर प्रदेश सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना ''स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण'' के अन्तर्गत बी0टेक0 प्रथम वर्ष में अध्ययनरत 199 छात्र–छात्राओं को टेबलेट वितरित किये गये। अभिनन्दन समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर के चेयरमैन डॉ0 एस0सी0 कुलश्रेष्ठ, निदेशक डॉ0 एस0एन0 चौहान तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। साथ ही समारोह में श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज की अन्य घटक संस्थाओं के निदेशक/प्राचार्य डॉ0 प्रेरणा मित्तल, डॉ0 गिरेन्द्र गौतम, डॉ0 आर0 पी0 सिंह, डॉ0 मनोज धीमान तथा –एकेडमिक्स डॉ0 सुचित्रा त्यागी तथा डॉ0 विनीत शर्मा जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन असि0 प्रो0 आलोक जैन एवं असि0 प्रो0 इं0 रुचि राय ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में इं0 रिचा गोला, इं0 जीविका वत्स, इं0 निशु भारद्वाज, इं0 अभिषेक जागरवाल आदि सभी शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

# नगर पंचायत जानसठ ने विकास कार्यों को दी हरी झंडी

**जानसठ।** नगर पंचायत बोर्ड की बैठक अध्यक्ष डॉ. आबिद हुसैन की अध्यक्षता में आयोजित की गई और बोर्ड बैठक में नगर के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई और लेखा–जोखा प्रस्तुत किया गया।

नगर में चल रहे विकास कार्य के बारे में सदन को अवगत कराया गया, तथा सदस्यों से वार्ड वार विकास कार्यों के प्रस्ताव लिए गए जिन पर चर्चा की गई।चर्चा के उपरांत प्रस्ताव को स्वीकृत कर कार्य योजना बनाकर शासन को अति शीघ्र प्रेषित किए जाने का निर्णय लिया गया। सभासद मो. अहसान राजन कुमार ने नगर पंचायत कर्मचारी का पीएफ निकलवाने, सफाई व्यवस्था के लिए कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने, बरसात से पूर्व नाला गैंग कर्मचारियों की तैनाती किये जानें एवं वार्ड 13 की कॉलोनी में सड़क बनवानें और पेयजल लाइन बिछवाये जानें पथ प्रकाश व्यवस्था, आदि के प्रस्ताव रखे गये। सभासद सुशील कुमार, सतपाल प्रजापति, विशाल सैनी , धर्मेश सैनी, आशु कंसल, गौरव भटनागर ने नगर पंचायत सीमा क्षेत्र से बाहर मकान सम्पत्ति दर्ज किये जाने का विरोध करते हुए रसीद निरस्त किए जाने का प्रस्ताव रखा। मन्शूर अंसारी ने बोर्ड बैठक में सदस्यों को ही शामिल किये जाने तथा सड़क निर्माण पेयजल पाइपलाइन की बाबत प्रस्ताव रखा।जिनको सर्वसम्मति से पारित किया गया। चेयरमैन डॉ.आबिद हुसैन, सभासदगण मोहम्मद अहसान, सुशील कुमार, सतपाल सिंह, विशाल सैनी, धर्मेश, राजन, मंसूर आलम, आशु कंसल, गौरव भटनागर, वरिष्ठ लिपिक सचिन चौधरी आदि मौजूद रहे।



## एक्सईएन से मिलकर महापंचायत की स्थगित

**बुढ़ाना।** विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता अजीत सिंह यादव से जौला यूथ क्लब के पदाधिक.ारी 25 मई को होने वाली महापंचायत को लेकर मिले। जिसमें क्लब के पदा.धिकारियों को एक्सईएन ने आश्वासन दिया कि उनकी सब समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। इसलिए 25 मई की महापंचायत को स्थगित कर दें। बताया कि भारतीय किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरण सिंह का धरना फिलहाल कलेक्ट्रेट परिसर में चल रहा है। जिसमें उन्होंने अन्न त्याग दिया है। जिस कारण अभी महापंचायत नही की जा सकती। जैसे ही इस बारे में कोई अपडेट मिलती है और सभी समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो फिर कोई तारीख रखकर महापंचायत की जाएगी। मुख्य रूप से क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारी बाबा ठाकुर ठाठ सिंह, अध्यक्ष मौहम्मद गुलरेज राणा, जीशान अहमद और राशिद राणा आदि पदाधिकारी थे।

## नियमित योगाभ्यास करें

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय योग संस्थान के तत्वावधान में आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल में संचा.लित पांच दिवसीय हढी रोग निवारण शिविर में जिला प्रधान राज सिंह पुंडीर में बताया कि नियमित योगाभ्यास करने से शरीर स्वस्थ और निरोगी बना रहता है।

### सूचना

मेरे पुत्र **अबूशेमा (ABUSHEMA)** के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 6593, दिनांक 26.06.2021 में नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्र की जन्मतिथि दर्ज कराना भूल गया था। मेरे पुत्र **अबूशेमा (ABUSHEMA)** की **जन्मतिथि 22.05.2021** है। जन्मतिथि दर्ज कराने हेतु सम्बन्धित विभाग में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है।
**नासिर पुत्र मंगता अली**
निवासी– मकान नं.–1119, सूजडू, तहसील सदर, जिला– मुजफ्फरनगर।
मोबाइल नम्बर– 9927758758

# नैतिक एवम संस्कार शिविर का प्रारंभ



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** श्री चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर पीसनोपाडा खतौली में अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन खतौली व संयुक्त तत्वावधान उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान उत्तर प्रदेश सरकार के सान्निध्य में नैतिक एवम संस्कार शिविर का प्रारंभ हुआ यह कार्यक्रम श्रुतपंचमी महापर्व पर श्रुत सप्ताह के रूप में हो रहा है वीतराग विज्ञान पाठ शाला को 50 वर्ष हो गए हैं अत: स्वर्ण जयंती महोत्सव भी मनाया जा रहा है।

शनिवार को सम्पूर्ण खतौली में जैन मंदिरों की वंदना करती हुई एक विशाल प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें सभी श्रद्धालुजनजैन ध्वज लेकर भक्ति करते हुए और जैन धर्म की जय जय कार करते हुए सम्मिलित हुए। उसके पश्चात शिविर का ध्वजारोहण समाजसेवी राजीव जैन संजय जैन प्रेमविहार मुजफ्फरनगर वालो ने किया शि.विर आमंत्रण पवन जैन पंकज जैन सर्राफ व संदीप जैन आगम जैन रहे शिविर का उदघाटन योगेशचंद सुनील अनिल जैन खजांची परिवार ने किया बच्चों ने मंगलाचरण व स्वागत गीत की अदभुत प्रस्तुति दी उसके बाद हैदराबाद से पधारे डॉ पुनीत जैन का प्रवचन हुआ उन्होंने बताया जो स्वयं पूर्ण सुखी है वही सुख का मार्ग बता सकता है कार्यक्रम में सुमित जैन इंदौर,विदेह जैन, कलपेंद्र जैन,राजकुमार जैन, राहुल जैन,मुकेश जैन हितेश जैन मनोज आढ़ती अनन्त वीर्य जैन मदन जैन निशांत जैन,विनय जैन,सुशील जैन मंडी संजय दादरी, अंकित अशोक संजय, कुलदीप, रजनी, शैलबाला, रीतू शिल्पी, संगीता,अंजू,अंजलि मृदुला जैन आदि सैंकड़ो की संख्या में जैंन श्रद्धालु उपस्थित रहे कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जैन बाल संस्कार चैनल पर होगा।

# 10 एकड़ से अधिक भूमि पर करें इन्डस्ट्रीयल टाउनशिप विकसित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** आज फेडरेशन ऑफ मुज़फ्फरनगर कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सभागार में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम योजनाओं पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संयुक्त आयुक्त उद्योग, सहारनपुर मंडल अंजू रानी रहीं, उनके साथ उपायुक्त उद्योग मुज़फ्फरनगर जैस्मिन फौजदार भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक में फेडरेशन के सदस्यों को सरकारी योजनाओं, सब्सिडी, और इंडस्ट्रियल टाउनशिप विकास से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी गई।

अंजू रानी ने बताया कि कैसे 10 एकड़ से अधिक भूमि पर इंडस्ट्रियल टाउनशिप विकसित करने के लिए शासन की ओर से सहयोग मिलता है। उन्होंने फैसिलिटेशन काउंसिल की भी जानकारी दी।

जिसके माध्यम से माइक्रो और स्मॉल उद्योगों को भुगतान विवादों के मामलों में मदद मिल सकती है।इसके अतिरिक्त, उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, जनरेटर व लेब इक्विपमेंट पर सब्सिडी, नई यूनिट पर प्रोत्साहन, प्रोडक्शन बढ़ाने के लिए सहायता आदि योजनाओं पर प्रकाश डाला। मंच संचालन फेडरेशन के सचिव अभिषेक अग्रवाल ने किया।अध्यक्ष नीलकमल पुरी ने मुख्य अतिथियों का बुके और मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया और धन्यवाद ज्ञापित किया।

बैठक में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष अंकुर गर्ग, अंकित संगल, उपाध्यक्ष अश्वनी मित्तल, राकेश जैन, कोषाध्यक्ष आशीष बंसल, सह सचिव आशीष गर्ग, अरविंद गुप्ता, दीपक मित्तल, अशोक अग्रवाल, दीपक सिंघल, निपुण मित्तल, शारिक सुल्तान, सोम प्रकाश कुचल, राकेश ढींगरा, विपिन गुप्ता सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र वसीम व उसकी पत्नी फरहाना निवासीगण शफीपुर पटटी लुहसाना, कस्बा व थाना बुढाना जिला मुजफ्फरनगर मेरे कहने सुनने में नहीं है और प्रतिदिन मेरे व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ लडाई झगडा व घरेलू कलह रखते हुए हमें जान से मारने की धमकी देते हैं। इन्हें काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन ये कोई बात समझने को तैयार नहीं है। वसीम व फरहाना को मैने आज दिनांक 10.05.2025 को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज से मेरा व मेरे परिवार का वसीम व फरहाना से कोई मतलब वास्ता नही रहा है। इन दोनों के किसी भी कृत्य या लेने–देन की मेरी व परिवार के किसी सदस्य की जिम्मेदारी कोई नही होगी और ना ही वसीम व फरहाना का मेरी किसी चल–अचल सम्पत्ति में कोई हिस्सा होगा।

**शाहबुदीन पुत्र अ. लतीफ**
**निवासी–शफीपुर**
**पट्टी लुहसाना,**
**कस्बा व थाना बुढाना**
**जिला–मुजफ्फरनगर**

**न्यायालय उपजिलाधिकारी तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर।**
वाद संख्या– टी 202409550201416 सन् 2024 1. वीर सिह पुत्र ज्ञान सिह 2. धीर सिंह पुत्र ज्ञान सिह 3. श्रीमती रीता पत्नी मनीत कुमार समस्त निवासीगण ग्राम नूनीखेडा परगना भु.स. तहसील जानसठ जिला मु0नगर। ...वादीगण
**बनाम** 1. राजपाल पुत्र अतर सिह 2. अजीत सिह पुत्र ज्ञान सिह 3. मनोज कुमार पुत्र फेरू 4. अमित कुमार पुत्र फेरू 5. जितेन्द्र कुमार पुत्र फेरू समस्त निवासीगण ग्राम नूनीखेडा परगना भु.स. तहसील जानसठ जिला मु.नगर। 6. ग्राम पंचायत नूनीखेडी परगना भु.स. तहसील जानसठ जिला मु.नगर द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत मजकूर। .........प्रतिवादीगण

वाद अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 अधिनियम ग्राम नूनीखेडा परगना भु.स. तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश बाबत के दायरा की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप तारीख 30 माह 05 सन् 2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदका का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाब देही दावा करे ओर उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जवाब देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बस्वत मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज तारीख 16 माह 0 5 सन् 2025 जारी किया गया। **आज्ञा से**
**उपजिलाधिकारी जानसठ**

## अपरा एकादशी पर जैन समाज ने किया छबील का आयोजन, राहगीरों को बांटा गया ठंडा शरबत



**खतौली।** अपरा एकादशी के पावन अवसर पर जैन समाज टिकरी के नेतृत्व में एक छबील (शरबत वितरण शिविर) का आयोजन किया गया। यह छबील खतौली जीटी रोड स्थित कोतवाली के सामने लगाई गई, जहां समाज के सदस्यों ने राहगीरों को मीठा ठंडा शरबत पिलाकर गर्मी से राहत पहुंचाई। इस सेवा कार्य में समाज के अनेक सदस्य सक्रिय रूप से शामिल रहे। सुभाष चंद्र जैन, हंस कुमार जैन, प्रवीन जैन, प्रदीप जैन, मनीष जैन, पियुष जैन, कन्हैया कुमार गोयल सहित कई अन्य समाजसेवियों ने तन–मन से सेवा कर लोगों की प्यास बुझाई। इस अवसर पर जैन समाज द्वारा अपरा एकादशी के धार्मिक महत्व को भी रेखांकित किया गया और लोगों को सेवा तथा परोपकार के लिए प्रेरित किया गया। राहगीरों ने इस पहल की सराहना की और समाज के इस प्रयास को धन्यवाद दिया।

# सरकारी सहायता दिलाने के नाम पर दर्जनों महिलाओं से लाखों की ठगी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** बेटी के जन्म और पति की मौत पर सरकार से ढाई लाख रुपये दिलाने का झांसा देकर एक महिला और उसके पति ने दर्जनों महिलाओं से लाखों रुपये की ठगी कर डाली। पीड़ित महिलाओं ने इस मामले को लेकर कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है।

गीतापुरी भूड़ निवासी राजकुमारी पत्नी मनोज ने बताया कि मोहल्ले में रहने वाली सोनिया और उसके पति नरेंद्र ने उसे बेटी पैदा होने पर सरकार से ढाई लाख रुपये दिलाने का लालच दिया। इस झांसे में आकर उसने 50 हजार रुपये उन्हें दे दिए। लेकिन जब काफी समय बीत गया और कोई सहायता नहीं मिली, तो उसने संपर्क किया। तब पता चला कि इसी तरह की ठगी मोहल्ले की अन्य महिलाओं के साथ भी की गई है। राजकुमारी का कहना है कि सोनिया और नरेंद्र ने कई महिलाओं सरोज, सोनिया, राधा, अंजली, विशाल, जिशान्त, विशाल, शमशाद आदि से इसी तरह लाखों रुपये ऐंठ लिए हैं। जब सभी पीड़ित महिलाओं को इस ठगी की जानकारी हुई, तो वे कोतवाली पहुंचीं और दोनों आरोपियों के खिलाफ तहरीर देते हुय बताया कि उक्त महिला और उसके पति से रुपए वापिस मांगे तो दोनों ने उन्हें जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया। महिलाओं ने पुलिस से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और उनके पैसे वापस दिलाए जाएं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



### चुनाव विज्ञप्ति

संस्कृत वृद्धिनी सभा खतौली (गुजफ्फरनगर) की साधारण सभा के सभी सम्मानित सदस्यों को सूचित किया जाता है कि सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसायटीज एवं चिट्स सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर के पत्र संख्या 413 (1)/15714–आई/स0पुर दिनांक 22.05.2025 के अनुपालन में संस्था सस्कृत वृद्धिनी सभा खतौली (मुजफ्फरनगर) की प्रबन्ध समिति का चुनाव सोसायटी रजि0 एक्ट 1860 की धारा 25 (2) के तहत कराने हेतु कार्यक्रम निम्नवत घोषित किया जाता है।

| क्र0सं0 | दिनांक | समय | कार्यक्रम |
|---|---|---|---|
| 1. | 12.06.2025 | प्रात: 10.00 बजे | मतदाता सूची का प्रकाशन (कार्यालय जनता इण्टर कालेज गंगधाडी खतौली के नोटिस बोर्ड पर) |
| 2. | 12.06.2025 | दोपहर 10.00 बजे से 12.00 बजे तक | मतदाता सूची पर आपत्ति प्रस्तुत करना |
| 3. | 13.06.2025 | दोपहर 2.00 बजे | आपत्ति निराकरण एवं अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन |
| 4. | 14.06.2025 | प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक | नामांकन पत्र प्राप्त करना, भरकर जमा करना एवं नामांकन वापसी |
| 5. | 14.06.2025 | दोपहर 2.00 बजे | अन्तिम प्रत्याशी सूची का प्रकाशन व चुनाव चिन्हों का आवंटन की सूचना |
| 6. | 15.06.2025 | मतदान (यदि आवश्यक हुआ) 10.00 बजे से 2.00 बजे तक व उसके पश्चात मतगणना व परिणाम घोषणा होने तक | |

**आवश्यक निर्देश**

1– प्रबन्ध समिति के निर्वाचन होने वाले पदों का विवरण 1– प्रधान 2 उप प्रधान 3 मंत्री 4 उपमंत्री 5– कोषाध्यक्षा 7– सदस्य–07
2– नामांकन पत्र प्रत्याशी द्वारा स्वयं दाखिल करना होगा।
3– मतदान में वही सदस्य भाग ले सकेगें, जिसके पास भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमन्य पहचान पत्र हो।
4– सभी सदस्य अपना एक पासपोर्ट साइज फोटो तथा आधार कार्ड की एक छाया प्रति भी साथ लेकर आये
5– संस्कृत वृद्धिनी सभा खतौली की संशोधित नियमावली की धारा–2 के अनुसार कार्यक्रम स्थल कार्याल जनता इण्टर कालेज गंगधाडी, खतौली होगा।

दिनांक–24.05.2025

**(दिनेश कुमार जैन)**
चुनाव अधिकारी / प्रधानाचार्य जैन इण्टर कालेज मुजफ्फरनगर

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र शेखर मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने मे नही है। आवारा लोगो की संगत मे रहकर आवारा हो गया है इसलिए मैने अपने पुत्र को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। यदि उनसे कोई लेन–देन या या झगडा फसाद करता है तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होंगा। मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी।

**सुनील पुत्र ईश्वर निवासी ग्राम बघरा, थाना तितावी, जिला मुजफ्फरनगर**

# प्रॉपर्टी डीलरों ने किया विरोध, अधिकारी आरोपों के घेरे में

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली विकास प्राधिकरण (एमडीए) द्वारा अवैध कॉलोनियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को बुढाना मार्ग स्थित बिजली घर के पीछे विक. सित की जा रही दो अवैध कालोनियों पर बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान प्राधिकरण के एक्सईएन और जेई को प्रॉपर्टी डीलरों के भारी विरोध और घेराव का सामना करना पड़ा।कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी नोकझोंक हुई और प्रॉपर्टी डीलरों ने एमडीए अधिक. ारियों पर गंभीर आरोप लगाए। आरोप है कि अधिकारी एक पक्षीय कार्रवाई कर रहे हैं और इसके पीछे सुविधा शुल्क (घूस) लेने का मामला भी सामने आया है। प्रोपर्टी डीलरों का आरोप था कि बराबर में अफजाल नाम का प्रोपर्टी डीलर भी कालोनी काट रहा है जिसके द्वारा कालोनी का नक्शा भी पास नही है फिर भी एमडीए उसकी तरफदारी कर कार्रवाई से इंकार कर रहा है। मौके पर बढ़ते तनाव को देखते हुए अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन देकर किसी तरह भीड़ से पीछा छुड़ाया कर चलते बने। शनिवार को एमडीए की टीम ने अधिशासी अभियंता विनीत अग्रवाल के निर्देशन में बुढाना मार्ग पर दो स्थानों पर अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान कुछ निर्माणों



को ध्वस्त किया गया, जबकि अन्य स्थानों पर भारी विरोध के चलते कार्रवाई अधूरी रह गई।

एमडीए द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई से भूमाफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। प्रशासन का कहना है कि अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा और किसी भी दबाव में आकर कानून को हाथ में लेने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

प्रशासन सख्त, लेकिन सवाल खड़े हालांकि, अधिकारियों पर लगे आरोपों ने एमडीए की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय निवासियों और जनप्रतिनिधियों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# 181 किसानों की 6.30 लाख की टोकनमनी दबाए बैठा कृषि विभाग

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के 181 किसानों की करीब 6.30 लाख की टोकनमनी कृषि विभाग दबाए हुए बैठा है। इन किसानों को न तो कृषि यंत्रों का लाभ मिल पाया है, और न ही विभाग द्वारा अभी तक टोकनमनी वापस की गई है। टोकनमनी के लिए किसान कृषि विभाग के चक्कर काट रहे हैं।

कृषि मंत्री सूर्या प्रताप शाही ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए ट्वीट कर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को किसानों की टोकनमनी को शीघ्र वापस करने के सख्त निर्देश दिए हैं। शासन की नेशनल फूड सिक्यूरिटी मिशन और नेशल मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एंड टेक्नालाजी योजना के तहत अक्टूबर, नवम्बर और दिसम्बर 2024 में काफी किसानों ने कृषि यंत्रों के लिए आवेदन करते हुए टोकनमनी जमा कराई थी। कृषि विभाग द्वारा ई लाटरी कराते हुए किसानों को कृषि यंत्र दिए गए थे, लेकिन 181 किसानों को कृषि यंत्र नहीं मिल पाए थे। किसान काफी परेशान हैं और कृषि विभाग के चक्कर लगा रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही उनकी टोकनमनी वापस हो जाएगी। संतोष कुमार यादव, उप कृषि निदेशक ने बताया कि इन किसानों के बैंक खातों का सत्यापन किया जा रहा है। करीब 150 किसानों के खातों का सत्यापन हो चुका है और शीघ्र इन किसानों के खातों में टोकनमनी वापस हो जाएगी।

## अतिक्रमण के संबंध में कल होगी जरुरी बैठक

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना में दिनों दिन बढ़ते अतिक्रमण की रोकथाम के लिए एक आवश्यक बैठक 26 मई को सुबह 11 बजे बुढ़ाना नगर पंचायत के सभागार में आयोजित की जाएगी। जिसमें नगर पंचायत बुढ़ाना की चेयरपर्सन, सभी 17 वार्डों के सभासद और विभिन्न व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारी शामिल होंगे। बैठक में एसडीएम भी भाग लेंगे। बुढ़ाना नगर पंचायत के ईओ आलोक रंजन ने यह जानकारी मीडिया से साझा कि और बताया कि बुढ़ाना नगर क्षेत्र में बढ़ते अतिक्रमण के कारण सडकों पर चलना भी दुर्भर होता जा रहा है। बढते अतिक्रमण के कारण सडकों पर जाम आदि की समस्या के साथ सफाई व्यवस्था भी बाधित हो रही है तथा दुर्घटनाएँ भी घटित हो रही हैं। अतिक्रमण की समस्या के निराकरण के लिए व्यापारियों के सहयोग की आवश्यकता के दृष्टिगत उप ज़िला. धिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन 26 मई को प्रात: 11 बजे कार्यालय नगर पंचायत में किया जा रहा है।

## बीमार गौ वंश को गौ सेवकों ने पहुंचाया गौशाला

**मोरना।** क्षेत्र मे इधर उधर भटक रहा असहाय गौ वंश बीमार होकर दम तोड़ने को मजबूर है। मार्ग किनारे बीमार पड़े गौवंश को गौ सेवकों ने गौशाला मे पहुँचाया। भोकरहेड़ी –बहुपुरा मार्ग पर खेत मे बीमार होकर पड़े गौवंश की सूचना पर राष्ट्रीय गौ सेवक संघ के प्रदेश अध्यक्ष देव शर्मा ने संज्ञान लेकर बीमार गौ वंश को भोकरहेड़ी स्थित कान्हा गौ शाला मे पहुंचाया जहां बीमार् गौ वंश का उपचार किया गया।देव शर्मा ने बताया की युवा भाजपा नेता विपुल सहरावत की सूचना पर बीमार गाय को खेत से ले जाकर गौशाला मे पहुंचाया गया जहां उसका उपचार किया गया है।

# खतौली में चलेगा अतिक्रमण के खिलाफ युद्धस्तर पर अभियान

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** कस्बे में दिन–ब–दिन बढ़ते अतिक्रमण और उससे हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। नगर पालिका परिषद खतौली अब कस्बे को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए युद्धस्तर पर अभियान चलाने जा रही है। यह अभियान अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार के निर्देशन में संचालित किया जाएगा। कस्बे के मुख्य बाजारों और गलियों में दुकानदारों द्वारा दुक. ानों का सामान सड़कों तक फैला दिया गया है। वहीं, सब्जी और फल विक्रेता प्रशासन के बार–बार निर्देश देने के बावजूद सड़क किनारे ही अपने ठेले और दुकानें सजाए बैठे हैं। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन जाम और दुर्घटनाएं आम हो चली हैं। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि अब किसी को बख्शा नहीं जाएगा। जो भी दुकानदार या फेरीवाले सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण करते पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका की टीम जल्द ही अभियान की शुरुआत करेगी और अतिक्रमण हटाने के साथ–साथ जुर्माना भी लगाया जाएगा। वही इस अभियान के शुरू होने से पहले नगर पालिका प्रशासन द्वारा खतौली में एलॉसमेंन्ट कराकर नगर के सभी अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए अतिक्रमण न करने की अपील की। साथ ही पालिका प्रशासन द्वारा आगामी मंगलवार को शुरू होने वाले अतिक्रमण अभियान में अतिक्रमण करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई। अधिकारियों ने अतिक्रमणकारियों को सीधी चेतावनी देते हुए कहा कि अतिक्रमण अभियान से पहले ही सभी को अतिक्रमण हटाने की सूचना दे दी गई है, उसके बाद भी अगर अतिक्रमण पाया गया तो अतिक्रमणकारियों का सामान जप्त करने के बाद भारी जुर्माना वसूला जाएगा।

# बीआईटी में भव्य मॉडल, क्विज प्रतियोगिता

**मीरापुर।** भगवंत आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल, के शरीर रचना विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की आरंभ सीरीज में एक भव्य मॉडल, क्विज प्रतियोगिता एवं श्लोक वाचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में संस्थान के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने अपने प्रेरणादायक विचारों में आयुर्वेद एवं योग की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा विदेशों में आयुर्वेद की बढ़ती लोक. प्रियता का उल्लेख किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. अजय कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में छात्रों को आयुर्वेद के गहन अध्ययन की प्रेरणा दी और बताया कि शरीर रचना विज्ञान (एनाटॉमी) चिकित्सा विज्ञान का मूल आधार है। संस्थान के प्रबंधन के वरिष्ठ सदस्यों जैसे निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल, उपनिद. ेशक डॉ. अजय गुप्ता, सहायक निद. ेशक डॉ. पुष्पनील वर्मा, वित्त महाप्र. बंधक दुष्यंत, डीन बीजीआई डॉ. अजय सिंह, उप कुलसचिव डॉ. आदित्य शर्मा एवं प्रशासनिक अधिक.



ारी अभय की उपस्थिति एवं निरंतर सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का संचालन शरीर रचना विभाग की डॉ. निशा यादव एवं डॉ. राशि गर्ग द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. विशाल कुमार, डॉ. जितेन्द्र मेवाड़ा, डॉ. निष्ठा जैन, डॉ. कपिल चौधरी, डॉ. नीरज घालयान, डॉ. राहुल जैन, डॉ. विवेक अहलावत, डॉ. शमशेर, डॉ. हिमांशु, योगेन्द्र कुमार आदि की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। मॉडल प्रतियोगिता में वसी खान एवं राफिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में स्वाति, गौरव, सौरभ एवं शारमीन विजेता रहे, जबकि श्लोक वाचन प्रतियोगिता में अहमद कमाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता विद्यार्थियों को सहायक निदेशक डॉ. पुष्पनील वर्मा एवं आयुर्वेद फैकल्टी द्वारा उपहार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी विज. ेताओं एवं प्रतिभागियों को बधाई देते डॉ. पुष्पनील वर्मा ने विद्यार्थियों को पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी अपने समग्र विकास पर ध्यान दें, ताकि भविष्य में आयुर्वेद एवं संस्थान का नाम गौरवान्वित कर सकें।

## लोहिया बाजार में लाठी डंडों सहित घूमते दिखे संदिग्ध

**मुजफ्फरनगर।** 23 मई की सुबह एक व्यापारी सुबह जब अपनी दुकान खोलने आया तो दुकान का दरवाजा अंदर से बंद मिला जो कि काफी प्रयास करने पर भी नही खुला जिसे छत से प्रवेश कर किसी तरह खुलवाया गया व एक सामान्य घटना समझ अनदेखा कर दिया गया परन्तु शाम के समय जब गेट बंद करने लगे तो वह बन्द नही हुआ व पता लगा को दरवाजे को अंदर से तोड़ने का प्रयास किया गया है जब व्यापारी ने घटना का जिक्र देर शाम आसपास के लोगो से किया तब कड़ियाँ जुड़ी व क्षेत्रिय निवासियों ने बताया कि रात में 12 से 4 बजे के बीच मोहल्ले में 8 से दस असामाजिक तत्व लाठी–डंडो के साथ घूमते हुए देखे गये हैं जिसे सुनकर क्षेत्रवासियों में डर का माहौल हो गया। समस्त घटना की सूचना हेतू सपा नेता व क्षेत्रीय निवासी गौरव जैन ने खालापार कोतवाल व खालापार चौकी प्रभारी को संभावित घटना से सावधान किये जाने हेतू फोन से संपर्क करना चाहा व दोनों के फोन न उठने पर 112 पर रात में ही सूचित किया गया कुछ ही देर में वहां दो पुलिसकर्मी गाड़ी लेकर पहुँचे जिन्हें क्षेत्रवासियों ने प्रकरण से अवगत कराया व पुलिस कर्मियों ने अपनी ओर से आश्वासन देते हुए कहा कि वह शीर्ष अधिकारियों को सूचित करने के साथ ही क्षेत्र में निगरानी का कार्य मुस्तेदी से किया जायेगा ।

## संक्षिप्त समाचार

### कैडेट्स को फायरिंग और आपदा प्रबंधक का मिला प्रशिक्षण

**मुजफ्फरनगर।** 82वीं यूपी एनसीसी बटालियन के प्रशिक्षण सत्र में शनिवार को कैडेट्स को दो सत्रों में प्रशिक्षण किया गया। इस दौरान फायरिंग और आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण किया गया। शनिवार को प्रथम सत्र की गतिविधियां में प्रात:काल में कैडेट्स को फिजिकल प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद ड्रिल का अभ्यास कराया गया। चौधरी छोटूराम महाविद्यालय की फायरिंग रेंज पर कैडेट्स को निशानेबाजी का प्रशिक्षण दिया गया। कैडेट्स को मानचित्र सेट करने के तरीके बताए गए। मानचित्र अध्ययन एक महत्वपूर्ण विषय है। इसके बाद द्वितीय सत्र की गतिविधियां में कैडेट्स को आपदा प्रबंधन के बारे में बताया आपदा प्रबंधन एक महत्वपूर्ण प्रकिया है। जिसमें आपदाओं के प्रभावों को कम करने और उनके प्रबंधन के लिए विभिन्न कदम उठाए जाते हैं। आपदा प्रबंधन के मुख्य उद्देश्य तथा आपातकालीन स्थिति में आपदा से बचने के तरीके बताए गए। फर्स्ट आफिसर जयवर्धन ने कैडेट को बताया कि आपदा प्रबंधन की एजेंसियों में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और स्थानीय प्रशासन की ईकाईयां शामिल होती हैं। आपदा प्रबंधन के माध्यम से हम जीवन और सम्पत्ति की सुरक्षा कर सकते हैं। इसके बाद कैडेट्स को विभिन्न खेल गतिविधियां कराई गई और खेलों से शरीर पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों के बारे में बताया गया।

### ज़हरीले खान पान को लेकर की गई चिंता व्यक्त

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना की मास्टर कालोनी में स्थित टीएलबीआई के कार्यालय में कस्बे और क्षेत्र के गणमान्य लोगों की एक महत्त्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आजकल के खान पान को लेकर चिंता व्यक्त की गयी और कहा गया कि जो खाना हम शादी ब्याहों में खा रहे हैं उससे हमारा स्वास्थ्य खराब ही हो रहा है। आज कल की हरी सब्जियों में पेस्टीसाइड कैमिकल इतनी मात्र में आ रहा है कि हम इन सब्जी फलों को धोना भी पसंद नही करते बस हाथ से साफ़ करके खाना शुरु कर देते हैं। जिसके परिणाम बाद में गंभीर होते हैं। ये बातें सुबेदार मुकेश भार्गव ने कही और कहा कि हमें ऐसे खानों से बचना चाहिए और शुद्ध खाना खाना चाहिए ताकि हम स्वस्थ्य रहें। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी कंपनी टीएलबीआई के प्रोडक्ट का इस्तेमाल बीते कल बुढ़ाना क्षेत्र के गांव बिटावदा में आयोजित एक सामाजिक कार्यक्रम में किया तो सभी ने खाने की तारीफ की क्योंकि सारा भोजन साफ़ सुथरा था और कोई भी केमिकल या पेस्टिसाइड किसी भी सब्जी या दूध में नहीं लगा था। उन्होने बताया कि जहरीले खाने को खाने से बचें और शुद्ध भोजन करें। बैठक में पहलवान सुधीर पंवार, प्रवीण पंवार, अमित सिंह और मांगेराम पंवार आदि लोग मौजूद थे।

### एसपी देहात ने लिया विवेचकों का अर्दली रूम

**बुढ़ाना।** एसपी देहात आदित्य बंसल द्वारा कोतवाली बुढाना पर नियुक्त विवेचकों का अर्दली रुम किया गया। विवेचकों को समयबद्ध, निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्वक विवेचनाओं का निस्तारण करने, शांति व सुरक्षा व्यवस्था तथा अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उन्होने आम जनता से शालीनता पूर्ण व्यवहार करने, महिला सम्बन्धी अपराधों की जाँचकर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने व क्षेत्र में नियमित रूप से पैट्रोलिंग करने के लिए निर्देशित किया गया। उनके द्वारा गैंगस्टर अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों में धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही कर अपराधियों की संपत्ति के जब्ती करण की कार्यवाही किये जाने के लिए सम्बन्धित को कड़ाई से पालन करने एवं अवैध खनन, पशु, वन, भू माफियाओं को अभियान चलाकर चिन्हित कर उनके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर कडी कानूनी कार्यवाही करने तथा हिस्ट्रीशीटर्स की समय समय पर चेकिंग करने व फ्लाई सीट में चेकिंग की प्रविष्टियां पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया गया। उनके द्वारा सब पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों से बात कर उनकी समस्याओं को जानकर तुरंत निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया।

# द एस डी पब्लिक स्कूल में बैगलेस डेज की धूम

**मुजफ्फरनगर।** शनिवार, 24 मई 2025 राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के द्वारा विद्यार्थियों को पारंपरिक शैक्षणिक कक्षाओं से विराम देकर तनाव मुक्त वातावरण में आनंद पूर्ण तरीके से सीखने की ओर उन्मुख करने के उद्देश्य से बैगलेस डेज का प्रावधान किया गया है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए द. एस. डी. पब्लिक स्कूल, द्वारिका सिटी, मुजफ्फरनगर में विद्यार्थियों हेतु बैगलेस डेज का आयोजन किया। जिसमें विद्यार्थियों को कठपुतली कला, फोटोग्राफी, कला रंगमंच (थिएटर) के विषय में बताते हुए उनसे संबंधित व्यावहारिक एवं रचनात्मक गतिविधियां कराई गई। बैगलेस डेज के अंतिम दिवस पर विद्यार्थियों ने सीखे गए कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने कठपुतली कला के माध्यम से लोक कथाओं एवं सामाजिक संदेशों की रोचक प्रस्तुती दी।

फोटोग्राफी गतिविधि में उन्होंने कैमरे की सहायता से विद्यालय परिसर के आसपास के प्राकृतिक दृश्यों, सहपाठियों की गतिविधियों और जीवन के विविध पहलुओं की तस्वीरें खींची। कला रंगमंच (थिएटर) गतिविधि में विद्यार्थियों ने नवरस को नाटक और नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम माहना ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन



की प्रशंसा करते हुए कहा कि बैगलेस डेज विद्यार्थियों को अकादमिक बोझ और औपचारिकता से मुक्त करते हैं, साथ ही उनके व्यक्तित्व में वृद्धि करके उनमें रचनात्मकता, आत्मविश्वास, प्रस्तुति कौशल एवं का संप्रेषण कला का विकास करते है। निसंदेह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु सीबीएसई की पहल प्रशंसनीय है।

## पोक्सो एक्ट में कार्तिक गिरफ्तार

**बुढ़ाना।** फुगाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट का वांछित कार्तिक निवासी गांव दिनदारपुर सहारनपुर को चौराहे से गिरफ्तार कर लिया है। वह बुढ़ाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ हुई घटना के बाद से वह फरार चल रहा था।

## झुग्गियों में रहे संदिग्धों की जांच की मांग

**मुजफ्फरनगर।** साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रांतिकारी शालू सैनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा तथा कुकुड़ा बाईपास के पास मुजफ्फरनगर में अवैध झुग्गियों में रह रहे संदिग्ध लोगों की जांच की मांग की है, जिनके बांग्लादेशी होने का शक है। ज्ञापन राजू सैनी मंगलेश प्रजापति एड.,अमित सैनी,रजनी शर्मा, गीता गुज्जर एड., काजल सुधा, अमित त्यागी, अन्नू गोयल आदि ने दिया

## भोपा के तीन छात्र सैनिक स्कूल के लिए चयनित

मुजफ्पफरनगर।जी.एस. एकेडमी भोपा के तीन छात्रों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में लहराया परचम भोपा, यूसुफपुर कृ केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित ऑल इंडिया सैनिक स्कूल एंट्रेंस एग्जाम में जी.एस. एकेडमी भोपा के तीन होनहार विद्यार्थियों ने शानदार सफलता प्राप्त की है। कक्षा 6 में अध्ययनरत इन छात्रों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत से विद्यालय, परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

सफल होने वाले छात्रों में श्रेयांश वत्स, ग्राम तिस्सा निवासी, आरव वालिया, निवासी भोपा, पिता का नाम निखिल वालिया तथा प्रियांशी राठी, पिता का नाम निर्मित कुमार आदि शामिल रहे। इनमें से श्रेयांश वत्स, वर्तमान में जवाहर नवोदय विद्यालय, बघरा में कक्षा 6 का छात्र है। तीनों बच्चों की सफलता पर विद्यालय के शिक्षकों एवं अभिभावकों में खुशी की लहर है।

# जफरयाब अली ने किया बच्चों को सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आज होली एमपिल पब्लिक स्कूल सुजडू में बच्चों को सम्मानित करने पहुंचे चौधरी जफरयाब अली पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा स्कूल डायरेक्टर डॉक्टर खालिद अब्बासी, स्कूल प्रिंसिपल गुलशन, टीचर फरहाना, जैनब, शाजिया, हिना, फरहान, हाजी मेहरबान, सरताज प्रधान, मोहम्मद राशिद, नजर मोहम्मद सैकड़ो पेरेंट्स मौजूद रहे

# मिनी स्टेडियम की जांच करने पहुंचे सांसद चंदन सिंह चौहान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** क्षेत्र के ग्राम कासमपुर खोला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा घोषित मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। यह परियोजना क्षेत्रीय युवाओं को खेलकूद की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। हालांकि, निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों द्वारा कई शिकायतें उठाई गईं, जिसे गंभीरता से लेते हुए बिजनौर के सांसद चंदन सिंह चौहान शनिवार को स्वयं ग्राम कासमपुर खौला पहुंचे और निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सांसद चौहान ने ठेकेदार और उपस्थित अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देश दिए कि निर्माण सामग्री में किसी भी प्रकार की अनियमितता या धांधली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये।

इस मौके पर ग्राम कासमपुर खोला के प्रधान पंकज ने जानकारी दी कि ग्रामीणों को स्टेडियम निर्माण में हो रही अनियमितताओं की शिकायत थी, जिसकी सूचना सांसद को दी गई थी। इसी के मद्देनजर सांसद खुद गांव पहुंचे और पूरी स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ठेकेदार और अन्य संबंधित लोगों को सख्त चेतावनी देते हुए पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ काम करने के निर्देश दिये। गौरतलब है कि यह मिनी स्टेडियम क्षेत्र के युवाओं के लिए एक बड़ी सौगात है, जहां वे फुटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल और एथलेटिक्स जैसी गतिविधियों में भाग लेकर अपने खेल कौशल को निखार सकेंगे।

यह स्टेडियम न केवल खेल गतिविधियों को बढ़ावा देगा, बल्कि ग्रामीण प्रतिभाओं को एक मंच भी प्रदान करेगा। इस अवसर पर सांसद चंदन सिंह चौहान के साथ प्रधान पंकज, गोल्डी, अमित, रचित, शशिकांत और अन्य ग्रामीण भी उपस्थित रहे। सभी ने सांसद का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने ग्रामीणों की चिंता को गंभीरता से लिया और स्वयं मौके पर पहुंचकर जांच की।

## एसएसके स्कूल का सीबीएसई बोर्ड का परीक्षाफल रहा शत–प्रतिशत

**मुजफ्फरनगर।** एस.एस.के. पब्लिक स्कूल का कक्षा 10 का परीक्षाफल 100 प्रतिशत रहा तथा कक्षा 12 का परीक्षाफल 90 प्रतिशत रहा। कक्षा 10 में मिस्बा, सार्थक तथा अयान ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान तथा कक्षा 12 में तनु, मौ.. फहाद, रफत जिया ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय के चेयरमेन व उ0प्र0 मान्यता प्राप्त विद्यालय महासभा के प्रान्तीय अध्यक्ष राम प्रशाद शर्मा ने मेधावी बच्चों को आर्शीवाद देते हुए उन्हे निरन्तर आगे बढने के लिए प्रेरित किया।

## सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल मीरापुर में पूल फन पार्टी का आयोजन

**मीरापुर।** स्थित सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों के लिए एक रंगारंग पूल फन पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को गर्मी के मौसम में आनंद के साथ सीखने का अवसर देना था। छोटे–छोटे बच्चों ने रंग–बिरंगी छतरियों के साथ स्कूल परिसर में लगे पूल में खूब मस्ती की और ठंडे पानी का आनंद उठाया। इसके अलावा बच्चों के लिए स्वादिष्ट भोजन की भी व्यवस्था की गई थी, जिसे उन्होंने बड़े चाव से खाया। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य सजी वर्गीस और समन्वयक रोशनी सिबी ने बच्चों को टीम भावना से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ न केवल बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ाती हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका छाया, प्रीति, नैना, सीमा, जपनीत, आकांक्षा, जोगिंदर, राकेश और गौरव का विशेष सहयोग रहा।

# वेदांता स्कूल के वाटर पार्क में बच्चों ने की मस्ती

**मंसूरपुर।** वेदांता स्कूल में दो दिवसीय छात्र व छात्राओ के लिए अलग–अलग ड्रिज्जलिंग लैंड वाटर पार्क व एम्यूजमेंट पार्क गाजियाबाद,के लिए टूर का आयोजन किया गया। टूर के लिए बच्चों में अत्यधिक प्रसन्नता दिखाई दी।रास्ते में सभी बच्चों ने एवं अध्यापक अध्यापिकाओं ने मौज मस्ती की। विद्यालय के प्रबंधक सुशील आर्य एवं प्रधानाचार्य विवेक चौधरी ने भी मिलकर बच्चों के इन उल्लासपूर्ण पलो में खूब साथ दिया। सुबह 10:30 सभी लोग ड्रिज्जलिंग लैंड (गाजियाबाद)पहुंचे जिसे देखकर बच्चों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा। सभी बच्चों ने अनुशासन में रहकर ड्रिज्जलिंग लैंड के नियमों का पालन किया। सबसे पहले बच्चों ने वेव सुनामी पूल एवं स्विमिंग पूल का आनंद लिया। इसके अलावा भिन्न–भिन्न प्रकार की वॉटर राइड्स जो कि बच्चों के लिए पूर्णतया सुरक्षित थी उनका आनंद उठाया। रेन डांस में डीजे पर बच्चों ने अपने अध्यापकों के साथ खूब डांस किया। दोपहर 1:00 बच्चों ने लंच के साथ आइसक्रीम एवं विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनंद लिया। बच्चों की प्रसन्नता देखते ही बनती थी। ड्रिज्जलिंग लैंड में विभिन्न प्रकार के प्रकार के रोमांचकारी झूलो, कैंपटी फॉल,360 लॉन्चर , रोलर कोस्टर,रिवॉल्विंग टॉवर एवं सेल्फी प्वाइंट आदि का सभी ने आनंद उठाया। प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य ने बच्चों को बताया कि यह स्थान अत्यंत रोमांचकारी एवं सुरक्षित है।जाते समय ड्रिज्जलिंग लैंड के स्टाफ ने बच्चों को गिफ्ट देकर उनका स्वागत किया। कोऑर्डिनेटर सुनीता सैनी, गुंजन तोमर एवं कीर्ति तथा खेल शिक्षक रितिक राठी,आशु एवं संदीप चौधरी तथा विद्यालय के समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं नीतू , अनुराधा धीमान, उज्जवल पंवार,तारा , आकांशा सैनी,तनु शर्मा , वंशिका चौधरी,साक्षी, शशांक एवं रेनू चौधरी ने अपनी जिम्मेदारियो का पूर्ण निर्वहन किया तथा इस टूर को आनंदमय बनाने में अपना योगदान दिया।

# शिक्षाविद को श्रद्धांजलि अर्पित कर, सेवाओं का किया स्मरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मोरना मे शुक्रताल मार्ग स्थित इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल मे शनिवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमे शिक्षाविद स्व. उदयवीर को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी सेवाओं पर प्रकाश डाला गया।

शिक्षा क्षेत्र में अपनी बड़ी भूमिका निभाने वाले महान शिक्षाविद ड़ाख उदयवीर सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे प्रधानाचार्य संजय सिंह ने कहा की स्वगह्लय उदयवीर सिंह ने शिक्षा क्षेत्र में बडा योगदान दिया है। उन्होंने एक शिक्षक के रुप में ही नही बल्कि एक प्रधानाचार्य के रुप में भी बहुत ही शानदार कार्य किया,स्व. उदयवीर सिंह कुशल शिक्षक के



साथ साथ एक बेहतरीन वक्ता भी रहे ओर बड़े बड़े मंचो पर आपको बहुत गम्भीरता के साथ सुना जाता था। दिल्ली स्थित चौधरी सूरजमल संस्थान में भी वह लम्बे समय तक मुख्य भूमिका में रहे,जहां उनका योगदान सराहनीय रहा। कई शिक्षण संस्थानों की स्थापना में भी उनका मुख्य योगदान रहा।इस कडी में न्यू ईरा इंटरनेशनल स्कूल ककड़ीपुर, बागपत व इन्द्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल मोरना के संस्थापक है ये दोनो शिक्षण संस्थान अपने क्षेत्र के प्रतिष्ठत संस्थान है । इस अवसर पर इन्द्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल मोरना का समस्त स्टाफ ने स्वर्गीय डाख उदयवीर सिंह को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

## अतिक्रमण से गुलजार नजर आने लगा कस्बा चरथावल

चरथावल। एसडीएम सदर निकिता शर्मा के कड़े रूख के चलते लगातार तीसरे दिन भी अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रहा एवं चालान काटने के साथ–साथ सामान ज़ब्तीकरण की कार्रवाई भी की गई एसडीएम सदर के प्रयास से जहां सड़क चौड़ीकरण का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है वही चरथावल नगर भी अतिक्रमण हटते ही गुलजार नजर आने लगा है। चरथावल नगर में गुरुवार को शुरू हुआ अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार तीसरे दिन शनिवार को भी जारी रहा। एसडीएम निकिता शर्मा के निर्देश पर राजस्व टीम,पुलिस बल, नगर पंचायत की टीम, जेसीबी और अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ पूरे जोश से नेतृत्व किया। उन्होंने एक बार फिर चरथावल कस्बे की मुख्य सड़क के दोनों ओर बने अवैध ढांचों को ध्वस्त करवाया और कई स्थानों पर अतिक्रमणकारियों का सामान जब्त करवाया ।शनिवार की गई कार्रवाई में 16 लोगों के 7,600 के चालान काटे गए ।

# जेपीएस पब्लिक स्कूल में बच्चों ने मनाई पूल पार्टी

**मोरना।** मोरना मे भोपा मार्ग स्थित जे.पी.एस पब्लिक स्कूल में आयोजित पूल पार्टी मे जूनियर विंग के बच्चों ने मौज मस्ती की वहीं सी.बी.एस.ई. परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।प्रबंधक द्वारा बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक मोहिनी शर्मा , निदेशक के.के. शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि सार्थक शर्मा द्वारा माँ सरस्वती के चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया।जिसके बाद सी.बी.एस.ई. की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी शपथ राठी छछरौली ने 90% अंक विद्यालय टॉपर,अंशिका मोरना 89% अंक द्वितीय जानवी करहेरा ने 88.9% अंक तृतीय तथा सिमरा (ककराला) 87.2%, अरश अली (मोरना) 86 %, एंजल (छछरोली) 85 %, योगेन (मोरना) 84 %, को शील्ड व प्रशस्ति




पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही छोटे बच्चों ने वॉटर पूल में बैलून गेम, डॉल्फिन– शार्क, ट्रेजर हंट, मार्को –पोलो जैसे खेल का आनंद लिया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजन गौड, सृष्टि, वैष्णवी, मानवी, माला, मुस्कान, स्वाती, विनीता शर्मा , नूरजहाँ, शिवानी, स्वाति, श्वेता, दृष्टि, चिंकी, संगीता ,आस्था, शीतल, सरस्वती, अर्चना, शिखा, सारिका, पूजा, नेहा, तनु, तौसीफ, आसिफ, ऋषभ, रजत, लखन, सपन, निशांत ,बृजेश आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल–9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पालिका मार्केट की दूसरी मंजिल से गिरकर युवक की मौत

**परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्यवाही के मृतक युवक के शव को किया सुपुर्द-ए-खाक, युवक की मौत से परिजनों में मचा कोहराम, नौ भाई-बहनों में चौथे नंबर का था मृतक युवक**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में कस्बे के मुख्य मार्ग पर शामली बस स्टैंड के निकट स्थित पालिका मार्किट की दूसरी मंजिल से नीचे आ गिरा, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्यवाही के मृतक युवक के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

शनिवार प्रातः करीब पौने ग्यारह बजे कस्बे के मोहल्ला गुम्बद निवासी उस्मानद्ध26ऋ पुत्र अशरफ संदिग्ध परिस्थितियों में नगर के मुख्य मार्ग पर शामली बस स्टैंड के निकट स्थित पालिका मार्किट की दूसरी मंजिल से नीचे सड़क पर आ गिरा। नीचे गिरने से युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। मोहल्ले के लोगो ने मामले की सूचना डायल-112 पर दी, जिस पर क्षेत्र में कार्यरत पुलिस रिस्पॉन्स व्हीकल (पीआरवी) पर तैनात पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे। इसी बीच युवक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। घायल युवक को कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया।

जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की जानकारी होने पर परिजनों में हाहाक.ार मच गया। परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल था। परिजन बिना किसी कानूनी कार्यवाही के ही युवक के शव को अपने साथ ले गए। बाद में परिजनों ने मृतक युवक के शव को गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। मृतक युवक अविवाहित था। मृतक युवक नौ भाई-बहन थे, जिनमें छह भाई व तीन बहने शामिल है।

मृतक युवक अपने सभी भाई-बहनों में चौथे नंबर का बताया गया है। युवक गम्भीर नशे का आदी बताया गया है। इंजेक्शन के लिए इस्तेमाल होने वाली खाली सीरिंज भी युवक के पास में पड़ी हुई थी। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह का कहना है कि पालिका मार्किट से गिरकर एक युवक की मौत हुई है। परिजन बिना पोस्टमार्टम के ही युवक के शव को अपने साथ ले गए।

## नशेड़ियों का अड्डा बनी पालिका मार्केट



कस्बे के मुख्य मार्ग पर शामली बस स्टैंड के निकट स्थित पालिका बाजार नशेड़ियों का अड्डा बनकर रह गया है। तीन मंजिले पालिका मार्किट की प्रथम तल की दुकानें किराए आदि पर गई हुई है, जिनमें व्यापारी अपना कारोबार कर रहे है। जबकि दूसरी व तीसरी मंजिल की ज्यादातर दुकानें खाली पड़ी है। ये दुकानें नशे की लत के शिकार कस्बे के युवाओं के लिए महफूज जगह है। कई दुकानों के शटर आदि क्षतिग्रस्त है, जिनमें बैठकर नशेड़ी युवक आराम से नशे का सेवन करते है। पालिका मार्किट की इन दुकानों में नशे के खाली इंजेक्शन भरपूर मात्रा में पड़े हुए देखे जा सकते है। मोहल्ले के आसपड़ोस के लोग भी यहां आने वाले नशेड़ी युवकों से परेशान है, जिसके सम्बन्ध में वह कई बार स्थानीय पुलिस को भी अवगत करा चुके है। परन्तु, कोई कार्यवाही नही हुई। पालिका मार्किट में सुरक्षा के लिए तैनात होमगार्ड भी इधर-उधर की बातें करके अपना टाइम पास करके चले जाते है। मेडिकल स्टोरों पर नशे के इंजेक्शन भी बिक रहे हैं।

# समाधान दिवस में अफसरों ने सुनी जनसमस्याएं



**कार्यक्रम में पहुंची चार शिकायतों में से दो का मौके पर ही निस्तारण**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने कोतवाली पर आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान विभिन्न मामलों से संबंधित कुल 4 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से मात्र दो का ही मौके पर निस्तारण हो पाया।

शनिवार को कोतवाली प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां पर सीओ श्यामसिंह व तहसीलदार अर्जुन चौहान ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान राजस्व मामलों से सम्बंधित 04 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से मात्र दो का ही मौके पर निस्तारण हो पाया।

जबकि शेष शिकायती-पत्रों को शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया। अफसरों ने अनिस्तारित शिकायतों के यथाशीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए है। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह तथा पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना समाधान दिवस में पहुंची चार शिकायतों में से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

**थानाभवन।** थाना परिसर में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जमीन विवाद, नाली निर्माण, चक रोड और जमीनी बंटवारे से जुड़े मामलों को लेकर कुल पांच फरियादी पहुंचे। इनमें से तीन मामलों का मौके पर ही त्वरित निस्तारण कर दिया गया।समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम अचानक थाना परिसर पहुंचे, जिससे मौके पर हलचल मच गई। उन्होंने उपस्थित फरियादियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिक.ारियों को मानवीय .ष्टिकोण अपनाते हुए निष्पक्ष तरीके से समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक के साथ नायब तहसीलदार रविंद्र कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत, अपराध निरीक्षक सुबोध यादव, एसएसआई देवेंद्र कुमार शर्मा, एसआई केपी मलिक, एसआई देवेंद्र कुमार तेवतिया और राजस्व विभाग से लेखपाल अंकुर, वासु, कटारिया, सुरजीत आदि अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक गौतम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसामान्य की समस्याओं का त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों का विश्वास प्रशासन और पुलिस पर बना रहे।

## गोसेवा दल ने मृत गाय का किया अंतिम क्रियाकर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** महर्षि कालू बाबा गौसेवा दल के सदस्यों ने बेसहारा मृत गाय का अंतिम क्रियाकर्म किया। गाय एक दिन पूर्व नाले में फंसकर गम्भीर रूप से घायल हो गई थी।

शनिवार को महर्षि कालू बाबा गौसेवा दल के सदस्यों को कस्बे की बंद पड़ी सरिया फैक्ट्री के निकट एक बेसहारा गाय के मृत पड़े होने की सूचना मिली, जिस पर संगठन के नगर अध्यक्ष अमित कुमार अपने कार्यकर्ताओं के साथ में मौके पर पहुंचे। सूचना देकर डायल-112 पर तैनात पुलिसकर्मियों को भी मौके पर बुला लिया गया। बाद में संगठन के सदस्यों ने मौके पर जेसीबी मशीन बुलवाकर ग्गा खुदवाया, जिसमें मृत गाय का अंतिम क्रियाकर्म किया गया। बताया गया है कि गाय एक दिन पूर्व नाले में फंसकर गम्भीर रूप से घायल हो गई थी, जिसका संगठन के सदस्यों द्वारा उपचार भी कराया गया, परन्तु गाय के प्राण नही बचाए जा सके। संगठन के सदस्यों ने एक दिन पूर्व कस्बे के बाईपास के निकट मोहल्ला शिवपुरा के पास मृत अवस्था में पड़े मिले एक बेसहारा गोवंश का भी अन्तिम क्रियाकर्म किया था। इस दौरान अनुज, अमित, रविन, संजय, लालू, रोहित, सन्नी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### वांछित अभियुक्त पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना आदर्शमण्डी पर पीड़िता नें अभियुक्त द्वारा फोन पर अश्लील मैसेज भेजने, मारपीट व धमकी देने के सम्बन्ध में नामजद लिखित तहरीर दाखिल की गई थी। पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना आदर्शमण्डी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आद.ेशानुसार चलाए जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा महिला के फोन पर अश्लील मैसेज भेजने व मारपीट कर धमकी देने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है । गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त सुनील तरार उर्फ गुल्लू पुत्र सुरेन्द्र निवासी ग्राम सिलावर थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली है।

### एक मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार



**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के नेतृत्व में कांधला पुलिस द्वारा 1 मादक पदार्थ तस्कर को अवैध 500 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त शाहरुख पुत्र साहिद निवासी बिजलीघर रोड़ थाना कांधला जनपद शामली है।

### 27 मई को मनाई जाएगी शनि जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** विश्व मे इस वर्ष शनि जयंती 27 मई को मनाई जाएगी। मान्यता है कि यदि इस दिन श्रद्धा और नियम से पूजा करने, कुछ खास उपाय करने से जीवन की अड़चनें दूर होने के साथ साथ किस्मत चमक सकती है। आइए जानते हैं। इस बारे मे जानकारी देते हुए पंडित देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि धर्म ग्रंथों के अनुसार शनिदेव का जन्म ज्एष्ठ माह की अमावस्या तिथि को हुआ था। इस वर्ष पंचांग के अनुसार यह तिथि मंगलवार 27 मई को पड़ रही है, इसलिए इस दिन शनि जयंती मनाई जाएगी। इस दिन शनिदेव की विधिपूर्वक पूजा करने से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं! इस बार शनि जयंती मंगलवार को पड़ने के कारण और भी विशेष है, क्योंकि मंगलवार हनुमान जी का दिन होता है। इस दिन बजरंगबली और शनि देव दोनों की कृपा पाने का ए दुर्लभ अवसर है।

### योग के महत्व पर डाला प्रकाश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** शनिवार को कस्बे के एवरग्रीन पब्लिक स्कूल एक दिवसीय विशेष का आयोजन किया गया, जिसमें योग एवं व्यायाम के महत्त्व पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को करियर गाइडेंस एवं विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं तथा रोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। इस अवसर पर मनीष भारद्वाज, हसन अंसारी, शाहिद मिर्जा एवं आसिफ सैफी का उल्लेखनीय सहयोग रहा। इनके मार्गदर्शन एवं प्रयासों से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सहयोगकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं भविष्य में भी इस प्रकार की जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

### युवती ने युवक पर लगाया अपहरण और उत्पीड़न का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गांव खेड़ी खुशनाम की एक युवती ने गढ़ी पुख्ता क्षेत्र के युवक पर शादी का झांसा देकर अपहरण करने, नशीला पदार्थ पिलाकर अश्लील फोटो-वीडियो बनाने और मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने झिझाना थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। युवती ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह एक डिग्री कॉलेज में कार्यरत है। कॉलेज में उसकी पहचान कच्ची गढ़ी निवासी युवक से हुई थी। 31 जनवरी को वह बस अड्डे पर अपने मामा के गांव जाने के लिए खड़ी थी, तभी युवक अपने तीन साथियों के साथ वहां पहुंचा और जबरन उसे कार में बैठाकर सहारनपुर ले गया। आरोप है कि वहां नशीला पदार्थ पिलाकर उसकी अश्लील फोटो और वीडियो बनाई । साथ ही कुछ कागजों पर जबरन साइन भावकरवाए । इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे लगातार प्रताड़ित किया गया। 11 अप्रैल को युवक फिर से अपने साथियों संग युवती के घर पहुंचा और जबरन ले जाने की कोशिश की। परिजनों के पहुंचने पर युवक भाग निकला और इस दौरान गिरकर घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हल्दौर में निकाली तिरंगा यात्रा

**हल्दौर।** हल्दौर में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने अपने साहस और शौर्य का प्रदर्शन कर पाकिस्तान की फौज को कड़ा सबक सिखाकर भारत को गौरवान्वित किया। आतंकियों के कायराना हमले में मारे गए करीब **26** पर्यटकों की विधवाओं के मांग के सिंदूर का बदला उनके घर मे घुस कर लिया। खंड विकास कार्यालय परिसर में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख चौधरी विजेंद्र सिंह, बीडीओ विक्रम सिंह, एडीओ ग्राम पंचायत सुशील कुमार ने संयुक्त रूप से किया। तिरंगा यात्रा ब्लॉक कार्यालय से शुरु होकर बालकिशनपुर चौराहे से राम दर्शन कालोनी से होती हुई ब्लॉक कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा का लोगों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया।

# नोडल अधिकारी ने ग्राम पंचायतों का किया भ्रमण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी राजेश कुमार त्यागी, विशेष सचिव पंचायती राज विभाग द्वारा आज जनपद में अपने भ्रमण कार्यक्रम के दूसरे दिन ग्राम पंचायत जलालपुर विकास क्षेत्र शामली के पंचायत सचिवालय व उच्च प्राथमिक विद्यालय गन्देवडा विकास क्षेत्र थानाभवन में आयोजित ग्राम चौपाल में पहुंचकर दोनों ग्रामों के विकास कार्यों की हकीकत को जाना और मौके पर जो भी गांव वासियों द्वारा समस्या बताई गई उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए। नोडल अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत सचिवालय जलालपुर व उच्च प्राथमिक विद्यालय गन्देवडा में आयोजित ग्राम चौपाल में दोनों ग्रामों के विकास कार्यों की हकीकत को जानते हुए ग्रामों में जो भी कार्य हुए हैं उनका सत्यापन ग्राम वासियों से कराते हुए जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जहां भी अभी पानी के कनेक्शन नहीं हुए है एवं पेयजल आपूर्ति बाधित है वहां पर एक सप्ताह के भीतर पानी कनेक्शन कराने के निर्देश दिए। नोडल अधिकारी के समक्ष दोनों ग्रामों में आयोजित चौपाल के दौरान ग्रामवासीयों द्वारा पानी के कनेक्शन, पेंशन, आवास, शौचालय, राशन कार्ड, आयुष्मान आदि से संबंधित जो भी समस्या बताई गई जिनका समय से निस्तारण हेतु सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को कैंप लगाकर पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु भी निर्देशित किया। नोडल अधिकारी ने दोनों ग्रामों में भ्रमण कर विकास कार्यों की स्थलीय जांच की गई और जहां भी खामियां मिली उसमें सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक परमानन्द झा, जिला विकास अधिकारी सत्य राम यादव,पीड़ी डीआरडीए प्रेम चन्द, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी डॉ हरेंद्र, डीपीआरओ संदीप अग्रवाल, अधिशासी अभियंता जल निगम सहित आदि मौजूद रहे।

# कूड़ा पृथक्करण एवं विकेंद्रीकृत कम्पोस्टिंग को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत थानाभवन द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत डोर-टू-डोर कूड़ा पृथक्करण और विकेन्द्रीकृत कम्पोस्टिंग को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान उत्तर प्रदेश शासन, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा एवं नगर पंचायत अध्यक्षा राव मुशयदा के निर्देशानुसार तथा एसबीएम मण्डल प्रबंधक जसलीन कौर जुनेजा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।इस अभियान के अंतर्गत वार्ड संख्या 16, अग्रवाल कॉलोनी में वार्ड प्रोत्साहन समिति अध्यक्ष एवं सभासद अंशुल गर्ग के नेतृत्व में उनके निवास स्थान पर वार्डवासियों के साथ एक प्रशिक्षण सभा आयोजित की गई। सभा में घरों से निकलने वाले कचरे के सही प्रबंधन, गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण तथा घर पर खाद बनाने की विधि पर विस्तार से जानकारी दी गई।सभा के उपरांत, डोर-टू-डोर जाकर वार्डवासियों को इस अभियान की जानकारी दी गई और उन्हें प्रेरित किया गया कि वे अपने घरों से निकलने वाले कचरे का पृथक्करण कर स्वच्छता में सहयोग दें। इस दौरान नगर पंचायत कर्मचारी मनीष शर्मा, वसिक अहमद तथा जियो स्टेट की प्रतिनिधि आसमा यासीन ने नागरिकों को कचरा पृथक्करण की प्रक्रिया एवं कम्पोस्टिंग के लाभों के बारे में बताया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अंशुल गर्ग सभासद, आसमा यासीन (जियो स्टेट), मनीष शर्मा, वसिक अहमद, फैजान उमर पाशा, कांत, शुभम तथा वार्ड में कार्यरत सफाई मित्र उपस्थित रहे।नगर पंचायत द्वारा चलाया गया यह अभियान स्वच्छता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे नागरिकों में स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा मिलेगी।

# सेना की छवि पर राजनीति कर रही है भाजपाः सुधीर पंवार




**शामली।** शनिवार को समा.जवादी पार्टी ने थानाभवन क्षेत्र के गांव गुराना में पीडीए पंचायत का आयोजन किया। पंचायत को सम्बोधित करते हुए पूर्व राज्यमंत्री प्रोफेसर सुधीर पंवार ने कहा कि भाजपा सरकार पीडीए के साथ भेदभाव कर रही है। उन्हें जानबूझकर प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने सूझबूझ व शौर्य के साथ पाकिस्तान को सबक सिखाया है। जिसकी सभी राजनीतिक दलों ने प्रशंसा की है, लेकिन भाजपा सैनिकों की बहादुरी से चुनावी लाभ लेना चाहती है। अनुसूि.चत जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सलेक चंद ने कहा कि भाजपा संविधान में विश्वास नहीं करती। जिसका सबसे बड़ा प्रमाण दलितों एवं पिछड़ों को मिलने वाले आरक्षण में हो रही कटौती है।उन्होंने कहा कि आज दलित समाज को अखिलेश यादव से बहुत उम्मीदें है। जिला उपाध्यक्ष जावेद जंग ने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी वर्गों, धर्मों एवं जातियों की पार्टी है। इस अवसर पर राव तफरूज, भूपेन्द्र सैनी, अभिषेक शर्मा, प्रवीण प्रजापति, इसहाक खान, बिट्टू ताना आदि मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर से बैट्री चोरी, ग्रामीण बोले- गांव में नशेड़ियों का आतंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। शुक्रवार रात गांव के एक भूस कारोबारी के ट्रैक्टर से अज्ञात चोर बैटरी चुरा ले गए। चौसाना निवासी अय्यूब भूस का काम करते हैं। उन्होंने रोज की तरह शुक्रवार रात भी अपना ट्रैक्टर ट्रॉली घर के सामने खड़ा किया था। सुबह उठकर देखा तो ट्रैक्टर से बैटरी गायब थी। अय्यूब ने बताया कि गांव में हर दिन कहीं न कहीं चोरी हो रही है। उनका कहना है कि अधिकतर वारदातों के पीछे गांव के नशे में डूबे लड़के हैं, जो नशे के लिए चोरी कर रहे हैं। पीड़ित ने मांग की है कि गांव में नशेड़ियों पर कड़ी कार्रवाई हो। ताकि ऐसी घटनाएं न हों। गांव के अन्य लोगों ने भी बताया कि चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं और लोगों में डर है।

## सैनिक बंधुओं की बैठक 28 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कर्नल अजय कुमार सिंह,जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, शामली द्वारा जनपद शामली के सभी सम्मानित भूतपूर्व सैनिकोंध्विधवाओं और वीर नारियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.5.2025 को प्रातः 11:30 बजे दिन बुधवार को स्थान कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी महोदय, शामली की अध्यक्षता में सैनिक बन्धु बैठक का आयोजन किया जाना निश्चित हुआ है। अगर किसी भूतपूर्व सैनिक विधवाओं एवं वीरनारियों को कोई समस्या है तो दो कॉपी प्रार्थना पत्र के साथ समय पर आने की कृपा करें, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान कराया जा सकें।

# उर्फ ये गर्मी, ऊपर से बिजली भी गुल, ठंडा शर्बत बांटा



शामली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को सवेरे से ही मौसम बेहद गर्म रहा। दोपहर के समय सूर्यदेव की तपिश बढती चली गई तो तापमान 37 डिग्री सैल्सियस पहुंच गया। तापमान के बढने से सडकों पर असहनीय धूप में लोगों को कठिनाईयों का सामना करना पडा। तेज धूप के कारण आसमान से आग बरस रही थी। लोगों को सडकों या बाजारों में निकलना मुश्किल था। गर्मी से बचाव को लोग मुंह पर कपडा लपेटकर व छाता लेकर निकले। कई स्थानों शहर के माजरा रोड, हनुमान रोड, मिल रोड पर भीषण गर्मी के कारण प्याऊ लगाकर मीठा शर्बत वितरित किया गया। जहां प्यास बुझाने के लिए लोगों की भीड लगी रही। भीषण गर्मी में सबसे अधिक परेशानी बिजली कटौती होने के कारण हुई। शहरी क्षेत्रों में भी अघोषित बिजली कटौती के कारण नागरिक परेशान रहे। कंडैला बिजलीघर पर भीषण गर्मी के कारण करीब 50 फीसदी तक लोड बढ गया है, जिस कारण कई गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से किसानों और ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पडा। खेतों में पानी चलाने के लिए किसान टयवैलों पर बैठे रहे। लो वोल्टेज भी एक बडी समस्या बनी रही। इसके अलावा गर्मी से निजात पाने के लिए लोग नदियों, तालाबों, टयूवैलों और स्विमिंग पुल के सहारे बैठे रहे।

## भीषण गर्मी में युवाओं ने छबील लगाकर बांटा मीठा शरबत



थानाभवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से युवाओं ने सराहनीय कार्य करते हुए मीठे शरबत का वितरण किया। दिल्ली-सहारनपुर रोड स्थित चरथावल बस स्टैंड पर युवाओं ने छबील लगाकर राहगीरों और यात्रियों को ठंडा शरबत पिलाया।गर्मी के चलते आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में युवाओं द्वारा किए गए इस सेवा कार्य की स्थानीय लोगों ने जमकर सराहना की। राहगीरों ने बताया कि तेज धूप और लू के बीच मीठा ठंडा शरबत पीकर राहत मिली। युवाओं ने बताया कि यह कार्य मानव सेवा की भावना से प्रेरित होकर किया गया है और भविष्य में भी ऐसे आयोजन करते रहेंगे। इस मौके पर मोनिश राणा, आमिर राव, मोइन राव,फहीम राव, अकरम राइन, जिशान सलमानी,अर्श राणा अमन राव आदि युवा मौजूद रहे।इस नेक कार्य में कई स्थानीय युवा बढ़-चढ़कर शामिल हुए और सेवा में योगदान दिया।



शामली

**शामली।** शनिवार को शहर के मिल रोड पर लायन्स क्लब शामली दोआब द्वारा दूसरी जल सेवा शुरू की गई। इस दौरान क्लब के पदाधिका.रियों द्वारा भीषण गर्मी में लोगों को ठंडा पानी वितरित किया गया। शनिवार को शहर के मिल रोड पर लायंस क्लब शामली दोआब द्वारा भीषण गर्मी में लोगों की प्यास बुझाने के लिए ठंडे पानी का प्याऊ लगाया गया।

जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल द्वारा किया गया। विशिष्ठ अतिथि जोन चेयरमैन सुशील वास्तव ने बताया कि मौसम बदलना एक आवश्यक क्रम है, जिससे बच पाना लगभग असंभव सा है। गर्मी के इस मौसम में बार-बार प्यास लगना भी स्वाभाविक है।

भीषण गर्मी व झुलसती धूप में आम जनता के लिए ठंडे पानी की प्याऊ लगाना बहुत ही धर्म का कार्य है। सनातन धर्म में प्राचीन काल से ही इस मौसम में ठंडे पानी की प्याऊ, छबील व शरबत, रूहआफजा पिलाने की परामपरा है और लायन्स क्लब शामली दोआब शामली नगर में इस समय दो स्थानों पर राहगिरों के लिए ठंडे पानी की प्याऊ लगाकर इस परम्परा का बखूबी निर्वहन कर रहा है। रजत अग्रवाल, चंचल जैन, विपुल जैन, सुशील वास्तव, सचिन गोयल, आशीष गुप्ता, नीरज गर्ग, राजेश तायल आदि मौजूद रहे।

# वाहन की टक्कर से ट्रक क्लीनर की मौत, चालक गम्भीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** जलालाबाद में दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर शुक्रवार व शनिवार की मध्य रात पुराना बस स्टैंड स्थित तालाब के पास ट्रक का टायर बदल रहे चालक व क्लीनर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस गंभीर हादसे में क्लीनर की दर्दनाक मौत हो गई जबकि चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। अज्ञात द्वारा दी गई सूचना के बाद मौके पर पहुंची जलालाबाद पुलिस ने मृतक क्लीनर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि गंभीर रूप से घायल चालक को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

जलालाबाद में दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर शुक्रवार व शनिवार की दरमियानी रात दो बजे थाने वाले तालाब के पास सहारनपुर की ओर जा रहे ट्रक संख्या यू पी 78 सी 4232 में अचानक पंचर हो गया जिसे रोककर चालक महावीर पुत्र रामअवतार निवासी कानपुर व क्लीनर सुभाष पुत्र शिवरतन निवासी ग्रात पुलिया थाना तिवरी जनपद बांदा ट्रक को साईड में लगाकर टायर बदलने लगे इसी दौरान पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन द्वारा टायर बदल रहे चालक व क्लीकर को रौंद दिया जिससे क्लीनर सुभाष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चालक महावीर गम्भीर रूप से घायल हो गया। सुबह लगभग तीन बजे वहा से गुजर रहे वाहन चालक द्वारा घटना की सूचना जलालाबाद पुलिस चौकी को दी जिसके बाद चौकी प्रभारी पवन उपाध्याय मौके पर पहुचे व मृतक क्लीनर व घायल चालक को थानाभवन सीएचसी में भर्ती कराया गया। जांच के बाद डॉक्टर ने क्लीनर सुभाष को मृत घोषित कर दिया और गंभीर रूप से घायल चालक महावीर को हायर सैन्टर रेफर कर दिया। चालक महावीर की हालत भी नाजुक बताई जा रही है। चालक के पास से मिले फोन के आधार पर परिजनो को सूचना देकर पुलिस ने मृतक का सुबह पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पुलिस दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## भाकियू का धरना जारी

**बिजनौर।** आज डीएफओ (वन विभाग) कार्यालय बिजनौर पर भारतीय किसान यूनियन का तीसरे दिन भी धरना जारी रहा। किसानों में अपना लंगर वन बिभाग में ही चलाया। धरने पर जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, जिला मुख्य महासचिव विजय सिंह, जिला महासचिव सुनील प्रधान, ब्लाक अध्यक्ष हल्दौर धर्मेन्द्र सिंह, ब्लॉक महासचिव हल्दौर जगत सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष हल्दौर जगदेव सिंह मिस्त्री, चौ. राजेन्द्र सिंग जाफरपुर, ब्लॉक अध्यक्ष मो. पुर देवमल डॉ. विजय सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष नहटौर मुनेश सिंह, जिला सचिव आशु चौधरी, ब्लॉक महासचिव नहटौर अतेंद्र सिंह, शुभम अहलावत, सोमेंद्र सिंह, धूम सिंह, सत्यवीर सिंह, मनप्रीत संधु, रजनीश अहलावत, हर्ष देशवाल, विपिन सिंह, मोनू प्रधान, पंकज सहरावत आदि किसान मौजूद रहे।

# एक्सपर्ट ने किया कत्थक का पुनरावलोकन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को शहर के बीएसएम स्कूल में कथक नृत्य कार्यशाला के छठे दिन सभी प्रतिभागियों को अब तक सिखाई गई सभी कथक नृत्य विधाओं का समग्र पुनरावलोकन कराया गया। विद्यालय में गत एक सप्ताह से चल रही कत्थक नृत्य कार्यशाला का समापन समारोह रविवार को होगा।

कार्यशाला में छात्रों ने पारंपरिक भारतीय शास्त्रीय नृत्य कत्थक की विभिन्न विधाओं का अभ्यास कर नृत्य कौशल को निखारा है। प्रशिक्षकों ने छात्रों को एक बार फिर से ताल, लय, भाव और मुद्राओं की बारीकियों से परिचित कराया तथा उन्हें समापन दिवस के लिए कुछ विशेष और आकर्षक प्रस्तुतियों की तैयारी भी करवाई। इस तैयारी के दौरान छात्र-छात्राओं में उत्साह और ऊर्जा का संचार देखने को मिला। हर प्रस्तुति को परिश्रम और समर्पण के साथ तैयार किया गया ताकि समापन दिवस एक यादगार आयोजन बन सके। छठे दिन का सत्र विशेष रूप से पुनरावृति और अभ्यास को समर्पित रहा, जिससे बच्चों को अपने सीखे गए कौशल को आत्मसात करने का अवसर भी मिला।

इस दिन की सबसे खास बात यह रही कि कथक नृत्य कार्यशाला के नृत्य अभ्यास के साथ-साथ छात्रों को ग्रीष्मकालीन अवकाश पर जाने से पूर्व एक मनोरंजक और उत्साहवर्धक वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों और मनोरंजन कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ दिनभर विद्यालय प्रांगण में जुंबा डांस, क्रिकेट, बैडमिंटन और अन्य रचनात्मक खेलों की गतिविधियां आयोजित की गई जिन्होंने बच्चों के मनोबल और आनंद को नई ऊंचाइयां प्रदान की। विद्यालय की नृत्य शिक्षिका प्रियंका शर्मा ने छात्रों को जुंबा-संगीत की ताल पर उत्साहपूर्वक ऊर्जा और फिटनेस का परिचय दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह, उप प्रधानाचार्या आशु पंडित मौजूद रहे।

# समरकैंप में काउंसलिंग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित समर कैंप में शनिवार को कैरियर काउंसलिंग, प्राथमिक चिकित्सा, भाषा वृक्ष जैसी गति. विधियों का आयोजन किया गया। जिसमें बालिकाओं को करियर के प्रति जागरुक करते हुए विद्यालय के प्रबंधक डा। रवि बंसल ने बालिक. ाओं को पीसीएम, पीसीबी, कॉमर्स तथा आर्ट से शिक्षा ग्रहण करने पर इंजीनियरिंग डॉक्टर नर्स अकाउंट्स यूपीएससी सिविल सर्विस में कामयाबी हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बालिकाओं को कैरियर काउंसलिंग करते हुए उचित विषय लेकर अपने भविष्य को उज्जवल करने के लिए प्रेरित किया। शिक्षक अश्विनी कुमार ने बालिक. ाओं को प्राथमिक चिकित्सा से संबंधित उपचार की जानकारी दी। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने बालिक. ाओं को बताए गए मार्गदर्शन का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर संजीव कुमार, संदीप कुमार, अमित कुमार, रवि कुमार, धर्मेंद्र कुमार, राहुल कुमार, पंकज रानी, सुरभि रानी, नीलम रानी, अनीता रानी, कविता रानी आदि मौजूद रहे।

## गन्ना खोदते समय किसान पर गुलदार का हमला

**नगीना।** जंगल में गन्ना खुदाई करने गये एक किसान पर गुलदार ने जानलेवा हमला कर दिया। जिससे किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। क्षेत्र में गुलदार की दहशत से लोग भयभीत है।

ग्राम बेनीपुर कोपा निवासी के सतीश कई लोगों के साथ अपने खेत पर गन्ने की खुदाई करने के लिए गया था। सतीश व अन्य किसान आसपास के खेतों में काम कर रहे थे। सतीश गन्ने को काट रहा था तभी गुलदार ने सतीश पर जानलेवा हमला कर दिया। जब सतीश ने शोर मचाया तो खेतों में काम कर रहे किसान तुरंत गन्ने लेकर गुलदार के पीछे शोर मचाते हुए भागे तो गुलदार वहा से भाग गया।

अगर आसपास के खेतों मैं काम करने वाले किसान न होते तो गुलदार सतीश को निवाला बना लेता। इतने लोगों के होने के बावजूद भी गुलदार ने सतीश के मुंह व गर्दन पर पंजा मारकर घायल कर दिया। घायल अवस्था में सतीश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना ले जाया गया।

# द न्यू हाइट्स एकेडमी में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** शनिवार को कस्बे के झाड़खेड़ी मार्ग पर स्थित द न्यू हाइट्स एकेडमी में हाउसवार कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ किया गया। यह प्रतियोगिता विद्यालय के मुख्य प्लेग्राउंड में सम्पन्न हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के रोमांचक मुकाबलों में कैम्ब्रिज हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऑक्सफोर्ड हाउस ने द्वितीय और प्रिंसटन हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त करके सराहनीय प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय के फिजिकल एजुकेशन शिक्षक ओमप्रकाश के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रशिक्षण और आयोजन की व्यवस्था में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन इमरान सिद्दीकी ने अपने संदेश में कहा कि विद्यालय में खेल गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। हमें गर्व है कि हमारे छात्र न केवल शिक्षा में, बल्कि खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक कुमार उपाध्याय ने सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि खेलों से अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास विक. सित होता है। वह सभी हाउसों द्वारा दिखाए गए उत्साह और ऊर्जा से अत्यंत प्रसन्न है। उन्होंने कैम्ब्रिज हाउस को अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं ज्ञापित की। विद्यालय की उप-प्राचार्या तृप्ति सिंह ने भी प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के आत्मबल और समर्पण का उदाहरण रही। सभी प्रतिभागियों ने जिस जोश और उत्साह से भाग लिया, वह सराहनीय है। प्रतियोगिता का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों के योगदान की सराहना की गई।

## एक नजर

### पुलिस पर लगाया आरोपयों से सेटिंग का आरोप




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** ग्राम बीबीपुर हटिया निवासी महिला बानो ने जिलाधिकारी शामली के नाम एक प्रार्थना में कहा कि उसने अपनी पुत्री नगमा की शादी तैयब पुत्र आस मौहम्मद निवासी ग्राम सूबरी थाना झिंझाना के साथ की थी दिनांक 17.4.2025 को प्रार्थीया की पुत्री नगमा के ससुराल वालों तैयब, सास-मीना, जेठ-बिलाल, जेठ इस्तकार व ननंद फरीन ने प्रार्थीया की पुत्री को अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी व होने के कारण जहर देकर मार दिया था। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थीया ने विपक्षी गणों के खिलाफ उक्त मुकदमा थाना झिंझाना में दर्ज कराया है। जिसमें 5 अभियुक्तगण नामजद है। किन्तु थाना झिंझाना पुलिस क्षेत्राधिकारी कैराना ने अभियुक्त गण तै"यब व सास मीना से साज करके सुनियोजित तरीके से जेल भेज दिया है। बाकी तीन अभियुक्तगणों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है। गिरफ्तारी का प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक को 24 घण्टे में अभियुक्तगणों को गिरफ्तार करने का निवेदन किया, लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी कोई अभियुक्त गिरफ्तार नही किए गए। विपक्षी गण प्रार्थना पत्र पर उक्त मुकदमें में फैसला करने का दबाव बना रहे है। फैसला न करने पर जान से मारने की धमकी दिलवा रहे है। उक्त मुकदमें में विवेचक अभियुक्तगणों से साज कर ली है तथा उनको गिरफ्तार नहीं कर रहे हैं, जिस कारण अभियुक्तगणों के हौंसले बुलन्द है।

### लेखपाल पर पुश्तैनी जमीन की फसल कटवाने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के गांव भड़ी कोरियान में पुश्तैनी जमीन को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। गांव निवासी इस्तकार ने जिलाधिकारी शामली को प्रार्थनापत्र देकर लेखपाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि वह खसरा नंबर 505 और 510 पर वर्षों से खेती कर रहे हैं और वहां गन्ने की फसल खड़ी थी। लेकिन लेखपाल दिनेश दुबे ने पुलिस बल के साथ मिलकर बिना किसी पूर्व सूचना के दो बिघा गन्ने की फसल कटवा डाली। इस्तकार का कहना है कि यह जमीन उनकी पुश्तैनी है और परिवार की आजीविका का एकमात्र सहारा भी। उनका आरोप है कि लेखपाल ने दूसरे समुदाय के कुछ लोगों से मिलकर जानबूझकर उनकी फसल कटवाई है। उन्होंने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं लेखपाल दिनेश दुबे ने अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से नकारते हुए कहा कि वह एसडीएम के निर्देश पर ग्राम समाज की भूमि की पैमाइश करने और निशानदेही के लिए मौके पर पहुंचे थे। वही पुलिस की मौजूदगी में केवल जमीन की माप-जोख और सीमांकन का कार्य कर रहे थे। किसी प्रकार की फसल नहीं कटवाई है और यदि किसी व्यक्ति ने फसल काटी है तो वह नियमविरुद्ध है। ऐसे लोगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

### अवैध कालोनियों को पानी उपलब्ध कराए जाने से रोष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका सभासदों ने मुख्य सचिव व जिले के नोडल अधिकारी राजेश कुमार त्यागी को शिकायती पत्र देकर नगर पालिका चेयरमैन, ईओ व अवर अभियंता जल पर अवैध कालोनी के कालोनी नाईजरों से सांठ-गांठ कर अवैध कालोनियों को पानी उपलब्ध कराए जाने का आरोप लगाया है। दिए पत्र में उन्होने कहा कि नगर पालिका परिषद के वार्ड 16 के बाहरी क्षेत्र गॉव ताजपुर सिम्भालका के रकबे में बनी अवैध कालोनियो में कालोनी नाईजरों द्वारा पानी के पाईप बिछाकर शहर शामली का पानी को अपने पाईपों से जोड लिया है। जबकि उक्त कालोनियों में कोई भवन नही बने है। जिस कारण कौशाम्बी विहार वासियों को भीषण गर्मी में पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड रहा है। इस बारे में अधिशासी अधिकारी, चेयरमैन व अवर अभियन्ता को अनेको बार मौखिक व लिखित प्रार्थना पत्र दिए गए लेकिन आज तक किसी ने कोई कार्यवाही नही की। जबकि शासनादेश के अनुसार अवैध कालोनियों पर विकास प्राधिकरण द्वारा ध्वस्त किया जा रहा है। वही नगर पालिका अपने निजी लाभ के कारण शासनादेश की धज्जियां उड़ा रहे है। इस अवसर पर सभासद अनिल उपाध्याय, सभासद निशीकांत संगल मौजूद रहे।

### बाइक सवार बदमाशों ने की लूटपाट

**स्योहारा।** प्रेमनाथ पुत्र चतर सिंह गांव रजपुरा थाना छजलैट जिला मुरादाबाद ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह बीती शाम लगभग **5** बजे मोटरसाइकिल से अपनी पत्नी गीता देवी के साथ अपने घर से अपनी सुसराल स्योहारा मुण्डा खेडी आ रहा था। गांव विशनपुरा कोट नहर की पटरी जंगल के पास बाइक सवार तीन लड़कों ने मेरी बाइक रूवका कर मुझे व मेरी पत्नी गीता देवी को डराया धमकाया ओर मेरी पत्नी के कानो के सोने के कुण्डल, सोने की कन्ठी व गले का सोने का पेडिल व कानों की धुरीये तथा मेरा पर्स जिसमे करीब **3000** रूपये व एक मोबाइल छीन कर गांव गल्ला खेडी की तरफ भाग गये।

# अल्पाइन की वैष्णवी बीबीए प्रथम सेमेस्टर परीक्षा में रही अव्वल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** शाकंभरी विश्व. विद्यालय द्वारा आयोजित बीबीए प्रथम सेमेस्टर परीक्षा में अल्पाइन कॉलेज की छात्रा वैष्णवी अनेजा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 78: अंक प्राप्त कर टॉप स्थान हासिल किया है। कॉलेज के अन्य विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है।

जिलेभर से लगभग 250 छात्रों ने बीबीए की परीक्षा में भाग लिया। जिनमें से 230 से अधिक विद्यार्थी सफल हुए। अल्पाइन कॉलेज के छात्रों ने मेरिट सूची में भी विशेष स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रमाण दिया। अल्पाइन कॉलेज में वैष्णवी ने 78 प्रतिशत अंकों के साथ पहला, जसवी चौहान ने 72 प्रतिशत के साथ दूसरा, और तानिया पुंडीर ने 71 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज की प्रबंधन समिति के सदस्योंकृनितिन गर्ग, विनीत बंसल, कमल गर्ग, आशीष संगल, निदेशक अंकित गुप्ता और प्राचार्य रामकिशोर ने सभी प्रतिभावान छात्र.छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उनके सराहनीय कार्य में महाविद्यालय के प्रोफेसर डिंपी राजपूत विष्णु तिवारी और रक्षक सैनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्कूल प्रबंधन द्वारा अभिभावकों को भी सफलता के लिए शुभकामनाएं दी गई।



# शिविर में सिखाया जाएगा योग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के अवसर पर शनिवार को दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट के तत्वाधान में एक नियमित योग शिविर नगर पालिका परिसर में शुरू किया गया। जो सुबह 5 बजे से साढे 6 बजे संचालित किया जाएगा।

शनिवार को नगर पालिका की उपरी मंजिल पर दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट के तत्वाधान में एक नियमित योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने किया।

योग शिविर में शिक्षकों द्वारा सूक्ष्म क्रियाएं कराई गई, जिसमें आसन प्राणायाम, ध्यान का प्रशिक्षण दिया गया। जिससे शारी. रिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभ पहुंचेगा। अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया योग हमारी प्राचीन पद्धति है। जिसे पूरा विश्व फॉलो कर रहा है और भारतवर्ष को भी बढ़-चढ़कर इसे फॉलो कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करना चाहिए।

आज की व्यस्ततम जीवन शैली व खान-पान से अनेक दोष पार्किंसन, डिप्रेशन, हृदय रोग, फैटी लीवर, कमर दर्द, घुटने दोष, हाई बीपी, लो बीपी, डायबिटीज, रोग शरीर को प्रभावित कर रहे हैं। योग आसन, प्राणायाम ध्यान के माध्यम से रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा सकते हैं और इन सभी रोगों को रिवर्स कर सकते हैं। इस अवसर पर ऋषि पाल गोयल, अजय शर्मा, सरवन संगल, रमेश बजाज, जयपाल इंसा, अरविंद मलिक, राजेश गुलाटी, साक्षी गुलाटी, मनीष चौधरी, अरविंद पांचाल, प्रदीप पुंडीर, आदेश जैन, विदुषी शर्मा, ध्रुप शर्मा, सौरव गर्ग, रामकुमार, अक्षय मलिक आदि मौजूद रहे।

# विद्युत जूनियर इन्जीनियर्स का चौथे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राज्य विद्युत परिषद जूनियर संगठन के बैनर तले शनिवार को दर्जनों जूनियर इन्जीनियर्स ने चौथे दिन भी एसई कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। धरने को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन द्वारा पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल डिस्काम पीपीपी मॉडल पर निजीकरण करने का प्रयास किया जा रहा है जिस से प्रदेश भर के जूनियर इन्जीनियर्स एवं प्रोन्नत अभियन्ताओं में व्यापक रोष उत्पन्न हो गया। कहा कि उत्तर प्रदेश के अन्दर अथवा देश के अन्दर जब भी निजीकरण का प्रयोग किया गया वह पूर्णत: विफल रहा। जिससे ऊर्जा क्षेत्र के कार्मिकों की सेवा शर्ते प्रभावित ही नहीं हुई अपितु बिजली दरे मंहगी हुई एवं उपभोक्ता सेवा भी बुरी तरह प्रभावित हुई। निजीकरण का सीधा दुष्प्रभाव गरीबो, किसानों एवं आम जनमानस पर बुरी तरह पड़ा है। मौके पर विजय शंकर कुशवाहा, मोहम्मद मुवीन, नीतीश कुमार, राकेश कुमार, प्रेम सिंह, शैलेश कुमार यादव, ब्लवंत सिंह सहित जूनियर इंजीनियर संगठन के समस्त सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

# बाइक चोरी की बढ़ती घटनाओं से रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर में बढ़ती रही बाईक चोरियों व अन्य चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में रोष व्याप्त है। उन्होने बढती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है। साथ ही गत दिवस बुर्का पहनकर पकडे गए युवक की जांच कर कार्यवाही की भी मांग की है ताकि शहर में अप्रिय घटना घटित न हो सके।

शनिवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने प्रेसनोट जारी कर बताया कि शामली शहर के कोतवाली क्षेत्र में बाइक चोरियों की की घटनाएं बढती जा रही है। छोटी-छोटी चोरियों की घटनाएं बढ़ती जा रही है। जिससे व्यापारियों में रोष व चिंता व्याप्त है।

उन्होंने बताया कि गत 10 दिन पूर्व सीबी गुप्ता कॉलोनी से उनके आवास के बाहर से ही एक स्वास्थ्य बीमा कर्मचारी की बाइक चोरी कर ली गई थी। उधर कई प्रकार की छोटी-छोटी चोरियां आए दिन हो रही है इन पर अंकुश लगना चाहिए। बाइक चोरी की घटनाएं अक्सर हॉस्पिटल के बाहर, बैंकों के बाहर, मंदिरों के बाहर से होती है। प्रदेश अध्यक्ष ने पुलिस प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि बैंकों, अस्पताल व मंदिरों के बाहर पुलिस गस्त बढ़ाई जाए ताकि वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लग सके।

यही नही उन्होने कहा कि गत शुक्रवार को शहर के मोहल्ला बरखंडी में अप्रिय घटना के उद्देश्य से बुर्का पहनकर घूम रहे युवक को राह चलते लोगों ने पकड़े जाने पर पुलिस को सूचना दी गई मगर पुलिस की निष्क्रियता के कारण वह व्यक्ति फरार हो गया। उन्होने मांग की कि पुलिस को सक्रिय और चौकन्ना किया जाए ताकि नगर में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने नगर के दूध व मावा व्यापारियों को भी हिदायत दी कि वह मिलावटी दूध व मावा जैसे जहर को बेचने जैसी सामाजिक बुराई से बचे।

# धान बीज व जिप्सम की खरीद पर अनुदान को नहीं करना होगा इंतजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला कृषि अधिकारी, शामली प्रदीप कुमार यादव द्वारा जनपद शामली के सभी कृषको को सूचित किया जाता है कि कृषि विभाग के समस्त राजकीय कृषि बीज भण्डारो पर खरीफ 2025-26 में बीज वितरण कार्यक्रम के अन्तर्गत धान बीज की प्रजाति पी.बी.-1692 मात्रा-59.52 कु., पी.बी.-1718 मात्रा-60.00 कु., पी.बी.-1847 मात्रा 08.16 कु. एवं पी.बी.-1509 मात्रा 25.00 कु. (कुल धान की मात्रा 142.68 कु.) बीज की उपलब्धता उपलब्धता हो चुकी है, जिसका धान बीज आधारीय दर 6350 रु. प्रति कु. है एवं प्रमाणित धान बीज का रेट 6138 रू. प्रति कु. है, धान बीज पर लगभग 2600 रू. प्रति कु. के अनुदान पर कृषको को बीज वितरण किया जाना है और इसके साथ ही ऊसर भूमि को सुधारने हेतु जनपद में जिप्सम की मात्रा 161.65 (मै.टन) की उपलब्धता हो गई है। जिसका विक्रय दर प्रति बैंग (50.00 किला.ग्राम) 216.10 रु. है जिप्सम पर 75 प्रतिशत अनुदान देते हुए प्रति बैग लगभग 54.25 रू. पर कृषकों को वितरण किया जाएगा। बीज एंव जिप्सम की उपलब्धता का विवरण विकास खण्ड वार निम्न प्रकार है। विकास खण्ड कैराना में धान बीज की प्रजाति- पी.बी. -1692/1718/1847/1509, धान बीज की मात्रा कु. में 31.88, जिप्सम की मात्रा मै. टन में 42.00, इसके अलावा विकास खण्ड कॉंधला में धान बीज की प्रजाति-पी.बी. -1692/1718/1847/1509, धान बीज की मात्रा कु. में 29.96, इसके अलावा विकास खण्ड शामली में धान बीज की प्रजाति- पी.बी. -1692/1718/1847/1509, धान बीज की मात्रा कु. में 24.76, जिप्सम की मात्रा मै. टन में 42.40, इसके अलावा विकास खण्ड थानाभवन में धान बीज की प्रजाति- पी.बी. -1692/1847/1718/1509, धान बीज की मात्रा कु. में 31.88, जिप्सम की मात्रा मै. टन में 35.25 बीज एंव जिप्सम की खरीदारी करते समय अनुदान की धनराशि का लाभ देते हुए अब अंश की राशि ही जमा होगी।

फ्लाईओवर से प्रेमी युगल द्वारा छलांग लगाने के प्रकरण को लेकर

# त्यागी भूमिहार महासभा ने दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** फ्लाईओवर से प्रेमी युगल द्वारा छलांग लगाने के दौरान युवती की मौत हो जाने एवं युवक गंभीर रूप से घायल होने के प्रकरण को लेकर त्यागी भूमिहार महासभा के प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक ग्रामीण से भेंट कर चार सूत्रीय ज्ञापन दिया। एसपी देहात ने उनकी मांगों पर साहनभूति पूर्वक विचार कर घायल किशोर के पास उपचार के दौरान उसके एक परिजन को साथ रहने के लिए आश्वस्त किया।

बीती 12 मई को घर से लापता किशोर युगल द्वारा बीते मंगलवार को देवबंद स्टेट हाइवे स्थित फ्लाईओवर से छलांग लगाने के दौरान किशोरी की मौत हो गई थी। जिसके चलते प्रकरण प्रतिदिन नए आरोप पुलिस प्रशासन पर लगते रहे। हालांकि त्यागी भूमिहार महासभा द्वारा शनिवार को देवबंद कोतवाली में महापंचायत की चेतावनी दी गई थी। लेकिन प्रशासन द्वारा पंचायत से पूर्व वार्ता के चलते प्रतिनिधि मंडल ने सहारनपुर पहुंच पुलिस अधीक्ष ग्रामीण सागर जैन से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन दिया। ज्ञापन में किशोर को उच्च स्तरीय चिकित्सिय सुविधा उपलब्ध कराए जाने और चिकित्सकों और परिजनो का सीधा संवाद कराए जाने की मांग की। साथ ही उपचार के दौरान परिजनों या अभिभावकों अस्पताल में साथ रहने की अनुमति दिए जाने की मांग की। ज्ञापन में किशोर की मां और बहन को सुरक्षा दिलाए जाने की मांग की। कहा कि उक्त माहौल में परिवार स्वंय को असुरक्षित महसूस कर रहा है। प्रतिनिधि मंडल ने एसपी देहात से परिवार को निष्पक्ष और द्वेषमुक्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्र्चित किए जाने की मांग की। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष अक्षय त्यागी, हरिओम प्रधान, कमल त्यागी, विकास, रामभूल त्यागी और सोनू त्यागी आदि मौजूद रहे।

> प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक ग्रामीण से भेंट कर युवक को उच्च स्तरीय चिकित्सिय सुविधा उपलब्ध कराए जाने व चिकित्सकों और परिजनो का सीधा संवाद कराए जाने को लेकर ज्ञापन दिया

## मृतकों के परिजनों को दी आर्थिक सहायता राशि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आकाशीय बिजली गिरने से मरने वालो के परिजनो को आर्थिक सहायता राशि वितरित की गई।

विगत 21 मई को घोर गरज के साथ हुई बारिश व ओला वृष्टि के दौरान देवबन्द तहसील क्षेत्र के गांव खजूरी निवासी अनिल कुमार सिंह व कुरडी निवासी नेकिराम के 28 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार की मौत हो गई थी। उपजिलाधिकारी की रिपोर्ट के बाद प्रशसन द्वारा सहारनपुर में आयोजित आर्थिक सहायता राशि वितरित कार्यक्रम में दोनो मृतको के परिजनो को दैवीय आपदा मद से चार-चार लाख रूपय की आर्थिक सहायता राशि दी गई।

# भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा बाइक यात्रा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्र में तिरंगा बाइक यात्रा निकाली। इस दौरान कार्यकर्ता हाथों में तिरंगे झंडे लेकर भारतीय सेना के शौर्य, वीरता, अदम्य साहस और उनका मनोबल बढ़ाया।

स्टेट हाइवे स्थित खंड विकास कार्यालय से प्रारंभ हुई तिरंगा बाइक यात्रा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजय त्यागी के नेतृत्व में फतेहपुर उर्फ सांपला दीवाड़ा पहुंची। जहां बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर वापिस खंड विकास कार्यालय पहुंच शहीद स्मारक पर संपंन हुई। यात्रा के दौरान बाइक सवार युवक पहलगाम आंतकी हमले में शहीद हुए पर्यटको की शहादत का बदला लेने को आपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने को हाथों में तिरंगा लिए देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। इस दौरान बीडीओ असलम प्रवेज, एडीओ पंचायत अनिल, ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष अर्जुन सिंह, सोनित कश्यप, गन्ना समिति के चेयरमैन डा. उपेंद्र चौधरी, अरुण गुप्ता, नदीम, कुलदीप सैनी, देवेंद्र प्रधान, कुलबीर प्रधान, कुलदीप त्यागी, अनिल प्रधान, अजित सिंह और यर्थात त्यागी सहित समस्त बीडीसी एवं प्रधान मौजूद रहे।

## आमिर सिद्दीकी के लिए की दुआ-ए-मगफिरत

**देवबन्द।** मुस्लिम फंड ट्रस्ट के कर्मी आमिर सिद्दीकी का लंबी बिमारी के चलते निधन हो गया। निधन के सूचना से परिजानो व मोहल्ले वासियो में शोक की लहर दौड़ गई और देखते ही देखते मोहल्ला खानकाह स्थित उनके आवास पर खिराज-ए-अकीदत पेश करने वालो का तांता लग गाया। मुस्लिम फंड ट्रस्ट के कर्मी आमिर सिद्दीकी का लंबी बिमारी के चलते मोहल्ला खानकाह स्थित अपने आवास पर आज निधन हो गया। आमिर सिद्दीकी को बाद नामाज़-ए-ज़ोहर दारूल उलूम के आहता-ए-मोलसरी में नामाज़-ए-जनाज़ा अदा करने के बाद सपूर्द-ए-खाक किया गया। आमिर सिद्दीकी के इन्तेकाल पर मुस्लिम फंड ट्रस्ट के महा प्रबंधक सुहेल सिद्दीकी व समस्त स्टाफ ने दुख व्यक्त करते हुए उनके लिए दुआ-ए-मगफिरत की।

## किसानों का कम गुणवत्ता वाले कीटनाशक व उर्वरक बेचने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भारतीय किसान यूनियन (किसान जनशक्ति) की आयोजित बैठक में शुगर मिलों द्वारा गांव गांव जाकर कम गुणवत्ता वाले कीटनाशक व उर्वरक बैंचे जाने पर कड़ा रोष व्यक्त करते हुए चेतावनी दी कि अगर यह गौरखधंधा बंद न हुआ तो आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

रणखंडी रोड स्थित भारतीय किसान यूनियन (किसान जनशक्ति) के कार्यालय पर आयोजित बैठक में संगठन के अध्यक्ष विनय त्यागी ने शुगर मिलों पर किसानों को कम गुणवत्ता वाला कीटनाशक और उर्वरक बेचने का आरोप लगाया। कहा कि कुछ दिन पूर्व जिला रक्षा कृषि अधिकारी ने शुगर मिलों को नोटिस जारी कर किसानों को उच्चतम क्वालिटी का कीटनाशक उपलब्ध न कराने पर कार्रवाई की चेतावनी दी थी। लेकिन इसके बावजूद शुगर मिले धड़ल्ले से कम गुणवत्ता वाले कीटनाशक व उर्वरक गांव-गांव जाकर किसानों को बेच रही हैं। बैठे में किसानों के साथ किया जा रहा धोखा तुरंत बंद न किए जाने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई है।

अध्यक्षता अजय त्यागी व संचालन आदित्य राणा ने किया। जुगनू त्यागी, अंकित शर्मा, मोहसिन, संजय गुर्जर, संदीप गुर्जर, आजाद, मनोज त्यागी, योगेश त्यागी आदि मौजूद रहे।?

## छात्र आशीष कांत का माल्यार्पण कर किया स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नेचुरोपैथी एवं योग में सफलता प्राप्त कर स्नातक की डिग्री हासिल करने पर छात्र आशीष कांत का लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

देवबंद के गुनारसा गांव निवासी आशीष कांत का वरदान नेचुरोपैथी एवं योग संस्थान चंडीगढ़ के पंचकूला में आयोजित दीक्षांत समारोह में स्नातक की डिग्री मिलने के बाद पहली बार अपने गांव पहुंचे आशीष कांत का स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होने बताया कि पंचकूला में हुए दीक्षांत समारोह में उन्हें विशेष सम्मान से नवाजा गया। नेचुरोपैथी और योग के 122 विद्यार्थियों को देश भगत यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. जोरा सिंह ने स्नातक की डिग्री प्रदान की। कहा कि डिग्री महज कागज का टुकड़ा नहीं, यह समाज को स्वस्थ बनाने का संकल्प है। आशीष कांत ने बताया कि समारोह का आयोजन गांधी स्मारक प्राकृतिक चिकित्सा समिति नई दिल्ली, नेचुरोपैथी योग आयुर्वेद साइंसेज समिति मोहाली और वरदान नेचुरोपैथी एवं योग संस्थान चंडीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस उपलब्धि पर डॉ. आदित्य भारद्वाज, डॉ. हरिचंद गुप्ता, मुकेश कुमार, ओमबीर सिंह, जसमीत सिंह, सुमन बाला आदि ने हर्ष जताया।

## 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' और 'जय हिंद' के नारों से गूंज उठा नगर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस यात्रा का नेतृत्व पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह ने किया। यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' और 'जय हिंद' के नारों से नगर की गलियां देशभक्ति से गूंज उठीं।

डॉ. इंद्रदेव सिंह ने कहा, "तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, यह हमारी अस्मिता, बलिदान और गौरव का प्रतीक है। देश के प्रति प्रेम और एकता को बनाए रखने के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता है।"

यात्रा में सामाजिक कार्यकर्ता, विद्यार्थी, व्यापारी संगठन, महिला समूह और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर यात्रियों का स्वागत किया गया।

तिरंगा यात्रा के अंत में राष्ट्रगान गाया गया और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नगर में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में नागरिकों की भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि देशभक्ति आज भी जनमानस में गहराई से रची-बसी है। इस दौरान डॉ. गौरव प्रताप सिंह, नागेश्वर दयाल गहलोत, श्याम सिंह चौहान, गोपाल सिंह, नरेंद्र सिंह, सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

# नगीना में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा

> बड़ी संख्या में ई-रिक्शाएं भी रहीं शामिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना के शौर्य को नमन व वंदन करने के लिए नगर में शौर्य तिरंगा यात्रा भव्य तरीके से निकाली गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भव्य तरीके से निकाली गई शौर्य तिरंगा यात्रा में उपस्थित जन समूह ने तिरंगे झंडे हाथ में लेकर देशभक्ति के नारे लगाए। ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में निकाली गई भव्य शौर्य तिरंगा यात्रा में महिलाओं सहित हर उम्र व हर वर्ग के लोगो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस तिरंगा यात्रा के दौरान पूरा शहर तिरंगे झंडो से पटा दिखाई दिया। तिरंगा यात्रा के दौरान युवा डीजे पर देशभक्ति के गानों पर जमकर थिरके। तिरंगा यात्रा का नगरवासियों ने जगह जगह पुष्पवर्षा कर, जल वितरण व शरबत वितरण कर स्वागत किया। यात्रा के दौरान पूरे शहर में देशभक्ति का माहौल नजर आया। यह यात्रा गांधी चौक से शुरू होकर मुख्य बाजार मंडी मोलगंज, लोहारी सराय, बाजार बारादरी होते हुए पहाड़ी दरवाजे जाकर संपन्न हुई।

इस यात्रा में पीछे की ओर दर्जनों ई-रिक्शाएं भी चल रहीं थीं। ई रिक्शा यूनियन के कोषाध्यक्ष बदर मुनीम के नेतृत्व में मुनीम चौक से ई रिक्शा चालकों द्वारा भी एक शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई जो कि स्टेशन रोड होते हुए गांधी मूर्ति तिराहे पहुंची और नागरिकों द्वारा निकली जा रही यात्रा के पीछे पीछे अंतिम गंतव्य तक चलते रहे।

इस दौरान कार्यकर्ताओं और महिलाओं ने भी हाथों में तिरंगे झंडे लेकर देशभक्ति के नारे लगाए और सुरक्षा बलों के शौर्य को सलाम किया। शौर्य तिरंगा यात्रा में वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं, व्यापारी वर्ग और समाजसेवियों विशेष कर महिलाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए हाथों में तिरंगे झंडे लिए देश के वीर सैनिकों के प्रति अपनी एकजुटता और सम्मान प्रकट किया। तिरंगा यात्रा में डेढ़ सौ से ज्यादा ई-रिक्शा और हजारों की संख्या में महिला पुरुष सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की समाप्ति पर पूर्व सांसद डॉ. यशवंत सिंह ने कहा कि तिरंगा केवल झंडा नहीं, हमारी एकता और स्वतंत्रता का प्रतीक है। इस यात्रा का उद्देश्य लोगों में राष्ट्र भक्ति और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता फैलाना है। क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि कहा कि सेना ने पाकिस्तानी हरकत का मुँहतोड़ जबाब दिया और चार दिन में ही पाकिस्तान को घुटने टेकने को मजबूर कर दिया।

अंत में जिला उपाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक प्रमोद चौहान ने तिरंगा यात्रा में शामिल जनमानस का व नगर की सम्मानित जनता का धन्यवाद किया व कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।

तिरंगा यात्रा में प्रमोद चौहान जिला उपाध्यक्ष (कार्यक्रम संयोजक), अनूप वाल्मीकि क्षेत्रीय मंत्री, डॉ. यशवंत सिंह पूर्व सांसद, मुंशी रामपाल पूर्व सांसद, महेंद्र धनौरिया पूर्व जिलाध्यक्ष, राजीव सिसोदिया पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, रचना पाल पूर्व सदस्य लोक सेवा आयोग, तिलकराज सैनी जिला अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा भाजपा, सतीश गौतम पूर्व विधायक, अजीत अग्रवाल पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा, अंजली मित्तल मंडल अध्यक्ष भाजपा, माया पाल जिला मंत्री भाजपा, सुभाष शर्मा मंडल अध्यक्ष माहेश्वरी मंडल, प्रभात चंद गुप्ता पूर्व चेयरमैन, राजेंद्र अग्रवाल पूर्व प्रधानाचार्य, सुषमा अग्रवाल पूर्व प्रधानाचार्य, शलभ गोयल, सौरभ मित्तल, पंडित सचिन शर्मा, नीरज विश्नोई निवर्तमान मंडल अध्यक्ष भाजपा, मनोज टंडन, लवी मित्तल, भूरे सिंह, शिवा कर्णवाल, शिवा मिगलानी, प्रदीप गर्ग, आशा माहेश्वरी, स्वाति अग्रवाल, अनीता चौहान, रितु गर्ग, शाकुम्भरी मित्तल, स्वाति जैन, इंदु ठकुराल, सुनील सैनी, पंडित सचिन शर्मा, सिद्धार्थ चौधरी, जितेंद्र चौधरी, सरफराज अंसारी, रोहित विश्नोई, संजीव दत्त विश्नोई, शीतल जोशी, शिवशंकर सक्सेना, केशव दीक्षित, कुलदीप त्यागी, शीतल जोशी, सिद्दीक मुल्तानी, जहीर पहलवान, जुनैद कुरैशी, मकसूद उस्मानी, शैख जमशेद, शहराज खलील, मोहम्मद शारिक, इसरार अल्वी, नफीस अहमद, रविश इकबाल आदि लोग शामिल रहे।

# पार्षद अहमद ने की राशन कार्ड बनाने की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पार्षद अहमद मलिक ने खाद्य विभाग अधिकारी से मुलाकात कर वार्ड के जरूरतमंदों के राशन कार्ड बनाये जाने की मांग की।

पार्षद एवं सपा जिला कार्यकारणी सदस्य अहमद मलिक ने वार्ड के जरूरतमंद लोग जो राशन कार्ड बनवाने के पात्र हैं उनके राशन कार्ड जल्द से जल्द मानको के अनुसार जारी किए जाने की बात कही और कहां कि जरूरतमंद व्यक्तियों को समय से राशन उपलब्ध कराने और पुराने राशन कार्ड में यूनिट भी दर्ज किए जाने की बात रक्खी। क्षेत्रीय खाद अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र ने आश्वासन दिया की जांच कराने के बाद विभाग द्वारा पात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड बनाने में कोई देरी नहीं की जाएगी। पार्षद अहमद मलिक ने अपने वार्ड के पात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड की सूची भी अश्वनी कुमार मिश्र को दी।

## तिरंगा शौर्य यात्रा निकाली

**बढ़ापुर।** पहलगाम हमले के बाद आपरेशन सिंदूर द्वारा आतंकियों पर की गई कार्यवाई की सफलता को लेकर भाजपाइयों ने कस्बे में तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली। इस दौरान भारत माता की जय के नारों के साथ भारतीय सेना के शौर्य की सरहाना की गई। बढ़ापुर बस स्टैंड पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष खेल सिंह राजपूत व मंडल अध्यक्ष भीम सिंह सैनी के नेतृत्व में काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता इकट्ठा हुए। वहां से तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली गई। यात्रा मुख्य बाजार से होते हुए पुलिस चौकी, मुहल्ला नौमी, सब्जी मंडी, कुंजेटा तिराहे से होते हुए बस स्टैंड पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान यात्रा में मौजूद भाजपाइयों ने भारत माता की जय के नारों के साथ भारतीय सेना के शौर्य की सरहाना की। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय सिंह, जयवीर पंचवाल, शेखर चौहान, सोहित गुप्ता, मुकेश आर्य, अजयराज सिंह, नरेंद्र चौहान, कौशल चौहान, डॉ. राजपाल सिंह, संजीव कश्यप बंटी, नितिन प्रजापति, राहुल कश्यप, सतेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।

## वादों के निस्तारण में प्रभावी पैरवी के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कल शाम कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में जिला स्तरीय समिति, अभियोजन एवं कारागार की सुरक्षा तथा पोस्टमार्टम, गुण्डा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट से संबंधित बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने जिला स्तरीय समिति की बैठक में वादों के निस्तारण के सम्बन्धित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उपस्थित से एक-एक वाद के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए प्रभावी पैरवी कर निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में कारागार की सुरक्षा, पोस्टमार्टम, गुण्डा एक्ट और गैंगस्टर एक्ट से संबंधित मामलों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया और गुणवत्ता पर ध्यान देने एवं कारागार की सुरक्षा में सुरक्षा और सुधारों पर चर्चा की। उन्होंने गुंडा एक्ट विषय की समीक्षा में गंभीर आपराधिक गतिविधियों में लिप्त के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने गैंगस्टर एक्ट विषय की समीक्षा करते हुए गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों में इन मामलों पर ध्यान दें और आवश्यक कदम उठाएं।

उन्होंने पोक्सो एक्ट प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि मामलों की त्वरित सुनवाई सुनिश्चित की जाए, गवाहों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और दोषियों को सजा दिलाने के लिए प्रभावी अभियोजन हो।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव बाजपेई, अभियोजन अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## समर कैम्प में बच्चे सीख रहे योग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी में चल रहे चार दिवसीय समर कैंप के तीसरे दिन योग, नॉन फायर कुकिंग, डांसिंग, सिंगिंग, स्विमिंग आदि खेलों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षक अर्जुन सिंह, विशाल चाहल, अपूर्व कुमार ने विद्यार्थियों के लिए जीवन में अनुशासन का महत्व बताया। विद्यालय प्रबंधक रघुराज सिंह नागर ने बताया कि गर्मी की छुट्टियों में समय प्रबंधन कैसे किया जाए एवं गर्मी व लू से बचाव के उपाय बतायें।

कार्यक्रम आयोजक विकास पंकज ने विद्यार्थियों को योग कराया एवं जीवन में योग का महत्व समझाया। योग सत्र में अनुलोम विलोम, भस्त्रिका, भ्रामरी प्राणायाम, प्रणामासन, हस्त उत्तानासन, हस्तपादासन, अश्व संचालनासन, अधोमुख श्वानासन, पर्वतासन, अष्टांग नमस्कार, भुजंगासन, पर्वतासन, ताड़ासन और हस्तपादासन आदि योग कराये। निशा राजपूत, पलक राजपूत, स्वाति पाराशर, अनुराधा, ललित कुमार, अरुण डबास, नीरज सिंह, सागर चौधरी आदि रहे।

# स्टूडेंटस इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन का कार्यक्रम

> दीन के रास्ते पर चलने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** समाज सुधार के लिए स्टूडेंटस इस्लामिक आर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया का कार्यक्रम में युवाओं से दीन के बताये रास्ते पर चलने का आह्वान किया गया।

मोहल्ला शेखान स्थित मस्जिद में स्टूडेंटस इस्लामिक आर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया एक समाज सुधार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अब्दुल हफीज ने युवाओं से दीन और दुनियावी तालीम हासिल कर समाज में बढ़ती बुराइयों को रोकने के लिए काम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नबी करीम सल्लल्लाहु अलैही वसल्लम के जमाने से अच्छा अख्लाक और नेक किरदार मुसलमानों की पहचान रहा है। हमें इसके बारे में गौर और फिक्र कर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुसलमानों ने हमेशा सच और हक के रास्ते पर चलकर पूरी दुनिया को मिलजुलकर रहने का पैगाम दिया है। उन्होंने कहा मुसलमानों के अच्छे अख्लाक और किरदार की वजह से दूसरे धर्मों के लोगों ने भी अपने को सुरक्षित महसूस किया है। उन्होंने कहा आज नफरत भरे इस दौर में तरह-तरह के इल्जाम लगाकर मुसलमानों को हर खराबी के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा। उन्होंने मुसलमानों ने हालत से ना घबराने, हक व सच के रास्ते पर चलकर परेशान लोगों की मदद करने और अपने बच्चों को हर हाल में शिक्षित बनाने पर जोर दिया। शहर इमाम मुफ्ती मु. जकी एजाज खान ने कामयाबी पाने के लिए अल्लाह और रसूल के बताए रास्ते पर चलने की हिदायत की। अंत में उन्होंने पूरी दुनिया में अमन-चैन व खुशहाली की दुआ कराई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुफ्ती जकी ने की तथा संचालन डॉ. जियाउर्रहमान ने किया और पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी युनुस खान ने भी विचार व्यक्त किये।

### बीएएलएलबी तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ, बिजनौर के बीएएलएलबी तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। लॉ विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार राठौर ने बताया कि बीएएलएलबी तृतीय सेमेस्टर में उमरा असलम ने प्रथम, आयशा अंसारी ने द्वितीय तथा असमत सुल्ताना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**नीलामी सूचना**

कम्पोजिट विद्यालय ताजपुर विकास क्षेत्र नागल जिला सहारनपुर के परिसर में खड़े यूकलिप्टिस के 33 वृक्षों की नीलामी दिनांक 03.06.2025 को समय सुबह 10 बजे विद्यालय परिसर में की जायेगी। शर्ते व नियम किसी भी कार्य दिवस में विद्यालय आकर देखी जा सकती है।

**प्रधानाध्यापक**
कम्पोजिट विद्यालय ताजपुर, विकास क्षेत्र नागल (सहारनपुर)
9719446218.

**चुनाव विज्ञप्ति**

जम्बू विद्यालय जैन इण्टर कॉलेज एसोसिएशन, कलसिया रोड सहारनपुर की साधारण सभा के सभी सदस्य को सूचित करना है कि प्रबन्ध समिति के 12 सदस्यों के निर्वाचन हेतू निम्नानुसार निर्वाचन कार्यक्रम घोषित किया जाता है- **मतदाता सूची का प्रकाशन दिनांक**- 06.06.2025 को प्रात: 10:00 बजे, **आपत्ति दिनांक**- 06.06.2025 को प्रात: 11:00 बजे से 12:00 बजे तक, **आपत्ति का निस्तारण दिनांक**- 06.06.2025 को मध्याहन: 12:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक, **अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन दिनांक**-06.06.2025 को दोपहर 02:00 बजे, **नामांकन दिनांक**- 07.06.2025 को प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक, **नामांकन पदों की जाँच दिनांक**- 07.06.2025 को दोपहर 01:00 बजे से 02.00 बजे तक, **आपत्ति दोपहर** 02:00 बजे से 03:00 तथा **अन्तिम सूची** सांय 4:00 बजे, **नाम वापसी दिनांक**- 08.06.2025 को प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक, **उम्मीदवारों की अन्तिम सूची** दोपहर 01:00 बजे, **मतदान दिनांक**- 15.06.2025 को प्रात: 09:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक तथा दोपहर 01:00 बजे से मतगणना उसी दिन होगी। सभी कार्यक्रम विद्यालय प्रांगण कलसिया रोड, सहारनपुर पर होंगे।

**स0 मोहन सिंह चौहान- प्रधानाचार्य** एवं (चुनाव अधिकरी)
प्रबन्ध समिति जम्बू विद्यालय जैन इण्टर कॉलेज एसोसिएशन,
कलसिया रोड, सहारनपुर।

# छात्रा से छेड़खानी में प्रोफेसर गिरफ्तार, हंगामा

**जाट महासभा की चेतावनी के बाद जागी सिविल लाइन पुलिस**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** नगर के थाना सिविल लाइन क्षेत्र के सरकुलर रोड स्थित चौधरी छोटू राम डिग्री कॉलेज में एक शर्मनाक मामला सामने आया है, जिसको लेकर कॉलेज में काफी हंगामा हुआ। तीन वर्ष से छात्रा का मानसिक उत्पीडन, यौन शोषण को उकसाने और छात्रा परेशान होकर आत्महत्या को मजबूर होने को लेकर शनिवार को फिल्म अभिनेता विकास बालियान ने इसकी शिकायत कॉलेज मैनेजमेंट से लेकर पुलिस अधिकारियों तक की। प्रोफेसर करीब तीन वर्ष से छात्रा से गंदी बात ही नहीं कर रहा था बल्कि अश्लील कॉल भी की जा रही थी। प्रोफेसर की दरिंदगी से डरी व सहमी छात्रा कॉलेज आने को भी मजबूर थी। सूचना के बाद कॉलेज पहुंची पुलिस ने आरोपी प्रोफेसर



प्रोफेसर दुष्यंत पुलिस हिरासत में।

को हिरासत में ले लिया और छात्रा द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी।

बताया जाता है कि बीएससी फाइनल कर रही छात्रा ने फिल्म अभिनेता विकास बालियान से अपने उत्पीडन की शिकायत की। छात्रा का आरोप है कि करीब तीन वर्ष से उसका मानसिक उत्पीडन कर यौन शोषण के लिए मजबूर किया जा रहा था जिससे वह आत्महत्या का मन बना चुकी थी। प्रोफेसर ने प्रेक्टिकल में फेल करने की धमकी देकर उससे अश्लील बाते की। हिरासत में लेने के बाद सीओ सिटी मौके पर पहुंचे और उन्होने पूर्ण घटना की जानकारी दी। उधर छात्रा की ओर से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नाम एक शिकायती पत्र लिखा गया जिसमें बताया गया कि वह बाबरी क्षेत्र की रहने वाली और चौधरी छोटू राम डिग्री कॉलेज में बीएससी छठे सेमेस्टर की छात्रा है।

छात्रा ने प्रोफेसर दुष्यंत कुमार पर प्रेक्टिकल आदि का डर दिखाकर उसके साथ अश्लील हरकते की। छात्रा ने प्रोफेसर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जब उसने गंदगी हरकते व अश्लील हकरते का विरोध किया तो प्रोफेसर ने उसको धमकी देनी शुरू कर दी। छात्रा ने इक्कीस मई 2025 को 1090 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। ऐसा छात्रा का आरोप है कि शिकायत करने पर भी उसकी कोई मदद नहीं की गई। पीड़िता ने प्रोफेसर द्वारा मोबाइल पर भेजी गई अश्लील चेट भी स्कूली मैनेजमेंट व पुलिस अधिकारियों को दिखाई। उसके बाद पुलिस ने प्रोफेसर के खिलाफ धारा 75 (2), 352, 351 (2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। फिलहाल प्रोफेसर पुलिस की सलाखों के पीछे है। प्रोफेसर दुश्यंत कुमार के खिलाफ अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

कुल मिलाकर शिक्षा के मंदिर में यदि छात्राओं के साथ इस तरह की हरकत होगी तो स्कूल, कॉलेज छात्रों के लिए डर का घर बन जाएगे।

छात्राएं जहां स्कूल, कॉलेज में अपना भविष्य बनाने जाती है अगर यहां पर उन्ही के शिक्षक इस तरह की हरकत करेंगे तो फिर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं का नारा किस काम आएगा? इस ममले को लेकर कॉलेज मे काफी देर हंगामा रहा और मैनेजमेंट ने पुलिस से कडी से कडी कार्यवाही करने के लिए कहा है अब देखना है कि पुलिस इस मामले में क्या कार्यवाही करती है।



मुजफ्फरनगर: छात्रा से छेड़खानी की सूचना पर पहुंचे जाट महासभा के पदाधिकारी।

# प्रमुख सचिव ने पचास करोड़ से अधिक योजनाओं को परखा



**काऊ सेंचुरी का निरीक्षण कर देखी व्यवस्था**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत को परखने के लिए दो दिवसीय भ्रमण पर आये नोडल अधिकारी आईएएस मनोज कुमार राय ने जल जीवन मिशन और पचास करोड़ से अधिक लागत वाली जल परियोजनाओं के साथ ही गौ आश्रय स्थलों का भौतिक सत्यापन कर भौराखुर्द गांव में जल जीवन मिशन की परियोजनाओं का जायजा भी लिया और काऊ सेंचुरी का निरीक्षण करते हुए गौवंशीय पशुओं की देखरेख के लिए की गई व्यवस्था पर संतुष्टि जाहिर की।

उत्तर प्रदेश के नागरिक सुरक्षा एवं राजनीतिक पेंशन विभाग के विशेष सचिव मनोज कुमार राय शनिवार को नोडल अधिकारी के रूप में मुख्यालय पहुंचे। यहां मेरठ रोड स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन पर डीएम उमेश मिश्रा की अगुवाई में अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके उपरांत वो सीडीओ कमल किशोर देशभूषण के साथ तुगलकपुर कम्हेडा में स्थित काऊ सेंचुरी पहुंचे। यहां पर काऊ सेंचुरी का संचालन करने वाली गैर सरकारी संस्था श्री गोवर्धन गौ सेवा समिति के सचिव विपुल भटनागर ने उनका स्वागत किया। और वहां पर गौवंशीय पशुओं की देखरेख के लिए की गई व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने गौमाता का पूजन करते हुए गुड और चना खिलाया। यहां वेटनरी हॉस्पिटल का निरीक्षण करते हुए पशुओं के उपचार के साथ ही उनके चारा और पानी की व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी ली।

# उद्योगपति घर के युवकों ने कार से तोड़ा खम्भा

**पचैंडा रोड पर बेकाबू कार से कई लोगों की बची जान**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** कार में मौज मस्ती कर तेज गति से चला रहे चालक का बैलेंस बिगडने पर कार खम्भे को तोडती हुई रूक गई। इस समय यदि सीमेंट का खम्बा सामने ना आता तो शायद कई लोग जख्मी हो जाते। घटना के बाद यहां के लोगों घटना की जानकारी पुलिस को दी पुलिस ने गाडी को अपने कब्जे में कर लिया।

शनिवार की सवेरे पचैंडा रोड पर कुछ उद्योग घराने के युवक एक कार में सवार होकर मौज मस्ती में चल रहे थे इस समय कार की गति बहुत तेज थी, चालक का अचानक ही बैलेंस बिगडा तो कार सीमेंट के खम्भे से टकरा गई। खम्भ टूटकर नीचे गिरा और कार भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। लोगों ने इस समय इधर-उधर भागकर अपनी जान बचाई। काफी देर तक पचैंडा रोड पर अफरा-तफरी मची रही। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान दोनो पक्ष इकट्ठा हुए और विद्युत विभाग के जेई भी मोके पर पहुंच गए। कार सवार लोगों ने विद्युत विभाग का नुकसान मौके पर ही विद्युत विभाग के जेई को दिया इसके बाद इस मामले मे कोई कार्यवाही नहीं की गई।

## पानी की आपूर्ति परखने को खुद चलाई ट्यूबवेल

**मुजफ्फरनगर।** नोडल अधिकारी मनोज कुमार राय ने गांव भौरा खुर्द में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर जल योजना के लिए किये गये कार्यों का भौतिक सत्यापन किया। उन्होंने गांव में बनाई गई पानी की टंकियों, पानी की सप्लाई और अन्य व्यवस्था को परखने के लिए ट्यूबवैल को खुद चलाकर देखा।

पानी का परीक्षण भी कराया और ग्रामीण महिलाओं से व्यवस्था को लेकर बातचीत करते हुए जानकारी भी ली। नलकूप और बिजली कनेक्शन के साथ ही सोलर सिस्टम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ कंडारकर कमलकिशोर देशमुख, जल निगम के एक्सईएन संजय कुमार, एई अंकित कुमार, डीपीआरओ धर्मेंद्र सिंह, सीवीओ डॉ. जितेंद्र गुप्ता, डिप्टी कलक्टर मोनालिसा जौहरी सहित पुलिस, प्रशासनिक और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जूस पिलाकर राकेश टिकैत ने पूरण के अनशन को दिया विराम

## प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता के बाद सहमति पर धरना हुआ समाप्त

**कलक्ट्रेट पर भ्रष्टाचार व समस्याओं को लेकर 15 मई से था धरना**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** भ्रष्टाचार और किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर डीएम कार्यालय पर चल रहा भारतीय किसान संगठन का धरना शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हुई दूसरे दौर की वार्ता में सहमति बन जाने पर समाप्त कर दिया गया। भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत भी कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर पहुंचे थे और भ्रष्टाचार के खिलाफ इस आंदोलन को समर्थन व्यक्त किया था। बाद में उन्होंने भूख हड़ताल पर बैठे ठाकुर पूरण सिंह को जूस पिलवाकर इस आंदोलन को विराम दिलाने का काम किया।

दरअसल भारतीय किसान संगठन ने विभिन्न समस्याओं को लेकर 15 मई को कलेक्ट्रेट स्थित डीएम कार्यालय पर धरना शुरू किया था। इसमें लगातार मांग उठाने के बावजूद भी प्रशासन के द्वारा कोई कार्यवाही भरा कदम नहीं उठाये जाने के बाद 22 मई को यहां पर संगठन ने महापंचायत की और इसमें कई जनपदों से बड़ी संख्या में किसान जुटे थे। इसी दिन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरण सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों के मान मनौवल को ठुकराकर कार्यवाही होने तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया और भूख हड़ताल पर बैठ गये थे। शनिवार को भी संगठन का धरना जारी रहा और आंदोलन को समर्थन देने भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत भी कलेक्ट्रेट पहुंचे और ठाकुर पूरण सिंह की भूख हड़ताल को किसानों के लिए संघर्ष बताते हुए जनपद में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाने पर सराहना की। उन्होने कहा कि किसानों की समस्याओं और सरकारी विभागो में भ्रष्टाचार के विरूद्ध वह उनके साथ है। उन्होने ने कहा कि उनके इस आंदोलन के लिए भाकियू कर प्रत्येक कार्यकर्ता यहां जुट जायेगा। इसी बीच एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह वहां पर सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप और एसडीएम सदर निकिता शर्मा के साथ पहुंचे और संगठन के अध्यक्ष पूरण सिंह को आश्वासन दिया कि प्रशासन उनके द्वारा उठाई मांगों और समस्याओं को लेकर गंभीर है। उनके मांग पत्र पर काम शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि चकबंदी, बिजली और अन्य विभागों में जो समस्या बनी है, उसको लेकर डीएम स्तर से कार्यवाही की जा रही है। जहां जांच की आवश्यकता है, वो भी पूरी की जायेगी। इसके बाद सहमति बनी और राकेश टिकैत ने एडीएम प्रशासन संजय सिंह के साथ मिलकर भूख हड़ताल पर बैठे ठा. पूरण सिंह को जूस पिलाते हुए आंदोलन समाप्त करा दिया।




मुजफ्फरनगर: किसान मजदूर संगठन के धरने को समाप्त कराते राकेश टिकैत व एडीएम।

# स्कूल से लौट रहे मासूम छात्र को चीज देने के बहाने बुलाकर कुकर्म

शाह टाइम्स संवाददाता

**चरथावल।** क्षेत्र के एक गांव में स्कूल से लौट रहे एक मासूम छात्र को चीज देने के बहाने दुकान मे बुलाकर उसके साथ कुकर्म किया गया।और उसको किसी को न बताने की धमकी दी। मासूम छात्र रोता बिलखता घर पंहुचा और आपबीती बताई पीड़ित छात्र को लेकर उसकी माँ थाने पहुंची और थानाध्यक्ष को तहरीर देकर आरोपी दुकानदार के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए मासूम को मेडिकल के लिए भेज दिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

चरथावल थाना क्षेत्र मे एक मासूम छात्र के साथ कुकर्म करने का मामला सामने आया है जहा स्कूल से लौट रहे एक मासूम छात्र को चीज देने के बहाने दुकान मे बुलाकर उसके साथ कुकर्म कर दिया और उसको किसी को न बताने की धमकी दी। मासूम छात्र रोता बिलखता घर पंहुचा और आपबीती अपनी मां को रोकर सुनाई।

जिस पर उसकी मां आरोपी दुकानदार के यहां पहुंची लेकिन वो अकनी दुकान से फरार मिला। जिसके बाद पीड़ित छात्र को लेकर उसकी माँ थाने पहुंची और थानाध्यक्ष को तहरीर देकर आरोपी दुकानदार के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने पीड़ित छात्र की माँ की तहरीर लेकर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। आरोपी दुकानदार की तलाश मे टीम लगा दी है पुलिस जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज देगी



## किसान का शव बुढ़ाना मोड़ पर मिला

**मुजफ्फरनगर।** बुढ़ाना मोड के निकट एक किसान का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। काफी देर तक शव अज्ञात में पड़ा रहा पुलिस ने कागजों के आधार पर मृतक की पहचान किनौनी के किसान के रूप में कराई।

शनिवार की शाम कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि बुढ़ाना मोड के निकट एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की। पुलिस ने काफी देर बाद 62 वर्षीय हरेन्द्र के रूप में गई। परिजनों ने बताया कि किसान हरेन्द्र खेती करता था और वह अपनी बीमारी की दवाई लेने के लिए सवेरे करीब आठ बजे घर से शहर के लिए चले थे। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है।

# दुष्कर्म के आरोप में ससुर गिरफ्तार, भेजा जेल

**गत वर्ष बेटे के लिए ब्याह कर लाया था बहु को, महिला पर भी आरोप**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के निकटवर्ती एक गांव में बेटे के लिए ब्याह कर लाए बहु के साथ ससुर ने दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं हर बार दुष्कर्म की वीडियो भी बनाई गई। पीड़िता की सूचना पर पुलिस ने आरोपी 65 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। अब पुलिस पीड़िता के कोर्ट में बयान करा रही है। सूत्रों काक हना है कि विवाहिता ने दुष्कर्म की स्वयं वीडियो बनाई। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की महिला ने नई मंडी कोतवाली पुलसि को बताया कि पिछले वर्ष उसका ससुर अपने बेटे के लिए उसको बयाह कर लाया था। महिला की उम्र करीब तीस वर्ष बताई गई। आरोप है कि 65 वर्षीय व्यक्ति ने बेटे की बहु के साथ कई बार संबंध बनाए और इसकी वीडियो भी बनाई गई, हालांकि इस गांव के जिम्मेदार लोगों का कहना है कि सब कुछ महिला के रजामंदी से हुआ और वीडियो भी महिला ने ही बनाई है फिलहाल शिकायत के आधार पर नई मंडी पुलिस ने आरोपी ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उक्त वृद्ध आरोपी को जेल भेजने के बाद महिला के 161 व 164 के बयान कराने की तैयारी कर ली है।



**मुजफ्फरनगर।** कच्ची सड़क स्थित दुर्गा माता मंदिर में अहिल्याबाई होलकर जयंती पर उनके जीवन दर्शन प्रदर्शनी का उद्घाटन राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर वीरपाल निर्वाल व चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने संयुक्त रूप से किया। यहां अहिल्याबाई के जीवन पर गोष्टी का आयोजन भी किया गया।

# एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स के छात्रों का रहा दबदबा

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा एम.कॉम प्रथम सेमेस्टर व बी. कॉम पंचम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित किया गया, जिसमें एस. डी. कॉलेज ऑफ कॉमर्स, मुजफ्फरनगर के एम. कॉम प्रथम सेमेस्टर व बी. कॉम. पंचम सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

विद्यार्थीयों के इस प्रदर्शन पर महाविद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को प्राचार्य डा. सचिन गोयल एवं विभागाध्यक्ष डा. रवि अग्रवाल द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थीयों ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय अपने माता-पिता व महाविद्यालय के समस्त अध्यापकों को दिया। एम कॉम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में बुशरा 76 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान,



शिवानी ठकरान व विधि सिंघल ने संयुक्त रूप से 74 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान तथा कीर्ति गर्ग ने 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। बी. कॉम पंचम सेमेस्टर की परीक्षा में मनस्वी गुप्ता रही।

# अपराधियों के साथ विभाग पर भी शिकंजा कस रहे एसएसपी

**मुजफ्फरनगर।** एक तरफ पुलिस अधिकारियों के दिशा-निर्देशन में जनपद पुलिस बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान लगातार लंगडा कर रही है जिससे अपराधियों में खौफ पैदा हो सके और हाल में भी जनपद के कई थानों में मुठभेड करने की हौड़ लगी है, जिसमें दर्जन भर से अधिक बदमाशों को पुलिस की गोली का निशाना बनना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद भी लूट, चोरी की घटनाएं रोके नहीं रूक रही है। पुरकाजी पुलिस ने कुछ घंटे पहले ही बदमाशों को मठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था और छपार पुलिस ने भी कई बदमाशों को जेल भेजा, लेकिन दिन निकलते ही वैगनआर में सवार बदमाशों ने छपार क्षेत्र से लेकर पुरकाजी तक लूट की वारदातों को अंजाम देकर सनसनी फैला दी। बदमाशों ने सबसे पहले छपार क्षेत्र में लूट की वारदात को अंजाम दिया इसके बाद पुरकाजी में लूट की वारदात की, हालांकि जनपद के पुलिस मुखिया संजय कुमार वर्मा जिस तरह अपराधियों पर कार्यवाही करा रहे है, वहीं पुलिस विभाग में फैली भ्रष्टाचारी को भी दूर कर रहे है। हाल में कई थानों में तैनात दरोगा व सिपाहियों पर निलंबित से लेकर लाइन हाजिर तक की कार्यवाही की गई। शनिवार को भी एसएसपी ने जनता से दुर्व्यवहार करने पर दरोगा मूलचंद, पवन चाहर, बिजेन्द्र सिंह व सिपाही कैतन को लाइन हाजिर कर दिया है। एसएसपी ने इसी तरह की कार्यवाही भोपा थाने में भी की है। भोपा में तैनात सिपाही नवीन कुमार को भी जनता से दुर्व्यवहार करने व अन्य शिकायतो के आधार पर लाइन हाजिर कर दिया है। बता दे कि गत दिवस भी एसएसपी ने टिल्ला चौकी के सिपाही और दरोगा के खिलाफ भी विभागीय कार्यवाही की थी।

डॉ मोहसिन अली
एमबीबीएस एमडी (जनरल मेडिसिन)
फैलोशिप इन डायबिटीज
शुगर बीपी थायराइड
एवं बुखार रोग विशेषज्ञ
दीवान हॉस्पिटल
एवं यूरोलॉजी सेंटर
सूजरू चुंगी मुजफ्फरनगर यू पी
रविवार और मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए
पहले फोन पर नाम लिखवाएं
7906187190
9897011086

# छात्र की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव उमाही हाईवे स्थित आइ आइ एम टी कॉलेज मे परीक्षा देकर कॉलेज से बाहर निकलने पर एक परीक्षार्थी छात्र की कार सवार अज्ञात युवकों ने गोली मारकर हत्या कर दी। दिनदहाडे हाईवे पर घटित इस घटना से हडकंप मच गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सजवाण ने भी घटनास्थल पर पंहुच कर जायजा लिया।

आईआईएमटी कॉलेज में मां शाकुंभरी देवी महाविद्यालय का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिसमें जनपद के करीब आधा दर्जन महाविद्यालयों के विभिन्न संकाय के परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे है।शनिवार दोपहर करीब साढे बारह बजे गागलहेडी के देवभूमि कॉलेज के बी फार्मा प्रथम वर्ष का छात्र आर्यन निवासी सरणावली थाना फुगाना मुजफ्फरनगर अपने साथी आशुतोष पुत्र सतीश कुमार निवासी ख्यावडी थाना, थानाभवन जिला शामली के साथ अपनी परीक्षा देकर कॉलेज से बाहर आये तो पुरानी रंजिश को लेकर एक क्रेटा कार मे सवार चार हथियारबंद युवको ने आर्यन को घेर लिया और उसकी पिटाई करने लगे। छात्र की पिटाई होता देख कुछ छात्र उसे बचाने के लिए और हमलावर युवकों को पकडने का प्रयास किया। अपने आप को घिरता देख हमलावर युवक भागने लगे। उनमे से एक युवक ने फायरिंग कर दी जिसमे आशुतोष गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को अन्य छात्र अपनी गाडी मे डालकर जिला चिकित्सालय ले गये जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस के साथ साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सजवाण, सीओ देवबंद रविक. ांत पाराशर भी घटनास्थल पर पंहुचे और उन्होने घटना के बारे जानकारी जुटाई। घटना से कॉलेज मे परीक्षा देने आये छात्र छात्राओ मे दहशत फैल गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आशुतोष के पिता सतीश कुमार ने मामले मे तीन नामजद सहित छह युवकों के खिलाफ तहरीर दी है।





# मुख्य आरोपी उदित चौधरी छह घंटे के अंदर मुठभेड़ में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के उमाही गांव स्थित आईआईएमटी कॉलेज के बाहर हुई फायरिंग की घटना में एक परीक्षार्थी की हुई हत्या के मुख्य आरोपी को स्थानीय पुलिस ने घटना के छह घंटे के अंदर मुठभेड में गिरफ्तार कर लिया गया है।

उक्त जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रमेश चंद सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सजवाण के निर्देशन में घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस टीम ने दबिश देकर मामले के मुख्य आरोपी उदित चौधरी निवासी गांव कलसी थाना तीतरों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ के दौरान आरा. ेपी की टांग में गोली लगी है। जिसके बाद उसे उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। पुलिस के मुताबिक घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा, कारतूस और हत्या में प्रयुक्त गाड़ी भी बरामद कर ली गई है।

उन्होंने बताया कि अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित कर दबिशें दी जा रही हैं। जल्द ही अन्य अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने की किसी को अनुमति नहीं दी जाएगी।



# आमने सामने बाइकों की भिड़ंत में युवती की मौत

**बेहट।** सहारनपुर विकासनगर मार्ग पर मीरगढ़ तिराहे के पास आमने सामने की दो बाईकों की भिड़ंत हो गई जिस में एक युवती की मौत होगई जबकि एक युवती सहित तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सी एच सी बेहट भर्ती कराए हैं जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिए है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

हादसा शुक्रवार को देर रात दिल्ली यमुनोत्री हाइवे पर कोतवाली बेहट इलाके के ग्राम मीरगढ़ के पास हुआ। थाना मिर्जापुर क्षेत्र के ग्राम खेड़ी निवासी जिशान पुत्र शहजाद अपनी रेशमा व मंतशा बहनों के साथ बाइक पर सवार होकर बेहट मेला देखने आ रहे थे। जैसे ही वह गंदेवड पेट्रोल पंप से आगे मीरगढ़ के पास पहुंचे तो सामने से आ रही दूसरी बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीनों भाई बहन और दूसरी बाइक पर सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलने पर कोतवाली बेहट पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस के जरिए से घायलों को कस्बे में स्थित सीएचसी में भर्ती कराया,जहां चिकित्सकों ने लगभग 17 वर्षीय रेशमा पुत्री शहजाद को मृत घोषित कर दिया और अन्य तीनो घायलों की हालत को गंभीर मानते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया। हादसे की खबर लगते ही मृतका के परिजन सीएचसी पहुंच गये। घटना से मृतका के परि. जनों में कोहराम मच गया।

# विकास कार्यों से बदली शहर की सूरत : डा.अजय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज दो वार्डो में करीब 70 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाली सड़क व नाली आदि विकास कार्यो का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि शहर में हो रहे विकास कार्यो से सहारनपुर की सूरत बदली है।

महापौर डॉ.अजय कुमार ने नगर विधायक राजीव गुंबर व महानगर भाजपा अध्यक्ष शीतल विश्नोई के साथ आज वार्ड 24 मे सतयुग आश्रम के बराबर वाली गली में सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का सड़क पर गेंती मारकर व नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इन कार्यो पर करीब 30 लाख रुपये की लागत आयेगी। इसके अलावा उन्होंने गुरुद्वारा वाली गली में भी सीवर पाईप लाइन के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। महापौर ने वार्ड 50 हकीकत नगर में पानी की टंकी के पास नाले एवं इंटरलॉकिंग टाइल लगाने के कार्य का शुभारंभ किया। इस कार्य पर भी करीब 40 लाख रुपये की लागत आयेगी।



महापौर ने उक्त निर्माण कार्यो के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्रवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षो में हुए शहर के विकास से सहारनपुर की सूरत बदली है। तीन-चार वर्ष बाद सहारनपुर आने वाले व्यक्ति को सहारनपुर आज एक नये रुप में दिखायी देता है। उन्होंने कहा कि आज जिन विकास कार्यो की शुरुआत की गयी है इनसे गोविंद नगर व हकीकत नगर क्षेत्र में जनसुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर नगर विधायक राजीव गुम्बर, भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई गोयल, क्षेत्रीय पार्षद राजीव कुमार अन्नू, पार्षद अमित त्यागी व पार्षद सुधीर पंवार के अलावा पूर्व पार्षद संजय फुटेला, मंडल अध्यक्ष हनी वर्मा, समाजसेवी प्रदीप गिलहोत्रा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।

# समर कैंप में पौधारोपण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समर कैम्प के अन्तर्गत आज विभिन्न विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों के साथ पौधारोपण कराया गया।

प्रथम सप्ताह में होने वाले योग क्रियाएं करायी तथ्य आउटडोर व इन्डोर खेल कराये गये जिसमे बच्चों द्वारा सक्रिय रूप से प्रतिभाग करते हुए आनन्दपूर्वक गतिविधियां की गयी। बच्चों द्वाए रंगोली, विज्ञान किट, गणित किट आदि कार्य भी किये गये। समर कैम्प में खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश त्यागी, फईम खान, राजेन्द्र, प्रधान अध्यापक तथा बच्चे शामिल रहे।

# मजबूत ताकत बन उभरेगी रालोद: चौ.नीरपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेलकूद प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. नीरपाल सिंह ने कहा कि रालोद एक बडी ताकत के रूप में सामने आयेगा।

चौ. नीरपाल सिंह ने यह बात नारसन बॉर्डर पर कही। उन्होने कहा कि 2027 में कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत के साथ जयन्त चौधरी के हाथों को मजबूत बनाना होगा। राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी ने कहा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय लोकदल का पुनर्जन्म हुआ है। आज कार्यकर्ताओं में जोश देखकर लग रहा है कि राष्ट्रीय लोकदल फिर से अपनी पुरानी खोई हुई ताकत को पा लेगा। चौधरी चरण सिंह की विचार धारा को उत्तराखंड में जन जन तक पहुंचाया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र पंत ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि तुम उत्तराखंड में पूरी ताकत से आगे बढ़ो जयंत चौधरी तुम्हारे साथ है।अभी से मिशन 2027 की तैयारी में जुट जाओ। इस दौरान कपिल चौधरी, मो शारिक, रुपिन चौधरी ने सैकड़ों लोगो को पार्टी ज्वाइन कराई।

सम्मेलन को पार्टी के राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार,उत्तर प्रदेश खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक तोमर, उत्तराखंड खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष सिद्धान्त चौधरी,विनय प्रधान, देवपाल राठी,महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष कमलप्रीत अरोड़ा, प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी, उदयवीर सिंह, अनुपम खत्री, कपिल त्यागी ने भी संबोधित किया।



## घायल करने का आरोप

**चिलकाना।** घायल अवस्था मे थाना पर पहुंचे ग्राम पठेड़ मुस्तकम निवासी एक युवक ने ग्राम गोवर्धनपुर निवासी चार युवकों पर पुरानी रंजिश के चलते उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घायल करने का आरोप लगाया है।

मन्नू पुत्र बिल्ला निवासी ग्राम पठेड मुस्तकम ने थाना पर तहरीर देकर बताया है कि कुछ दिन पूर्व डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंन्ती पर केक काटने को लेकर विपक्षी बालिन्द्र पुत्र फग्गू, अरुण पुत्र बालिन्द्र, अंजू पुत्र कल्लू व सलेन्द्र पुत्र फग्गू निवासी ग्राम गोवर्धनपुर के साथ उसकी कहासुनी हो गयी थी तभी से यह लोग उससे रंजिश रखने लगे। आज जब वह अपनी लेबर में मजदूरी पर ले जाने के लिये एक मजदूर को अपने पडोस में ही लेने के लिये गया तो वही पर पुरानी रंजिश के कारण विपक्षीगण उपरोक्त ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी।

# भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं:डा.अशोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रद. ेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष डा. अशोक मलिक ने कहा कि भ्रष्ट अधिकारियों को बेनकाब किया जायेगा।

डा. अशोक मलिक ने यह बात बीडीएम पब्लिक स्कूल में कही। उन्होने कहा कि आर टी ई से लाभान्वित छात्र-छात्राओं को स्कूल की शुल्क प्रतिपूर्ति व अभिभावकों को प्रोत्साहन राशि ड्रेसों व किताबों का पैसा न मिलने के कारण विद्यालय के प्रधानाचार्यो ने बच्चों को लीविंग सर्टिफिकेट देकर विभिन्न स्कूलों के करीब 110 बच्चों को संस्था से नाम काटकर बाहर निकाल दिया और करीब1000 से अधिक बच्चो का भुगतान बकाया है। उन्होने कहा कि बकाया भुगतान नहीं तो निजी स्कूलों में गरीब दुर्बल वर्ग के आर टी ई के बच्चों को नहीं पढ़ाएंगे शिक्षा विभाग में भ्रष्ट अधिकारियों कर्मचारियों को बैंनकॉब किया जायगा शिक्षा विभाग कुछ स्कूलों को पूरा भुगतान करते आ रहे हैं और कुछ स्कूलों का आधा अधूरा भुगतान किया जा रहा है और बहुत से स्कूल जिनको आज तक कोई भुगतान नहीं किया गया है कुछ स्कूलों का पैसा भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गया।



## बिजलीघर का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** बढ़ती गर्मी के कारण विद्युत उपकरणों में आने वाली समस्याओं की दृष्टिगत तथा अन्य व्यवस्थाओं को लेकर अधिशासी अभियंता देवबंद मृत्युंजय शाही तथा विद्युत वितरण उपखंड अधिकारी नागल लक्ष्मीकांत बिंद द्वारा क्षेत्र के भलस्वा ईसापुर बिजली घर का औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होने संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। आपूर्ति रजिस्टर, बिजली घर के ट्रांसफार्मर एवं अन्य व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच करते हुए कहा कि क्षेत्र को शासनादेश के अनुसार निर्धारित समय की अवधि के अंतर्गत कटौती मुक्त विद्युत आपूर्ति दी जानी चाहिए। क्षेत्र में यदि ट्रांसफार्मर के फूंकने जैसी या अन्य समस्या आती है तो अधिकारी एंव कर्मचारी समय अवधि के अंतर्गत विद्युत आपूर्ति सुचारू करने का काम करें।

# बेहट में विधायक आशु मलिक का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** सहारनपुर देहात विधान सभा सपा के कद्दावर नेता एवं विधायक आशु मलिक का कस्बे में पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

शुक्रवार देर शाम सपा विधायक आशु मलिक गांव नौगावा में एक प्रोग्राम में आना था जैसे ही कार्यकर्ताओं, समर्थकों को उनके आने का पता लगा तो सपा कार्यकर्ता कस्बे के बस स्टैंड पर एकत्र हुए जैसे ही विधायक आशु मलिक का काफिला आया तो कार्यकर्ताओं ने विधायक की गाड़ी को रोक कर विधायक आशु मलिक का फूल मालाएं डालकर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक आशु मलिक ने कहा कार्यकर्ताओं, समर्थको ने जो सम्मान उन्हें दिया है वो हमेशा याद रहेगा उन्होंने कहा कि सपा ही जनता के हर मुद्दों एवं विकास के लिए लड़ने का काम कर रही है जिस के चलते सपा का जनाधार बढ़ रहा है और आने वाले समय में प्रदेश में सपा की सरकार होगी और विकास कार्य होगे। इस अवसर पर टीपू सुल्तान शाहनवाज सिद्दीकी, हामिद खान, राशिद दिलशाद शेख, साजिद, नसीम, अदनान, सुभान कुरैशी, साजिद कुरैशी, नईम बबलू मोबीन राव, शहजाद, गुलबहार सहित कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

# श्रीमद भागवत कथा को दिया गया विश्राम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री रामेश्वर धाम मंदिर के आदित्य वार्षिकोत्व के उपलक्ष में चल रही श्रीमद भागवत कथा को आज अंतिम अध्याय के साथ विश्राम दिया गया।

श्याम नगर कॉलोनी में स्थित मंदिर परिसर में चल रही भागवत कथा में आज अंतिम दिन ऋतिक कौशिक महाराज द्वारा भागवत कथा का अंतिम अध्याय का पाठ कर बताया कि जहाँ योगेश्वर भगवान कृष्ण हैं और जहाँ धनुर्धर अर्जुन हैं, वहाँ निश्चित रूप से समृद्धि, विजय, ऐश्वर्य और अडिग नीति, संशय से बाहर निकलकर कर्म को पहचानने वाला व्यक्ति ही सर्वश्रेष्ठ कहलाता है। उन्होंने कहा किजो हुआ, वह अच्छे के लिए हुआ जो हो रहा है, वह अच्छे के लिए हो रहा है जो होगा, वह भी अच्छे के लिए होगा। नगर विधायक राजीव गुंबर ने भी कथा में पहुंचकर प्रभु का आशीर्वाद लिया।

श्री रामेश्वर धाम मंदिर समिति के अध्यक्ष मधुकर कश्यप ने महाराज जी को तिलक करके याजमन किया। संयोजक पारुल कश्यप सभी भक्तों को भाव विभोर होकर पुष्प वर्षा की तथा पूर्ण विराम के बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया।

इस अवसर पर योगेश बंसल, विवेक जैन, मणि गुप्ता, नीरज वर्मा, सुनील कुमार सिंघल, अमन घाट वाले, पंकज, मिंटू, सरस, सुभाष, पप्पू, देवेंद्र, पंकज, मिंटू चड्ढा, राहुल माहेश्वरी, पार्षद ज्योति प्रणामी, मयंक गर्ग, अमित सैनी, आदित्य शर्मा, जयवीर, अमित कश्यप, सनोज कश्यप, अर्चना कश्यप ने धर्म लाभ उठाया।



# शराब की दुकानों व चैकपोस्टों का निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** संयुक्त आबकारी विभाग की टीम ने संयुक्त आबकारी आयुक्त मेरठ सुनील कुमार मिश्र के नेतृत्व में अनेक शराब दुकानों और चेक पोस्टों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंनें दुकानों के रजिस्टर, शराब के होलोग्राम और ओवर रेटिंग भी चेक की।

संयुक्त आबकारी आयुक्त मेरठ सुनील कुमार मिश्र अचानक सहारनपुर पहुंचे तथा विभिन्न दुकानों और चेकपोस्टों का निरीक्षण किया। निरीक्षण उन्होंने दुकानों के ओवर रेटिंग, होलोग्राम और रजिस्टर चेक किए। श्री मिश्र ने आबकारी निरीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि शराब की दुकानों और चेकपोस्टों की लगातार चौकिंग की जानी चाहिए तथा दबिशें देकर इन पर हो रही अनियमितताओं पर रोक लगानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा से आने वाली देसी शराब की तस्करी पर भी लगाम कसनी चाहिए क्योंकि इससे राजस्व की हानि हो रही है जिसे बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी शराब की दुकान पर ओवररेटिंग होती है तो उस पर तुरंत जुर्माना लगाना चाहिए। इस दौरान जिला आबकारी अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह, सहायक आबकारी आयुक्त निरंकार नाथ पांडे, आबकारी निरीक्षक शैलेंद्र कुमार, आबकारी निरीक्षक राजकमल सिंह चौहान, आबकारी निरीक्षक अरुण कुमार सिंह, आबकारी निरीक्षक अक्षय कुमार मौजूद रहे।

# शिविर में रेलवे पेंशनर्स के दांतों का परीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रेलवे पेंशनर्स समाज एवं एक दंत डेंटल केयर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित नि:शुल्क दंत परीक्षण शिविर में 41 वरिष्ठ के दांतों का परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया।

रेलवे कालोनी स्थित रेलवे पेंशनर्स समाज के कार्यालय पर आयोजित शिविर में डेंटल सर्जन डा. राजरानी ने वरिष्ठ जनों के दांतों का परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श दिया। डॉ राजरानी ने 41 वरिष्ठजनों के दांतों परीक्षण किया। उन्होंने वरिष्ठ जनों को दांतों की सुरक्षा के उपाय बताते हुए कहा कि वह अपने दांतों में सुबह एवं रात को सोने से पहले ब्रश अवश्य करें, ज्यादा ठंडा, ज्यादा गर्म, ज्यादा सख्त खाने से परहेज करें, दांतों के बीच फंसे हुए खाद्य कणों को खाने के बाद ब्रश से निकाल दें, सही संतुलित आहार लें, धूम्रपान तथा मसाला, गुटखा, तंबाकू आदि खाने से बचें। दांतों में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत दांतों के डॉक्टर को दिखाएं। उन्होंने उनके क्लीनिक पर आकर दिखाने वाले सदस्यों को उपचार में रियायत की घोषणा भी की। शिविर के दौरान प्रदीप सहगल ने सहयोग किया। इससे पूर्व संस्थापक आर. सी. शर्मा, अध्यक्ष जे. एन. शर्मा, महामंत्री एन. एस. चौहान तथा कोषाध्यक्ष अजय शर्मा ने डा. राज रानी को स्कन्ध वस्त्र पहना कर एवं संस्था की पत्रिका भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान जगदीश शर्मा, मूलचंद रांगड़ा, स्वतंत्र भारद्वाज, देवेंद्र कुमार, अमरनाथ त्यागी, जयदेव सिंह, अमरनाथ, मीना कटारिया, विजय तलवार, इकबाल अजीम, हरीश कुमार, अशोक शर्मा, अरविंद शर्मा, विजय त्यागी, जुगल, इंद्रजीत कुमार, श्रीकृष्ण आर्य, बलजीत जायसवाल, वेद प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## टक्कर से घायल

**बेहट।** शाकंभरी देवी रोड पर तेज गति से आ रही कर ने बाइक पर दूध ले जा रहे एक व्यक्ति को टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया।

शुक्रवार की देर शाम कोतवाली क्षेत्र के शाकंभरी देवी रोड स्थित बेलका के पास हादसा हुआ,तेज रफ्तार से आ रही कार ने दूध लेकर बेहट जा रहे बाइक सवार साजिद पुत्र गफूर निवासी गांव पाजराणा हाल निवासी मौहल्ला मनिहारान कस्बा बेहट को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दूधवाला गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही कोतवाली बेहट पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण करने के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने एक्सीडेंट करने वाली कार को अपने कब्जे में ले लिया।

# आतंकवाद को लेकर पाखंड पर दिल्ली सख्त

## भारत ने पाकिस्तान की संयुक्त राष्ट्र में की कड़े शब्दों में निंदा

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र (संरा) में पाकिस्तान की इस बात के लिए कड़े शब्दों में निंदा की है कि वह भारत में आतंकवादी हमलों को प्रायोजित करने और निर्दोष नागरिकों की हत्या करने के अपने पाखंडी व्यवहार के साथ-साथ आम नागरिकों की सुरक्षा की बात भी कर रहा है।

संरा में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पी-हरीश ने शनिवार को यहां संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की वर्तमान समय में उभरते खतरों से निपटने, नागरिकों, मानवीय एवं संयुक्त राष्ट्र कर्मियों और पत्रकारों एवं मीडिया पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा जवाबदेही तंत्र को बढ़ावा देने के मसलों पर हुई खुली बहस के दौरान अपने संबोधन में यह बात कही। हरीश ने कहा कि अपनी सीमाओं के पार से आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले देश के लिए नागरिकों की सुरक्षा पर चर्चा में भाग लेना भी अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का अपमान है। हरीश ने 'एजेंडा' पत्र 'सशस्त्र संघर्ष में नागरिकों की सुरक्षा' के तहत संबोधन में कहा कि भारत ने अपनी सीमाओं के पार से दशकों तक पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी हमलों का सामना किया है। ऐसे देश (पाकिस्तान) के लिए नागरिकों की सुरक्षा पर



**पिछले चार दशकों में आतंकवादी हमलों में 20000 से अधिक भारतीय लोगों की जानें गई हैं**

चर्चा में भाग लेना भी अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का अपमान है। पाकिस्तान के सभी तर्कों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि वह कई मुद्दों पर पाकिस्तानी प्रतिनिधि के बेबुनियाद आरोपों का जवाब देने के लिए बाध्य हैं। कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या के बाद भारत के पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए राजदूत हरीश ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तानी सेना ने जानबूझकर हमारे सीमावर्ती गांवों पर गोलाबारी की जिसमें 20 से अधिक नागरिक मारे गए और 80 से अधिक घायल हो गए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने जानबूझकर गुरुद्वारों, मंदिरों और कॉन्वेंट जैसे स्थलों के साथ-साथ सभी चिकित्सा सुविधाओं को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि इस तरह के व्यवहार के बाद इस संगठन में उपदेश देना घोर पाखंड है। इससे पहले उन्होंने सिंधु जल संधि के बारे में गलत सूचना फैलाने के लिए पाकिस्तान को फटकार लगाते हुए कहा कि उसने भारत के खिलाफ तीन युद्ध और हजारों आतंकवादी हमले करके संधि की भावना का उल्लंघन किया है। उसके इस बर्ताव से नागरिकों का जीवन, धार्मिक सद्भाव और आर्थिक समृद्धि प्रभावित होती है। हरीश ने कहा कि हम सिंधु जल संधि के संबंध में पाकिस्तान के प्रतिनिधिमंडल द्वारा फैलाई जा रही गलत सूचना का जवाब देने के लिए बाध्य हैं। भारत ने एक ऊपरी तटवर्ती देश के तौर पर हमेशा ही जिम्मेदाराना कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि पिछले चार दशकों में आतंकवादी हमलों में 20000 से अधिक भारतीय लोगों की जानें गई हैं, जिनमें से सबसे हालिया पहलगाम में पर्यटकों पर किया गया नृशंस आतंकवादी हमला था।

## ऑस्ट्रेलिया में बाढ़ के कारण दस हजार संपत्तियां क्षतिगस्त

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) में बाढ़ के कारण लगभग दस हजार संपत्तियों के क्षतिग्रस्त होने का अनुमान है। राज्य के आपातकालीन सेवा प्राधिकरण ने शनिवार को कहा कि शुरुआती अनुमानों से पता चलता है कि राज्य के पूर्वी क्षेत्रों में बाढ़ के पानी में 10000 से अधिक संपत्तियां क्षतिग्रस्त हो गई। राज्य आपातकालीन सेवा (एसईएस) के मुख्य अधीक्षक पॉल मैकक्वीन ने आज सुबह संवाददाताओं को बताया कि क्षति आकलन प्रक्रिया शुरू करने के लिए टीमें रवाना होंगी। उन्होंने कहा कि मैं दोहराता हूं कि यह अभी भी एक खतरनाक स्थिति है जहां बुनियादी ढांचे और संपत्तियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की संभावना है। दुर्भाग्यवश जब तक पानी के स्तर में और कमी नहीं हो जाती तब तक लोगों को अपने घरों में वापस जाने देना संभव नहीं है तथा हमें विश्वास है कि वे अपने घरों और समुदायों तक सुरक्षित पहुंच सकेंगे। एनएसडब्ल्यू पुलिस ने शुक्रवार शाम को एक बयान में कहा कि बचाव अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित मध्य उत्तरी तट पर एक जले हुए वाहन के अंदर एक शव मिला। यह लगातार पांच दिनों की मूसलाधार बारिश के बाद मध्य उत्तरी तट और आसपास के क्षेत्रों में आई व्यापक बाढ़ की समस्या में पांचवीं मौत है।



**जम्मू-कश्मीर।** पूंछ में एक स्कूल के दौरे के दौरान कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

## मैक्सिको 3.5 प्रतिशत धन हस्तांतरण कर का विरोध करने के लिए अमेरिका भेजेगा एक राजनयिक मिशन

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको सरकार ने अमेरिका में रह रहे उसके नागरिकों के स्वदेश धन भेजने पर 3.5 प्रतिशत कर लगाने के ट्रम्प प्रशासन के फैसले का विरोध किया है और इस पर बातचीत करने के लिए एक राजनयिक मिशन अमेरिका भेजने का निर्णय लिया है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने कहा कि अमेरिका के इस निर्णय से वहां रह रहे लाखों मेक्सिको के नागरिकों पर गंभीर असर पड़ेगा। सुशिनबाम ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में अमे. रिकी प्रतिनिधि सभा द्वारा गुरुवार को पारित प्रस्ताव को अस्वीकार किया और अमेरिका में मेक्सिको के समुदाय से इसके खिलाफ एकजुट होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह एक और टीम अमेरिकी सीनेटरों और सीमा पार हमारे समुदाय के लोगों से बातचीत करने के लिए जाएगी ताकि इसे रो. कने का काम जारी रखा जा सके। गौरतलब है कि धन भेजने पर कर जो शुरू में पांच प्रतिशत प्रस्तावित था और बाद में संशोधित कर 3.5 प्रतिशत कर दिया गया था, अब विचार के लिए अमेरिकी सीनेट के पास जाएगा।

## इमरान ने कसा पाक आर्मी चीफ पर तंज

### कहा: उन्हें खुद को राजा की उपाधि देनी चाहिए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने आर्मी चीफ आसिम मुनीर के फील्ड मार्शल बनने पर तंज कसा है। इमरान ने कहा है कि मुनीर को खुद को राजा की उपाधि देनी चाहिए। जेल में बंद इमरान का यह बयान उनके एक्स पर पोस्ट किया है।

इसमें इमरान ने लिखा माशाअल्लाह, जनरल असीम मुनीर को फील्ड मार्शल बनाया गया है। हालांकि, उन्हें राजा की उपाधि देना ज्यादा अच्छा होता-क्योंकि अभी देश में जंगल का कानून चलता है और जंगल में केवल एक ही राजा होता है। जनरल मुनीर को भारत-पाक संघर्ष के बाद 20 मई को फील्ड मार्शल के पद पर प्रमोट किया गया। वे देश के इतिहास में इस पद पर पहुंचने वाले दूसरे आर्मी चीफ हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ 25 से 30 मई तक



**पाक पीएम शहबाज चार देशों के दौरे पर जाएंगे**

तुर्की, ईरान, अजरबैजान और ताजिकिस्तान का दौरा करेंगे। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक शरीफ इस दौरान इन देशों के साथ कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे और हाल ही में भारत के साथ संघर्ष के समय मदद करने के लिए आभार जताएंगे। बयान में यह भी कहा गया कि शरीफ 29-30 मई को ताजिकिस्तान की राजधानी दुशान्बे में ग्लेशियर्स पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भी भाग लेंगे। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के चेयरमैन बिलावल भुट्टो ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की। बिलावल ने शरीफ से सलाह मांगी कि दुनिया के सामने पाकिस्तान का पक्ष कैसे रखा जाए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बैठक में सीनेटर शेरी रहमान और पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार भी मौजूद थीं। पिछले हफ्ते, शरीफ ने बिलावल को एक हाई लेवल डेलिगेशन की लीडरशिप सौंपी है, जो भारत के साथ हुए तनाव को लेकर दुनिया के सामने पाकिस्तान क पक्ष रखेगा।

## ईरान-अमेरिका के बीच परमाणु समझौते पर बेहतर समझ विकसित हुई: अराघची

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि इटली में 'ईरानी परमाणु दस्तावेजों' पर बातचीत के बाद ईरान और अमेरिका के बीच बेहतर समझ विकसित हुई है। हाल ही में ओमान की मध्यस्थता में अमेरिका-ईरान की अप्रत्यक्ष वार्ता का पांचवां दौर इटली की राधानी रोम में आयोजित की गई थी। अराघची ने शक्रवार को कहा कि यह अमेरिका के साथ हमारी अब तक की सबसे पेशेवर वार्ताओं में से एक थी मुझे लगता है कि अमेरिका को अब हमारी स्थिति के बारे में पता चल गया होगा। उन्होंने कहा कि ओमान ने ईरान और अमेरिका को समझौते तक पहुंचने में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए 'कार्यप्रणाली तंत्र' का प्रस्ताव दिया है।

## ट्रम्प के क्रिप्टो बिजनेस का नया ठिकाना बनेगा पाक

### पीएम शहबाज के बेटे को मिलेगी कमान, दुबई की कंपनी नेटवर्क खड़ा कर रही

**इस्लामाबाद/वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के क्रिप्टो कारोबार की गूंज अब पाकिस्तान पहुंच गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रम्प और उनके परिवार द्वारा समर्थित क्रिप्टो बिजनेस का नया ठिकाना अब पाकिस्तान बनने जा रहा है। इस कंपनी की कमान खुद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बेटे सलमान शहबाज के हाथों में होगी।

दुबई में बनी एक संदिग्ध ब्लाकचेन फर्म हाईलैंड सिस्टम्स के जरिए यह सारा नेटवर्क खड़ा किया जा रहा है। हाईलैंड सिस्टम्स की मदद से पाकिस्तान सरकार ब्लाकचेन और क्रिप्टो माइनिंग तकनीक विकसित करेगी। कंपनी में ट्रम्प के बेटे एरिक ट्रम्प और पाकिस्तान के टाप मिलिट्री कान्ट्रैक्टर्स भी साझेदार हैं। दरअसल ट्रम्प के करीबी निवेशक और क्रिप्टो लाबी पहले से ही अमेरिका में रेगुलेशन की सख्ती से नाराज हैं। ऐसे में वे ऐसे देशों की तलाश में हैं, जहां नियम ढीले हों और सत्ता से



**दुबई में बनी एक संदिग्ध बलाकचेन फर्म हाईलैंड सिस्टम्स के जरिए यह सारा नेटवर्क खड़ा किया जा रहा है**

सीधा तालमेल हो। पाकिस्तान इस समय गढ़ बनकर उभरा है। आर्थिक अस्थिरता और सरकार की अमेरिका के साथ संबंध सुधारने की तत्परता जैसे कारण पाकिस्तान को ट्रम्प के कुनबे के लिए क्रिप्टो हब बनाने के लिए एक आदर्श देश बना रहे हैं। बता दें कि शहबाज सरकार क्रिप्टो को वैध करेंसी के रूप में मान्यता देने की भी योजना बना रही है। सलमान की कंपनी क्रिप्टो माइनिंग के लिए बिजली देगी प्रधानमंत्री शहबाज के बेटे सलमान की अगुवाई वाली एसएसई टेक्नोलाजीज पाकिस्तान की सबसे बड़ी सोलर पैनल इंपोर्टर है। अब ये कंपनी हाईलैंड सिस्टम्स के साथ मिलकर पाकिस्तान में क्रिप्टो माइनिंग नेटवर्क तैयार करेगी। दरअसल, क्रिप्टो माइनिंग में सबसे ज्यादा खर्च बिजली का होता है। इसी समस्या के समाधान के लिए एसएसई टेक्नोलाजीज को इस नेटवर्क का अहम भागीदार बनाया गया है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी पाकिस्तान के सिंध और बलूचिस्तान में सोलर फर्म स्थापित करेगी, जिनकी बिजली से माइनिंग आपरेशंस को चलाया जाएगा। पाकिस्तान क्रिप्टो अपनाने के मामले में अभी दुनिया में नौवें नंबर पर है। अमेरिका से क्रिप्टो ब्लाकचेन और माइ. निंग तकनीक विकसित करने को लेकर हुई डील के बाद इसमें और बढ़त के आसार हैं।

## हंगरी: रूसी ऊर्जा प्रतिबंध के पीछे यूक्रेन का हाथ है

**मास्को/बुडापेस्ट।** हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ऑरबान ने आरोप लगाया है कि रूसी ऊर्जा पर प्रतिबंध लगाने की यूरोपीय नीति के पीछे यूक्रेन का हाथ है और इससे यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं को भारी नुकसान हो सकता है, जो सिर्फ यूक्रेन के हित में है।

ऑरबान ने शुक्रवार को हंगरी के कोसुथ रेडियो के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि पूरे रूसी ऊर्जा संसाधनों पर प्रतिबंध की नीति के पीछे यूक्रेन है। उन्होंने इसे 'यूक्रेनी ऊर्जा खतरा' करार दिया और कहा कि यूक्रेन यूरोप से ऐसी मांगें कर रहा है, जो यूरोप और हंगरी के परिवारों को नुकसान पहुंचाएंगी। उनका कहना है कि योजना रूस से किसी को भी गैस और तेल खरीदने को रो. कने की है। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि यूक्रेन ने रूसी गैस के अपने क्षेत्र से गुजरने पर रोक लगाकर इस योजना की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि टर्कस्ट्रीम पाइपलाइन की वजह से हंगरी ऊर्जा संकट से बच सका। उनके अनुसार, अगर यूक्रेन की यूरोपीय संघ में चल गई, तो हंगरी के परिवारों को हर साल दो अरब यूरो अधिक चुकाने पड़ेंगे, बिजली के बिल दोगुने और हीटिंग खर्च चार गुना हो जाएगा। उन्होंने यूरोपीय संघ के नेताओं की आलोचना करते हुए कहा कि वे अपने नागरिकों की भलाई से ज्यादा रूस को नुकसान पहुंचाने और यूक्रेन की मदद को प्राथमिकता दे रहे हैं। ऑरबान ने कहा कि यह हमारी लड़ाई नहीं है और हम ब्रसेल्स को इसकी कीमत हमसे नहीं वसूलने देंगे। हंगरी के विदेश मंत्री पीटर सिज्जियार्तो ने पश्चिमी यूरोपीय देशों पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया है।

## सिंध नदी परियोजना के खिलाफ फिर हिंसक प्रदर्शन

### राष्ट्रपति जरदारी की बेटी के काफिले पर हमला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की बेटी और सांसद आसिफा भुट्टो के काफिले पर शुक्रवार को भीड़ ने हमला कर दिया। इसका वीडियो शनिवार को सामने आया। पुलिस के मुताबिक आसिफा कराची से नवाबशाह जा रही थीं।

इसी दौरान प्रदर्शनकारियों ने उनके काफिले को रोका और विवादित नहर परियोजना और कार्पोरेट खेती के खिलाफ नारे लगाए। कुछ लोगों ने काफिले की गाड़ियों पर डंडों से हमला कर दिया। आसिफा के साथ मौजूद सुरक्षा टीम और हैदराबाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और उनकी गाड़ी को सुरक्षित



**चार दिन पहले गृहमंत्री का घर जलाया था**

वहां से निकाल लिया। इस पूरी घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। पाकिस्तान सरकार सिंध नदी पर नहर बनाने की प्लानिंग कर रही है। इससे स्थानीय लोग नाराज हैं। नाराज लोगों ने मंगलवार को सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजर का घर जला दिया था। हमला करने वाली भीड़ में कई बच्चे भी थे, जिन्होंने लाठी-डंडे से हमला किया। इलाके के एसएसपी जफर सिद्दीकी ने मीडिया को बताया कि काफिला एक मिनट से भी कम समय के लिए रुका था और आसिफा या उनके सुरक्षा कर्मियों को कोई नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने कहा: शांतिभंग करने वाले प्रदर्शनकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पाकिस्तान में प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजर का घर जला दिया था।

## अमेजन की जनजाति ने न्यूयॉर्क टाइम्स पर किया 18 करोड़ डॉलर की मानहानि का दावा

**लंदन।** ब्राजील में अमेज़न के जंगलों के निवासी एक जनजातीय समूह ने अमेरिका के प्रभावशाली अखबार 'दि न्यूयॉर्क टाइम्स' के खिलाफ एक रिपोर्ट को लेकर 18 करोड़ डॉलर की मानहानि का मुकदमा दायर किया है, जिसमें जनजातीय समूह को 'पोर्न का शौकीन' बताया है। दि गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, सुदूर जावरी घाटी की अमेज़न के जंगलों में रहने वाली मारुबो जनजाति ने इंटरनेट तक पहुंच प्राप्त करने के बाद उन्हें तकनीक और पोर्नोग्राफी का आदी होने के रूप में गलत तरीके से चित्रित करने के लिए अमेरिकी दैनिक पर मुकदमा दायर किया और 18 करोड़ डॉलर (करीब 1500 करोड़ रुपये) का हर्जाना मांगा है। मुकदमे में कहा गया है कि न्यूयॉर्क टाइम्स ने करीब दो हजार लोगों के समुदाय मारुबो जनजाति को इस तरह से पेश किया कि वे इंटरनेट पाने के बाद बहक गए हैं।

## बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार बने रहेंगे यूनुस

**ढाका।** बांग्लादेश में जारी राजनीतिक उथल पुथल के बीच सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस अपने पद पर बने रहेंगे। इससे पहले माना जा रहा था कि वो राजनीतिक और सैन्य दबाव के चलते इस्तीफा दे सकते हैं।

मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को सलाहकार परिषद की एक बैठक बुलाई थी। इस बैठक के बाद प्लानिंग एडवाइजर वाहिदुद्दीन महमूद ने कहा: मोहम्मद यूनुस हमारे साथ बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि हम लोगों को भी नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। न्यूज एजेंसी यूएनबी के मुता. बिक सलाहकार परिषद की एक बैठक के बाद जल्द मंत्रियों के साथ बैठक होगी। वहीं, सेना प्रमुख वकार-उज-जमां ने स्पष्ट रूप से दिसम्बर तक चुनाव कराने का अल्टीमेटम दिया है। दूसरी ओर,

**इमरजेंसी बैठक के बाद फैसला, सेना ने दिसम्बर तक चुनाव कराने का अल्टीमेटम दिया**

विपक्षी दल बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी के बीच चुनाव को लेकर चर्चा और सड़कों पर संघर्ष की रणनीतियां बन रही हैं। नेशनल सिटिजन पार्टी (एनएसपी), जमात-ए-इस्लामी के स्टूडेंट विंग छात्र शिबिर और वामपंथी छात्र संगठनों ने एकमत होकर कहा है कि जब तक पिछली सरकार के दौरान हुई हिंसा और हत्याओं की निष्पक्ष जांच नहीं होती, चुनाव का कोई मतलब नहीं। एनसीपी के छात्र नेता नाहिद इस्लाम का कहना है कि अगर देश के सभी वर्ग इस तरह असहयोग करेंगे तो डा. यूनुस इस्तीफा दे देंगे।

## अमेरिका ने यूरोपीय संघ पर कसा शिकंजा

### डोनाल्ड ट्रम्प ने की ईयू पर आयात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा

**वाशिंगटन/ब्रुसेल्स।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को यूरोपीय संघ (ईयू) से सभी आयात पर एक जून से 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की और कहा व्यापार वार्ता बेनतीजा रही। ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर लिखा कि यूरोपीय संघ दशकों से अमेरिका का शोषण कर रहा है।

उन्होंने ईयू पर भारी व्यापारिक बाधाएं, वैट टैक्स, ज्यादा कॉरपोरेट जुर्माने, मुद्रा में हेरफेर और अनुचित मुक. दमों का आरोप लगाया, जिससे हर साल 250 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हो रहा है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति ने कहा कि ईयू के साथ समझौता करना 'बहुत मुश्किल' रहा है। ट्रम्प ने लिखा कि ईयू के साथ हमारी बातचीत कहीं नहीं पहुंची है, इसलिए मैं एक जून 2025 से सीधे 50 प्रतिशत टैरिफ की सिफारिश कर रहा हूं। बाद में राष्ट्रपति कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मैं किसी सौदे की तलाश में नहीं हूं, टैरिफ 50 प्रतिशत तय है। लेकिन अगर वे यहां प्लांट बनाएंगे, तो कोई टैरिफ नहीं लगेगा। राष्ट्रपति ने दावा किया कि ईयू समझौता करना चाहता है, लेकिन सही तरीके से नहीं करता। ट्रम्प की टिप्पणियां ऐसे समय आई जब कुछ घंटों बाद ही अमेरिका और ईयू अधिकारियों की व्यापार वार्ता होनी थी, जो अब अधर में लटक गई है। वहीं यूरोपीय आयोग ने कहा कि वह बातचीत



के लिए तैयार है, लेकिन ज़रूरत पड़ी तो जवाब देने को भी तैयार है। ईयू के व्यापार आयुक्त मारोश शेफचोविच ने कहा कि यूरोपीय संघ- अमेरिकी व्यापार बेजोड़ है और इसे आपसी सम्मान से चलना चाहिए, धमकियों से नहीं। हम अपने हितों की रक्षा के लिए तैयार हैं। जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वाडेफुल ने इस कदम पर चिंता जताई और चेतावनी दी कि दंडात्मक टैरिफ दोनों अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे टैरिफ किसी की मदद नहीं करेंगे, बल्कि दोनों बाजारों की आर्थिक विकास गति धीमी करेंगे। आयरलैंड के प्रधानमंत्री माइकल मार्टिन ने कहा कि ईयू ने 'सच्चे इरादे' से काम किया है और टैरिफ दोनों पक्षों के लिए नुकसानदेह होंगे। उन्होंने कहा कि वार्ता ही एकमात्र स्थाई रास्ता है। फ्रांस के विद. ेश मंत्री लॉरेंट सेंट-मार्टिन ने भी संयम का आह्वान करते हुए कहा कि हम शांति चाहते हैं, लेकिन जवाब देने को भी तैयार हैं। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेंसेंट ने कहा कि ईयू के अंदर मतभेद वार्ताओं में बाधा बन रहे हैं और कुछ सदस्य देशों को ब्रुसेल्स की बातचीत की शर्तों की जानक. ारी नहीं है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ट्रम्प का टैरिफ धमकी ईयू को सक्रिय करेगी। राष्ट्रपति ने ऐप्पल से जुड़ी पुरानी लड़ाई भी फिर शुरू की और अमेरिका में न बने आईफोन पर 25 प्रतिशत आयात कर लगाने की धमकी दी, जिसे विशेषज्ञों ने अवास्तविक बताया।

## गाजा में प्रवेश करने वाले बहुत से ट्रकों को भूखे लोगों ने लूट लिया: संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** इजरायली हमलों से गाजा में हालात इतने खराब हो गए हैं कि ज्यादातर लोग भुखमरी से मरने लगे हैं और मानवीय सहायता के तौर पर भेजे जाने वाले बहुत से ट्रकों को हाल ही में गाजावासियों ने लूट लिया है। संयुक्त राष्ट्र के अध्यक्ष एंटोनियो गुटेरस ने कहा कि गाजा इस समय सबसे खराब समय का सामना कर रहा है।

इजरायल ने लंबे समय की पाबंदी के बाद जब गाजा वालों के लिए राहत सामग्री वाले ट्रकों को जाने की इजाजत दी तो कई ट्रक रास्ते में ही लूट लिए गए। गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने आज यहां यह जानकारी देते हुए कहा कि हमने लगभग 100 ट्रकों को केरेम शालोम (करेम अबू सलेम) में भेजा और क्रॉसिंग के फलस्तीनी वाले छोर से लगभग 35

**यह उन लोगों द्वारा की गई लूट है जो हताशा और भूख का सामना कर रहे हैं: फरहान हक**

ट्रकों को भेजा ताकि उन्हें गाजा में उन जगहों के करीब लाया जा सके जहां लोगों को उनकी ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि लेकिन बुधवार को निवासियों ने आटे से भरे छह ट्रकों को रोक कर उन्हें लूट लिया। हक ने कहा शुक्रवार रात 15 अन्य ट्रकों को भी इसी तरह लूटा गया। हमारा मानना है कि ये संगठित आपराधिक लूटपाट के मामले नहीं हैं। यह उन लोगों द्वारा की गई लूट है जो हताशा और भूख का सामना कर रहे हैं। गौरतलब है कि इज़रायल ने लंबे समय से यह तर्क दिया है कि गाजावासियों को दी जाने वाली अंतरर्राष्ट्रीय सहायता का अधिकांश हिस्सा आतंकवादी संगठन हमास को पहुंचा दिया जाता है जो फलस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एजेंसी की मौन स्वीकृति के साथ ही संभव हो रहा है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र ने इस आरोप का दृढ़ता से खंडन किया है। उप प्रवक्ता ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के कार्यकर्ता स्थानीय समुदायों के साथ विश्वास जीतने के लिए बातचीत कर रहे हैं ताकि भविष्य में लूटपाट न होना इसको सुनिश्चित किया जा सके। हालांकि उन्होंने कहा कि लूटपाट से निपटने का सबसे अच्छा तरीका है कि इन जगहों में अधिक सहायता पहुंचाई जाए ताकि लोगों को ऐसी हताशा का सामना न करना पड़े। पत्रकारों के साथ एक मुलाकात में संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने भी इसी आह्वान को दोहराया।



# आलिया भट्ट ने कान्स फेस्टिवल में किया डेब्यू

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री आलिया भट्ट ने कान्स फिल्म फेस्टिबल में धमाकेदार डेब्यू किया। इन दिनों कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 काफी चर्चा में है।

इस मौके पर कई बॉलीवुड सेलेब्रिटीज अपना जलवा बिखेर रहे हैं। फ्रांस के रिवेरा शहर में चल रहे कांस फिल्म फेस्टिवल 2025 में आलिया भट्ट ने धमाकेदार एंट्री की है। आलिया भट्ट ने इस मौके के लिए सॉफ्ट पेस्टल फ्लारल गाउन चुना, जिसमें शानदार एम्ब्रायडरी और क्लासिक सिल्हूट नजर आ रहा था।

आलिया इस गाउन में एकदम परी जैसी दिख रही थीं। कान्स फिल्म फेस्टिवल के दौरान आलिया भट्ट केली रीचर्ड्ट की हॉलीवुड फिल्म द मास्टरमाइंड की स्क्रीनिंग में शामिल हुई, जिसका प्रीमियर इस फेस्टिवल के दौरान 23 मई को किया गया। कान्स फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू के साथ ही आलिया के ड्रेस सेलेक्शन को लेकर तारीफ मिल रही है।

आलिया भट्ट ने कान्स फिल्म फेस्टिबल से अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। उन्होंने तस्वीरों के कैप्शन में लिखा है, हैलो कान्स। इसके साथ उन्होंने लोरियल पेरिस को टैग किया है, जिसकी ब्रांड एम्बेसडर के तौर पर वे वहां पहुंची हैं।



## थिएटर: द मिथ ऑफ रिएलिटी का ट्रेलर कान्स फिल्म फेस्टिवल में हुआ रिलीज

**कान्स।** सजिन बाबू लिखित-निर्देशित फिल्म थिएटर द मिथ ऑफ रिएलिटी का ट्रेलर प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 -मार्चे दू फिल्म में लॉन्च किया गया। फिल्म थिएटर का आधिकारिक ट्रेलर दिग्गज फिल्म निर्देशक सुधीर मिश्रा ने रिलीज किया। यह ट्रेलर इंडो-जर्मन फिल्म वीक फेस्टिवल के डायरेक्टर स्टीफन ओटनब्रुक के मुख्य आतिथ्य में जारी किया गया। थिएटर द मिथ ऑफ रिएलिटी के ट्रेलर रिलीज के अवसर पर प्रसिद्ध फिल्मकार डॉ. बिजू दामोदरन, अभिनेता प्रकाश बेरे, अभिनेत्री छाया कदम, ट्रांस-मीडिया कंसल्टेंट एम.एन. गुजर और भारत, जर्मनी, चीन व फ्रांस के कई जाने-माने फिल्म निर्माता भी उपस्थित थे।

## माता-पिता को प्राइवेट जेट में उड़ते हुए देखना चाहते हैं राघव जुयाल




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राघव जुयाल अपने माता-पिता को प्राइवेट जेट में उड़ते हुए देखना चाहते हैं। अपने अपरंपरागत आकर्षण और बोल्ड रोल के लिए जाने जाने वाले राघव जुयाल ने हाल ही में एक सस्पेंस से भरपूर एक्शन-थ्रिलर में अपने दमदार अभिनय से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा।

राघव जुयाल ने अपने माता-पिता के लिए अपने सपने के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि मेरे माता-पिता एक निजी जेट में उड़ान भरें। राघव ने कहा, मैं वास्तव में हर काम में मौजूद रहना चाहता हूं। मैं अपने लक्ष्य हासिल करना चाहता हूं। मैं इसके साथ आने वाली सभी सुख-सुविधाएं पाना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि मेरे माता-पिता निजी जेट में उड़ान भरने का अनुभव करें।

# 'एक दिन बिक जाएगा माटी के मोल'

## मजरूह सुल्तानपुरी को गीत के मिले थे 1000 रुपये




**मुंबई।** महान शायर और गीतकार मजरूह सुल्तानपुरी को उनके रचित गीत एक दिन बिक जाएगा माटी के मोल के लिए शोमैन राजकपूर ने 1000 रुपये दिए थे। मजरूह सुल्तानपुरी का जन्म उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर शहर में एक अक्टूबर 1919 को हुआ था। उनके पिता पुलिस में एक उप निरीक्षक थे और वह मजरूह सुल्तानपुरी को ऊंची से ऊंची तालीम देना चाहते थे। मजरूह सुल्तानपुरी ने लखनऊ के तकमील उल तीब कॉलेज से यूनानी पद्धति की मेडिकल की परीक्षा उत्तीर्ण की और बाद में वह हकीम के रूप में काम करने लगे। बचपन के दिनों से ही मजरूह सुल्तानपुरी को शेरो-शायरी करने का काफी शौक था और वह अक्सर सुल्तानपुर में हो रहे मुशायरों में हिस्सा लिया करते थे, जिनसे उन्हें काफी नाम और शोहरत मिली। उन्होंने अपनी मेडिकल की प्रैक्टिस बीच में ही छोड़ दी और अपना ध्यान शेरो-शायरी की ओर लगाना शुरू कर दिया। इसी दौरान उनकी मुलाकात मशहूर शायर जिगर मुरादाबादी से हुई। वर्ष 1945 में सब्बो सिद्धकी इंस्टिट्यूट द्वारा संचालित एक मुशायरे में हिस्सा लेने मजरूह सुल्तान पुरी बम्बई आए। मुशायरे के कार्यक्रम में उनकी शायरी सुन मशहूर निर्माता ए.आर. कारदार काफी प्रभावित हुए और उन्होंने मजरूह सुल्तानपुरी से अपनी फिल्म के लिए गीत लिखने की पेशकश की।

मजरूह ने कारदार साहब की इस पेशकश को ठुकरा दिया क्योंकि फिल्मों के लिए गीत लिखना वह अच्छी बात नहीं समझते थे। जिगर मुरादाबादी ने मजरूह सुल्तानपुरी को तब सलाह दी कि फिल्मों के लिए गीत लिखना कोई बुरी बात नहीं है। गीत लिखने से मिलने वाली धन राशि में से कुछ पैसे वह अपने परिवार के खर्च के लिए भेज सकते हैं। जिगर मुरादाबादी की सलाह पर मजरूह सुल्तानपुरी फिल्म में गीत लिखने के लिए राजी हो गए।




# 1946: डायरेक्ट एक्शन डे की स्क्रीनिंग



**कान्स।** पीपल मीडिया फैक्ट्री की फिल्म 1946: डायरेक्ट एक्शन डे-दि इरेज्ड हिस्ट्री ऑफ बंगाल की स्क्रीनिंग 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में की गई। विजय एलाकांती द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म 1946: डायरेक्ट एक्शन डे-दि इरेज्ड हिस्ट्री ऑफ बंगाल (पूर्व शीर्षक: मां काली) ने 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपनी स्क्रीनिंग के बाद वैश्विक स्तर पर जबर्दस्त सराहना और ध्यान प्राप्त किया। इस प्रतिष्ठित मंच पर फिल्म के मुख्य कलाकार अभिषेक सिंह ने फिल्म के नए शीर्षक का आधिकारिक अनावरण किया, जो भारतीय सिनेमा के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि बन गई। दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित सिनेमा मंचों में से कान्स में फिल्म की स्क्रीनिंग को दर्शकों ने स्टैंडिग ओवेशन और वंदे मातरम के नारों के साथ सराहा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिले फीडबैक के आधार पर, फिल्म निर्माताओं ने ऐसा टाइटल चुना जो वैश्विक दर्शकों से अधिक जुड़ाव बना सके। इस प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए, फिल्म का नाम बदला गया और नया शीर्षक रखा गया: 1946: डायरेक्ट एक्शन डे-दि इरेज्ड हिस्ट्री ऑफ बंगाल, जो फिल्म की ऐतिहासिक विषयवस्तु को अधिक सटीक रूप से दर्शाता है। यह फिल्म 16 अगस्त 1946 की भयानक घटनाओं और साम्प्रदायिक हिंसा पर आधारित है, जिसने भारत के बंटवारे की नींव रखी थी। राइमा सेन और अभिषेक सिंह द्वारा निभाए गए प्रमुख किरदारों ने विभाजन-पूर्व भारत में हिदुओं के संघर्ष और भावनात्मक पीड़ा को बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कान्स में अपने अनुभव को साझा करते हुए अभिषेक सिंह ने कहा, 1946: डायरेक्ट एक्शन डे-दि इरेज्ड हिस्ट्री ऑफ बंगाल जैसी फिल्म का इस ऐतिहासिक मंच तक पहुंचना मेरे लिए बेहद विनम्र और गर्व का क्षण था। यह फिल्म अपने भावनात्मक गहराई के साथ उस इतिहास को सामने लाती है।

जिसे जानना और याद रखना ज़रूरी है। इस नई पहचान के साथ फिल्म को विश्व मंच पर प्रस्तुत करना हम सभी के लिए एक यादगार पल था। मुझे इस शक्तिशाली कथा का हिस्सा बनने पर गर्व है और उम्मीद करता हूं कि यह दुनियाभर के दर्शकों से जुड़ सकेगी। गौरतलब है कि यह फिल्म पहले ही वैश्विक फिल्म समारोहों में 15 पुरस्कार जीत चुकी है, जिनमें जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट पॉलिटिकल फिल्म और स्वीडिश इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट प्रोड्यूसर का खिताब शामिल है। इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर पिछले साल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में हुआ था। टी.जी. विश्व प्रसाद और कृति प्रसाद द्वारा निर्मित यह फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लिए तैयार है।

